CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 13 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 349 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में किराएदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत
पेज 2




वनडे बैटर्स रैंकिंग में कोहली ने बाबर को पीछे छोड़ा
खेल टाइम्स



कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन भयावह
सम्पादकीय




एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रम्प के तेवर
पेज 12

# जनवरी में रची गई ब्लास्ट की साजिश

## दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी लेडी टेररिस्ट, देशभर में रेलवे स्टेशन व मॉल में थी धमाकों की योजना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाका करने वाले आतंकियों का ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से संचालित हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी। फरीदाबाद से गिरफ्तार डा. शाहीन शाहिद ने बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी। शाहीन और उसके साथियों को मिलाकर एक व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल बनाया गया था। यानी इसमें पेशेवर लोगों को शामिल किया गया था। इसमें शामिल आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे।

इधर पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। लाल रंग की इस फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का नंबर डीएल10- सीके-0458 है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम को ही कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया है। यह कार डा. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस सूत्रों ने आशंका जताई थी कि इसमें भी विस्फोटक हो सकता है। दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकियों ने देशभर में 200 बम (आईईडी) से 26/11 जैसे हमले करने की साजिश रची थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली के लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टीट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर जैसी जगह धमाके किए जाने थे। आतंकियों के टारगेट पर गुरुग्राम और फरीदाबाद के साथ देशभर के रेलवे स्टेशनों और बड़े मॉल्स भी थे। जांच एजेंसियों का कहना है कि वे धार्मिक स्थलों पर हमला कर देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग के डाक्टरों को चुना, ताकि वे बिना रोकटोक कहीं भी जा सकें। वहीं दिल्ली में लालकिला के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का नया व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल (आतंकियों का ग्रुप) उजागर हुआ है। इस मॉड्यूल में डाक्टर, प्रोफेसर और महिला सदस्य शामिल थे, जो पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे।





### बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश: हमलावरों ने गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर हमले की रची थी साजिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट के आरोपी डा. मुज़म्मिल और डा. उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लालकिले की रेकी की थी और इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लालकिले को निशाना बनाने की थी। शीर्ष सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि यह मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था। हमने खुलासा किया है कि उसने कथित आत्मघाती हमलावर डा. मुज़म्मिल ने डा. उमर के साथ मिलकर जनवरी के पहले हफ्ते में लालकिले की रेकी की थी। यह जानकारी डा. मुज़म्मिल के फोन के डंप डेटा से प्राप्त की गई थी। यह खुलासा तब हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों को डाक्टर आतंकी मॉड्यूल मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली। 10 नवम्बर को शाम 6:52 बजे लालकिले के बाहर हुए विस्फोट के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

चार अक्टूबर को सहारनपुर में एक शादी में बना था आतंकियों का ग्रुप

अब तक 15 गिरफ्तार, तीन लिए हिरासत में

56 डाक्टरों से पूछताछ, फरीदाबाद के खंदावली गांव से बरामद हुई लाल रंग की इको स्पोर्ट कार

### एनआईए ने कार विस्फोट की जांच के लिए बनाई 10 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच के लिए अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विजय साखरे के नेतृत्व में दस सदस्यीय विशेष टीम गठित की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच की जिम्मेदारी मंगलवार को एनआईए को सौंपी थी। जांच एजेंसी ने एक दिन बाद ही इसके लिए टीम का गठन कर दिया। इस टीम में एक महानिरीक्षक (आईजी), दो उप महानिरीक्षक (डीआईजी), तीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शामिल हैं। एनआईए की जांच में दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि दिल्ली कार विस्फोट के तार पाकिस्तान से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। डा. मुज़म्मिल शकील और अन्य संदिग्धों से पूछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर विस्फोट का पाकिस्तान से संबंध जुड़ रहा है।

### दिल्ली की तरह बंगाल को भी थी दहलाने की साजिश!

**कोलकाता।** देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम को लालकिला के पास हुए एक कार धमाके के बाद पूरे देश में गहमागहमी बढ़ गई है। इतना ही नहीं, इस कार विस्फोट की घटना को लेकर अब नए-नए खुलासे भी हो रहे हैं। इस बीच, पश्चिम बंगाल पुलिस ने बीरभूम जिले से 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद की हैं। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन दोनों घटनाओं में कोई कनेक्शन है और क्या आतंकी दिल्ली की तरह ही बंगाल को भी दहलाने की साजिश रच रहे थे? पुलिस ने बताया कि 50 बैग में भरकर 20 हजार जिलेटिन छड़ों को एक पिकअप वैन से जब्त किया गया। यह वैन पड़ोसी राज्य झारखंड के पाकुड़ से बंगाल जा रही थी। मंगलवार की रात बीरभूम में सुल्तानपुर नलहाटी रोड पर पुलिस ने जांच के दौरान इस पिकअप वैन को पकड़ा। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल ने जेन-जी को दिखाई 2047 के अपने विजन के भारत की तस्वीर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह देश की आजादी के सौ साल पूरा होने पर ऐसे भारत की कल्पना करते हैं, जहां कम हिंसा हो, लोगों में गुस्सा या नफरत हो और सबको अपने हिसाब से जीने की आजादी रहे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर अपने एक पोस्ट में कहा कि उनकी सोच का 2047 का ऐसा भारत होना चाहिए, जहां न हिंसा हो, न नफरत हो और न लोगों में किसी तरह का भय और गुस्सा हो। उन्होंने दो दिन पहले यहां जेन-जी के साथ बातचीत में 2047 के अपने विजन के भारत को लेकर उनके सवालों का जवाब दिया और बुधवार को इसे फेसबुक पर शेयर किया। फेसबुक पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि देश के जेन-जी की बातें और उनके विचारों की गहराई देखकर उन्हें इन बच्चों से बहुत उम्मीद है।

### राजधानी दिल्ली के वजीरपुर में एक्यूआई 459 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देशभर में ठंड का असर दिखने लगा है। मध्य प्रदेश बर्फीली हवाओं से नवम्बर में ही ठिठुर गया है। मंगलवार रात 11 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, अगले 4 दिन तक कोल्ड वेव का अलर्ट है। राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार रात कई शहरों में रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री से नीचे आ गया। मौसम विभाग ने सीकर में चार दिन और टोंक में एक दिन कोल्ड वेव चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इधर, दिल्ली की हवा बेहद खराब हो गई है। बुधवार सुबह औसत एक्यूआई 413 दर्ज हुआ, जो 'गंभीर' श्रेणी में है। वजीरपुर में सबसे ज्यादा 459 रहा। आनंद विहार, चांदनी चौक, बवाना, रोहिणी और आईटीओ समेत ज्यादातर इलाकों में भी हवा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 लागू कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कक्षा-5 तक के छात्रों की ऑनलाइन (हाईब्रिड) तरीके से पढ़ाई और दिल्ली में निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए। इसके अलावा बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों को बैन कर दिया गया है।

### सोने की तस्करी करने वाले गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने ऑपरेशन बुलियन ब्लेज़ के तहत मुंबई में सोने की तस्करी कर उसे पिघलाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 11.88 किलोग्राम सोना ज़ब्त किया है। डीआरआई ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन बुलियन ब्लेज़ के तहत मुंबई में सोने की तस्करी, उसे गुप्त भट्टियों में पिघलाने और परिष्कृत सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने में शामिल एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर दस नवम्बर को मुंबई में चार गुप्त स्थानों पर सोने को पिघलाने वाली दो अवैध इकाइयों और सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने से जुड़ी दो अपंजीकृत दुकानों की तलाशी ली।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग, अलर्ट

**वाराणसी।** मुंबई से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को बीच उड़ान के दौरान बम की धमकी मिलने की सूचना है। इसके बाद वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि विमान की पूरी जांच कर ली गई है। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। विमान को सुरक्षित घोषित किया गया है और अब एयरपोर्ट का संचालन सामान्य हो गया है। जानकारी के अनुसार, सूचना के बाद विमान की तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद उसे आइसोलेशन में भी ले जाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बम निरोधक दस्ते द्वारा विमान की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारी धमकी के स्रोत की जांच शुरू कर चुके हैं। मुंबई से वाराणसी पहुंचे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना से हड़कंप गया था। यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया। सीआईएसएफ के साथ स्थानीय पुलिस भी सर्च ऑपरेशन में शामिल रही। विमान में 182 यात्री सवार थे। वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए।

# मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की ली बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

दिल्ली लाल किला धमाके के बाद मोदी ने यह बैठक ली है। आपॅरेशन सिंदूर के पहले भी मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली थी। बैठक में दिल्ली लाल किला धमाके की अब तक की जांच, सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट और आगे की रणनीति पर बात हो सकती है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी मौजूद हैं। मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान यात्रा से लौटते ही बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल जाकर दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। श्री मोदी विस्फोट के एक दिन बाद मंगलवार को भूटान की दो दिन की यात्रा पर गए थे और बुधवार दोपहर वहां से लौटते ही वह हवाई अड्डे से सीधे अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले। डाक्टरों और अधिकारियों ने उन्हें उपचार से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने विस्फोट में घायल लोगों से बातचीत कर उनकी तबियत के बारे में पूछा और डाक्टरों से उनके उपचार के बारे में जानकारी ली।

अमित शाह, एनएसए डोभाल और राजनाथ भी मौजूद रहे
दिल्ली विस्फोट के घायलों से मिले पीएम

### भाजपा सांसद कंगना रणौत केस में फिर होगी सुनवाई

**आगरा।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ दायर रिवीजन में बुधवार को सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए लोकेश कुमार ने रिवीजन स्वीकार कर 6 मई 2025 को परिवाद में पारित हुए आदेश को निरस्त कर दिया है। अवर न्यायालय को निर्देश दिए हैं कि बीएनएसएस की धारा 225 के प्रावधानों के अनुपालन बाद पत्रावली पर मौजूद तथ्य व साक्ष्यों के आधार पर फिर से सुनवाई करें। 29 नवम्बर को अगली सुनवाई होगी। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितम्बर 2024 को कंगना रणौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब व हरियाणा से पराली जलाने पर मांगी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर में वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट के मद्देनजर पंजाब और हरियाणा सरकारों को पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बुधवार को यह आदेश तब दिया जब पीठ को इस बात से अवगत कराया गया कि दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण को लागू कर दिया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवम्बर को होगी। न्यायालय ने निर्देश दिया कि पंजाब और हरियाणा सरकारें पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों पर प्रतिक्रिया दें। गौरतलब है कि दिवाली के बाद से राजधानी में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया था और वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई थी। पिछले न्यायिक हस्तक्षेपों और नियामक तंत्रों के बावजूद स्थिति हर साल बदतर होती जा रही है। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान उन मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान दिया, जिनमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों पर प्रदूषण के आंकड़ों को -शेष पृष्ठ दो पर



पूछा: पराली जलाने से रोकने को अब तक क्या किया, ग्रैप-3 लागू, लेकिन कोर्ट के बाहर खुदाई

# अक्टूबर में 14 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई दर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर भारी गिरावट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी के बाजार प्रभाव के बीच उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी अक्टूबर के सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2011-12 की कीमतों को आधार बनाकर जारी की जा रही सीपीआई श्रृंखला में यह खुदरा मुद्रास्फीति का न्यूनतम स्तर है। अक्टूबर में खाद्य वर्ग में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर शून्य से 5.02 प्रतिशत नीचे रही। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर में कमी का असर अक्टूबर में हर क्षेत्र के खुदरा मूल्यों पर परिलक्षित हुआ है। जीएसटी की दरों में कमी का फैसला 22 सितम्बर से लागू हुआ था। अक्टूबर में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति शून्य से 0.25 प्रतिशत नीचे रही, जबकि शहरी इलाकों में खुदरा मूल्य सालाना आधार पर 0.88 प्रतिशत ऊपर थे। सितम्बर में खुदरा मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी और माह के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 1.07 प्रतिशत और 1.83 प्रतिशत दर्ज की गई थी। पिछले साल अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत थी। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अक्टूबर 2025 के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी में गिरावट, अनुकूल आधार प्रभाव और तेल एवं वसा, सब्जियां, फल, अंडे, जूते, अनाज और उत्पाद, परिवहन और संचार आदि की मुद्रास्फीति में गिरावट के पूरे महीने के प्रभाव के कारण है। अक्टूबर में सब्जियों की खुदरा कीमतें सालाना आधार पर 27.57 प्रतिशत नीचे थीं, जबकि दालों और उसके उत्पादों के भाव 16.15 प्रतिशत तथा मसालों के भाव औसतन 3.29 प्रतिशत नीचे थे। इसके विपरीत माह के दौरान खाद्य तेलों का औसत खुदरा भाव 11.17 प्रतिशत ऊंचा था जबकि फलों की कीमतें 6.69 प्रतिशत ऊंची चल रही थीं। इस दौरान पर्सनल केयर और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों की खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 23.88 प्रतिशत और 3.86 प्रतिशत दर्ज की गई।

जीएसटी की दरों में कमी के बीच मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आई



# हम एक देश हैं, हिंदी बोलने को मजबूर करना, लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में केरल के दो छात्रों से मारपीट की घटना पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि हम एक देश हैं। हिंदी बोलने को मजबूर करना , लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हाल ही में दिल्ली में एक व्यक्ति के साथ हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें छात्रों को हिंदी बोलने के लिए मजबूर किया गया। पारंपरिक पोशाक लुंगी पहनने पर उनका मजाक उड़ाया गया। यह घटना लालकिले के पास हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव के मामलों को लेकर गंभीर होना चाहिए। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि देश में सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव से लोगों को निशाना बनाना दुखद है। दोनों छात्र दिल्ली यूनिवर्सिटी के जाकिर हुसैन कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र हैं। उन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों ने पीटा।

केरल के छात्रों से मारपीट का मामला

## संक्षिप्त समाचार

### सपा के 'विज़न इंडिया' को रफ्तार देंगे राजीव-अभिषेक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महत्त्वाकांक्षी राष्ट्रीय कार्यक्रम 'विज़न इंडिया: प्लान, डेवलप एंड एसेंट' को नया नेतृत्व मिल गया है। बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसकी औपचारिक घोषणा सोशल मीडिया मंच एक्स पर करते हुए कहा कि सपा सांसद राजीव राय को कार्यक्रम का चीफ् कॉर्डिनेटर और पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र को कोर कन्वेनर नियुक्त किया गया है। यह निर्णय कार्यक्रम के अगले चरण को और अधिक प्रभावी तथा व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से लिया गया है।

### लखनऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

**लखनऊ।** लखनऊ के थाना नगराम क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। एक के बाद एक कई विस्फोटों से आसपास का इलाका दहल उठा। नगराम के छतौनी रोड पर खेतों में स्थित इस फैक्ट्री में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थाना नगराम की पुलिस टीम, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

### आरपीएफ टीम ने 15 बच्चों को बचाया

**वाराणसी।** वाराणसी की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जंक्शन पहुंचकर ट्रेन की बोगी में सवार 15 बच्चों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया और तीन को गिरफ्तार भी किया। बताया जा रहा है कि इन बच्चों को तस्कर राजकोट में बाल श्रम के लिए ले जा रहे थे। सभी बच्चों को कैंट रेलवे स्टेशन पर उतारा गया।

# कश्मीर पुलिस ने जमात-ए-इस्लामी के ठिकानों पर मारे छापे

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया और प्रतिबंधित समूह के सदस्यों और सहयोगियों के ठिकानों की तलाशी ली।

पुलिस ने समन्वित अभियानों में कुलगाम में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे, जबकि अन्य सुरक्षा बलों के सहयोग से सोपोर, जैंगीर और राफियाबाद में 25 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। गौरतलब है कि 28 फरवरी, 2019 को जेईआई को एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था और 2024 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गति. विधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 के तहत प्रतिबंध को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कुलगाम में छापेमारी के दौरान जेईआई सदस्यों और सहयोगियों के घरों और परिसरों को निशाना बनाया। यह छापेमारी जमीनी स्तर पर समर्थन और आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कुलगाम में छापे जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के घरों और परिसरों पर मारे गए। यह जमीनी स्तर पर आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और उसके समर्थन ढांचे को खत्म करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। उत्तरी कश्मीर के सोपोर उप-जिले में पुलिस ने आज कई तलाशी अभियान चलाए। अन्य सुरक्षा बलों की सहायता से सोपोर, जैंगीर और राफियाबाद क्षेत्रों में 25 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। पुलिस ने कहा कि यह तलाशी विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर आधारित थी, जिसमें ऐसे संकेत मिले थे कि जेईआई से जुड़े तत्व विभिन्न मोर्चों पर अपनी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं सोपोर में अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन से जुड़े दस्तावेजों, डिजिटल गैजेट्स और मुद्रित सामग्री सहित बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और विस्तृत जांच के लिए जब्त कर ली गई।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईए जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टरों की करेगी जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) पिछले महीने श्रीनगर के नौगाम में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के पोस्टरों की जांच करेगी। इस मामले में पहले ही जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिद (एजीयूएच) से जुड़े एक बड़े अंतर्राज्यीय आतंकी नेटवर्क का खुलासा हो चुका है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अब तक की जांच में तीन डॉक्टरों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हरियाणा के फरीदाबाद से लगभग 3,000 किलोग्राम इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) निर्माण सामग्री बरामद की गई है।

# इंटेलिजेंस को ही खत्म कर देना चाहिए

## दिल्ली विस्फोट पर अखिलेश ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कुर्सी हिलने के डर से सीएम दे रहे हेट स्पीच

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दिल्ली धमाके को लेकर इंटेलीजेंस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बार-बार विफलता के कारण इंटेलीजेंसी विभाग को ही खत्म कर देना चाहिए। वह समा. जवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे।

बैठक में 8 हजार से अधिक कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई। पार्टी ने अपने नेताओं और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं, ताकि संगठन बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से सक्रिय रहे। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी एसआईआर को लेकर पूरी तरह सजग है। हम एसआईआर से घबराने वाले नहीं हैं। हमारे पीडीए प्रहरी लगातार काम में जुटे हैं, ताकि किसी समाजवादी का वोट कट न जाए। जिनका नाम सूची में नहीं है, उनका नाम जुड़वाने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। समय-समय पर हमें जानकारी देंगे। हमार एसआईआर पीडीए प्रहरी और हम लोग इलेक्शन कमीशन से शिकायत करेंगे। यह भारतीय जनता पार्टी की साजिश है कि आप कन्फ्यूज रहे और आप वोट बनवाने में ही व्यस्त हो जाए और जो सवाल है वो ना कर पाएं। एसआईआर पीडीए प्रहरी बनाने का हमारा मकसद यह था कि एक भी जगह समाजवादी पार्टी का वोट कट न पाए। दिल्ली लाल किले के पास हुए धमाके को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमने भूटान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान सुना, जिसमें उन्होंने आश्वा. सन दिया था कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गायत्री प्रजापति पर हमले की न्यायिक जांच की मांग खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** जिला जेल कारागार लखनऊ में बंद पूर्व मंत्री व बंदी गायत्री प्रसाद प्रजापति पर हुए हमले की जांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराए जाने की मांग कारागार प्रशासन ने खारिज कर दी है।

प्रकरण में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित समन्वित निवारण प्रणाली पर शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी। इस बाबत पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं सुभाष चन्द्र शाक्य ने अपनी रिपोर्ट विशेष सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पोर्टल संख्या 60000250235301 के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर शासन स्तर से जांच पूरी कर ली गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 सितम्बर 2025 की सायंकाल कारागार चिकित्सालय वार्ड में दवा वितरण के दौरान बंदी विश्वास राजपूत और बंदी गायत्री प्रजापति के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान आवेश में आकर विश्वास राजपूत ने अलमारी की लोहे की पटरी से हमला किया, जिससे गायत्री प्रजापति के सिर और दाहिने हाथ में चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया और घायल बंदी को उपचार हेतु केजीएमयू, लखनऊ भेजा गया, जहां उसका इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार अब उनकी स्थिति में सुधार है। वहीं बंदी विश्वास राजपूत को घटना के बाद तत्काल हाई सिक्योरिटी अहाते में स्थानांतरित कर उसके विरुद्ध थाना गोसाईगंज, लखनऊ में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## किराया अनुबंध पर स्टांप ड्यूटी आठ हजार से घटाकर 500 करने का प्रस्ताव

# यूपी में किराएदारों व मकान मालिकों को राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ ये नया सिस्टम राज्य के सम्पत्ति पंजीकरण पोर्टल से जोड़ा जाएगा, लोग घर बैठे कर सकेंगे ऑनलाइन अनुबंध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने किराएदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत देते हुए किराया अनुबंधों पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में भारी कटौती करने का निर्णय लिया है। इस कदम का उद्देश्य किराए के समझौतों को कानूनी रूप से पंजीकृत कराने को बढ़ावा देना और अनौपचारिक व्यवस्थाओं से उत्पन्न विवादों को कम करना है।

सरकार इसके साथ ही एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है, जिसके माध्यम से किराएदार और मकान मालिक आधार सत्यापन के जरिए डिजिटल रूप से किराया अनुबंध तैयार और हस्ताक्षर कर सकेंगे। इससे उप-पंजीयक कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। यह नया सिस्टम राज्य के संपत्ति पंजीकरण पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे लोग अपने घर बैठे ही किराया अनुबंध पंजीकृत करा सकेंगे।

स्टांप एवं पंजीयन विभाग की ओर से राज्य मंत्रिमंडल को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों में किराया अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी में भारी कमी की जाएगी। वर्तमान में एक वर्ष की अवधि और सालाना किराया दो लाख रुपए तक वाले अनुबंध पर चार प्रतिशत यानी लगभग 8,000 रुपए की स्टांप ड्यूटी लगती है। प्रस्ताव के अनुसार अब यह घटकर सिर्फ 500 रुपए रह जाएगी। अधिका. रियों के मुताबिक यह सुधार राज्य के किराया बाजार को औपचारिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है। अभी अधिकांश मकान मालिक और किराएदार 11 माह के अनुबंध करते हैं ताकि उन्हें रजिस्ट्री की झंझट और भारी शुल्क से बचा जा सके, मगर ऐसे अनुबंध कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते और विवाद की स्थिति में अदालतों में टिक नहीं पाते। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य में केवल 36,000 किराया अनुबंध पंजीकृत हुए थे, जबकि वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक मानी जाती है। अधिकारियों का मानना है कि शुल्क में कटौती के बाद पंजीकरणों में कई गुना वृद्धि होगी। अधिकारियों की मानें तो वर्तमान नियमों के तहत किराया अनुबंध अधिकतम 30 वर्ष तक किए जा सकते हैं। 30 वर्ष तक के अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी किराए के मूल्य पर लगती है, जबकि इससे अधिक अवधि वाले अनुबंधों पर भूमि मूल्य के आधार पर शुल्क तय होता है, जिससे ऐसे दीर्घकालिक अनुबंध अत्यंत महंगे और दुर्लभ हो जाते हैं।

### महिलाएं बेफिक्र कर सकेंगी नाइट ड्यूटी

**लखनऊ।** अब यूपी में कामकाजी महिलाओं को घर से लेकर दफ्तर तक योगी सरकार ने सबसे बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। नाइट शिफ्ट में महिलाओं को काम करने का अधिकार कई मायनों में एक सकारात्मक और ठोस पहल है। योगी सरकार के फैसले के मुताबिक अब नाइट शि.ट में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक काम करने के लिए यूपी की महिलाओं की सहमति लेना अनिवार्य है। यानी महिलाएं जब अपनी सहमति देंगी, तभी उन्से नाइट शिफ्ट में काम कराया जा सकेगा। इसके अलावा कारखानों में सुरक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन सुविधाएं, साथ ही सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा गार्डों की तैनाती अनिवार्य की गई है। इस फैसले से महिलाओं और बेटियों में वर्कप्लेस पर सुरक्षा का भाव प्रभावी होगा। महिला कर्मचारी अपनी सहमति से लगातार 6 घंटे तक बिना किसी अंतराल के कार्य कर सकती हैं। महिलाओं के लिए ओवरटाइम की सीमा 75 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे प्रति तिमाही की गई है, जिसका भुगतान दोगुनी मजदूरी दर से किया जाएगा।



सेंसेक्स 84466.51
निफ्टी 25875.80



सोना रु. 125980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 160100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 595 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में पूंजी लगाने से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 595.19 अंक (0.71 प्रतिशत) चढ़कर 84,466.51 अंक पर पहुंच गया जो 29 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.85 अंक यानी 0.70 फीसदी बढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। यह 30 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद में बाजार में निवेश धारणा मजबूत बनी हुई है। इसकेसाथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज शुद्ध रूप से इक्विटी तथा दूसरे इस्ट्रूमेंट्स में लिवाली की। इससे शेयर बाजार को बढ़त मिली। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके बाद ऑटो, फार्मा और मीडिया सेक्टरों का योगदान रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य क्षेत्रों में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। रियलिटी और धातु क्षेत्रों में गिरावट रही। पीएल कैपिटल के मुख्य सलाहकार विक्रम कसाट ने बताया कि निकट भविष्य में निफ्टी की परीक्षा 26,000 अंक के आसपास होगी, हालांकि कुछ बड़ी कंपनियों के वित्तीय परिणामों और आर्थिक आंकड़ों से पहले बाजार में उतार.चढ़ाव देखा जा सकता है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशक लिवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,200 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,927 के शेयर बढ़त में और 1,178 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं अन्य 95 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। मजबूत तिमाही परिणाम और अंतरिम लाभांश की घोषणा के बाद एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 4.46 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा का शेयर 3.34 फीसदी, टीसीएस का 2.73, बजाज फिनसर्व का 2.42 और अडानी पोर्ट्स का 2.14 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.54 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 1.52, इंफोसिस में 1.36, ट्रेंट में 1.34, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.19 और इटरनल में 1.03 प्रतिशत की तेजी रही।

## सोने की कीमत और चढ़ी, चांदी भी तेज

**नई दिल्ली।** देश में 12 नवंबर को सोने की कीमत में तेजी देखी गई है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव बढ़कर 125980 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। चांदी भी 160100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के गवर्नर स्टीफन मिरान ने बढ़ती बेरोजगारी और सुस्त महंगाई से निपटने के लिए हाल ही में ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती का संकेत दिया है।

वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलक. ाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 115360 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 125850 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बैंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 125880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 115410 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अहमदाबाद में 125880, हैदराबाद में 125850, जयपुर में 125980, भोपाल में 125880, लखनऊ में 125980 और चंडीगढ़ में 125980 रुपये प्रति 10 ग्राम है। सोने की तरह ही चांदी में भी तेजी है।

# तीन साल में 17 करोड़ टन बढ़ सकती है सीमेंट उत्पादन क्षमता : क्रिसिल

■ बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

**मुंबई।** देश में सीमेंट उत्पादन क्षमता में वित्त वर्ष 2027-28 तक तीन साल में 16.17 करोड़ टन की वृद्धि की संभावना है, जो पिछले तीन वित्त वर्ष के 9.5 करोड़ टन की क्षमता वृद्धि के मुकाबले 75 प्रतिशत अधिक है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। उसने बताया कि मजबूत मांग और उच्च क्षमता दोहन को देखते हुए उम्मीद है कि सीमेंट कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ाएंगी। हालांकि इसके लिए बड़ी पूंजी आवश्यकता होगी।

साथ ही अधिकतर मामलों में मौजूदा कंपनियों के ही क्षमता विस्तार में उम्मीद दिख रही है। क्रिसिल ने 17 सीमेंट कंपनियों की योजनाओं और बैलेंसशीट के अध्ययन के आधार पर यह बात कही है। इन 17 सीमेंट कंपनियों की संयुक्त उत्पादन क्षमता देश के कुल 66.8 करोड़ टन सालाना क्षमता का 85 प्रतिशत है। मजबूत मांग के कारण रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन साल में देश में सीमेंट का उत्पादन 9.5 प्रतिशत वार्षिक औसत दर से बढ़ा है। इसमें बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की मुख्य भूमिका रही है। इसके परिणाम स्वरूप पिछले वित्त वर्ष में क्षमता दोहन एक दशक के 65 प्रतिशत की औसत के मुकाबले बढ़कर 70 प्रतिशत पर पहुंच गया। क्रिसिल रेटिंग्स के आनंद कुलकर्णी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 से 2026-28 के बीच हर साल सीमेंट की मांग में तीन-चार करोड़ टन की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे क्षमता में भी मजबूत वृद्धि देखने के लिए मिलेगी, हालांकि यह हर साल एक जैसी नहीं होगी। मौजूदा वित्त वर्ष में सात से 7.5 करोड़ टन अतिरिक्त उत्पादन शुरू होगा, जिससे निकट भविष्य में क्षमता दोहन के अनुपात में कमी आएगी, लेकिन तीन साल में उत्पादन क्षमता विस्तार के अनुरूप हो जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स के एसोसिएट डॉयरेक्टर पार्थ शाह ने कहा कि सीमेंट कंपनियों के अगले तीन साल में 1.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत निवेश की संभावना है। यह पिछले तीन वित्त वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पूंजीगत निवेश में 10.15 प्रतिशत हरित ऊर्जा और लागत की तुलना में दक्षता में सुधार की परियोजनाओं पर खर्च होंगे।

# अपराधी को सजा मिले, रिश्तेदारों के साथ सही सलूक हो



■ दिल्ली ब्लास्ट पर बोलीं महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट पर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि इससे हमारी कौम फिर दागदार होगी। हमारे पढ़े लिखे नौजवान और डॉक्टर अगर इसमें शामिल हैं, तो ये हमारी कौम के लिए बड़ी परेशानी की बात है।

श्रीनगर में पीडीपी चीफ ने कहा कि जो दिल्ली में हुआ, हम आपसे ज्यादा उस तकलीफ को समझते हैं, क्योंकि हमने ये खून खराबा बहुत नजदीक से देखा है, बहुत सालों से देखा है। उन्होंने सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की। मुफ्ती ने कहा कि मैं अनुरोध करती हूं कि इस जांच को जल्द और निष्पक्ष रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों से ये ताल्लुक रखते हैं, वो परिवार अपराधी नहीं हैं, उन्हें अपराधी न समझें, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा मैं जानती हूं कि दिल्ली में हमारे जो लोग इस त्रासदी के शिकार हुए हैं, उनके परिवारों पर क्या गुजर रही होगी। सरकार को इसमें बदलाव लाना चाहिए, इसमें शामिल जो भी अपराधी हैं उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन उनके रिश्तेदारों को बिना किसी शक के गिरफ्तार किया जा रहा है, उनके साथ सही सलूक होना चाहिए। मुफ्ती ने कहा कि मैंने खुद टीवी पर देखा है कि जिस तरह से एक डॉक्टर का बाप उसका क्या कसूर है। उसके मुंह पर काला कपड़ा डालकर घसीटा जा रहा था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट ने...** कृत्रिम रूप से दबाने के लिए पानी के टैंकर तैनात किए थे। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी खबरें सच हैं, तो ये गंभीर हैं और अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। न्यायमित्र ने न्यायालय को बताया कि वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है और तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया। उन्होंने निगरानी प्रक्रिया में विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि दिवाली के दौरान कई केंद्र बंद रहे, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आंकड़ों की सटीकता पर असर पड़ा है। इस मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने ग्रैप के चौथे चरण को लागू करने का आग्रह किया और कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 450 को पार कर गया है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय परिसर में हो रहे निर्माण और उत्खनन कार्यों की ओर भी ध्यान दिलाया और कहा कि मौजूदा प्रदूषण आपात स्थिति को देखते हुए ऐसी गतिविधियों को रोका जाना चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने आश्वासन दिया कि न्यायालय परिसर में निर्माण गतिविधियों के संबंध में उचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले को सोमवार को सूचीबद्ध करें।

# नोएडा-गाजियाबाद की हवा प्रदूषित

## सुबह की शुरुआत धुंध के साथ, कई जगह एक्यूआई 400 के पार



**लखनऊ।** यूपी में ठंड बढ़ने के साथ ही कई शहरों की हवा बेहद खराब हो गई हैं। बीते कई कई दिनों से दिल्ली से सटे कई जिलों की हवा जहरीली बनी हुई हैं। सुबह की शुरुआत ही धुंध और प्रदूषण के स्मॉग के साथ हो रही हैं। नोएडा, गाजियाबाद जैसे शहरों की हालत तो बेहद खराब है। यहां एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता ह। अब ये हवा साँस लेने के लायक नहीं है।


पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से सुबह और शाम के समय में सर्दी में इजाफा हुआ है। सर्दी बढ़ने के साथ ही हवा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ गया है, जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। प्रदूषण की वजह से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराब और बुखार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, मेरठ जैसे शहरों में हवा दमघोंटू हो गई हैं। बुधवार सुबह गई जगहों पर एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक आज सुबह 6 बजे नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 415, सेक्टर-116 में 414, सेक्टर-1 404 एक्यूआई दर्ज किया गया। ये हवा गंभीर श्रेणी में आती हैं। वहीं नोएडा सेक्टर-62 में एक्यूआई 367 रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के मामले में गाजियाबाद भी पीछे नहीं है। यहां की हवा भी आज गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। गाजियाबाद के लोनी इलाके में बुधवार सुबह एक्यूआई 405 दर्ज किया गया, जबकि संजय नगर इलाके में 359 और वसुंधरा में एक्यूआई 344 रिकॉर्ड किया गया। ग्रेटर नोएडा में भी एक्यूआई लेवल 400 के करीब पहुंच गया है। यहां के नॉलेज पार्क-5 में आज एक्यूआई 394 रिकॉर्ड किया गया, जो बेहद खराब की श्रेणी में आता है। हापुड़ में 339, बुलंदशहर में 337 और मेरठ के पल्लवपुर में 316 एक्यूआई दर्ज किया गया। जानकारों का कहना है कि तापमान गिरने की वजह से हवा भारी हो जाती है, जिसकी वजह से हवा की गति में धीमी हो जाती है, जिसके चलते प्रदूषित कण सतह के पास जमे रहते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पीड़ित परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा

## शोक जताने घर पहुंचे सांसद तंवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सांसद कंवर सिंह तंवर व माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमति गुलाबो देवी ने लालकिले कार विस्फोट में दोनों मृतक दोस्तों के परि. जनों का ढांढस बंढाते उन्हें शासन स्तर से हरसंभव मद्द का भरोसा दिलाया।

बुधवार को सांसद कंवर सिंह तंवर, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमति गुलाबो देवी, डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स, स्थानीय विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, धनौरा विधायक राजीव तरारा के साथ मृतक लोकेश अग्रवाल व मंगरौला निवासी अशोक गुर्जर के घर पहुंचे तथा उनके परिजनों का ढांढस बंधाते कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है। उनके परिजनों को शासन स्तर से हरसंभव मद्द दिलायी जायेगी। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दिलायी जायेगी। आतंकवाद से कोई समझौता नही किया जायेगा। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि अशोक कुमार गुर्जर के तीनों बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्चा वह उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वह देख ले कौन से स्कूल में बच्चों का एडमिशन कराना है। अशोक कुमार गुर्जर के परिवार को वह परेशानी नहीं उठाने देंगे। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख पति अशोक नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, पिंटू भाटी, हरवीर सिद्धू, सनी चौहान, मनोज वर्मा, सोनू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सरकारी योजनाओं का दिलायें लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कार विस्फोट धमाकों में मारे गये लोकेश अग्रवाल एवं अशोक कुमार गुर्जर के परिजनों से प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाबो देवी व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने जहां पीड़ित परिवारो को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं मौके पर मौजूद जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं उप जिला अधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को भी स्पष्ट निर्देश दिये कि जो भी सरकार द्वारा योजना चलाई जा रही है उनका लाभ पीड़ित परिवारों को दिलवाया जाये।



हसनपुर। मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाते सांसद कंवर सिंह, राज्यमंत्री गुलाबो देवी व अन्य।

# डाक विभाग कर्मी से 40 हजार की लूट

## पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डाक विभाग कर्मी से बदमाशों ने चालिस हजार रूपये से भरा बैग लूट लिया। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव लतीफपुर में किसान रमेश सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा जयकुमार डाक विभाग में कर्मी है। वर्तमान में उसकी तैनाती कांठ रोड पर गांव कोठी खिदमतपुर स्थित डाकघर में चल रही है। बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे जयकुमार रोजाना की तरह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए डाकघर जा रहा था। आरा. ेप है कि लतीफपुर से नारायणपुर को जोड़ने वाली सूनसान सड़क पर एक खेत में छिपकर बैठे तीन बदमाशों ने डंडा मारकर बाइक को रुकवा लिया। जयकुमार ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने संभलने का मौका दिए बिना मारपीट शुरू कर दी। हमले के बीच जान बचाकर भागते समय पीछे दौड़े बदमाशों ने जयकुमार के हाथ से बैग छीन लिया। जिसमें डाकघर के 40 हजार रुपये रखे हुए थे। आरोप है कि लूटपाट के बाद बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक पर बैठ वहां से भाग गए। पीड़ित जयकुमार ने तुरंत घटना की सूचना घर पर दी। थोड़ी ही देर में परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल जयकुमार को लेकर थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उपचार व मेडिकल के लिए शहर सीएचसी भेज दिया। पीड़ित जयकुमार के मुताबिक आरोपी एक बदमाश परिचित है, जिसने दो साथियों की मदद से घटना को अंजाम दिया है। सीओ अवधभान भदौरिया का कहना है कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। विवाद कुछ और है, जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर मिला खून से सना युवक का शव

## बुआ के घर जाने को निकला था घर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली इलाके में गंगा एक्सप्रेसवे पर बुधवार की सुबह पिपलौती के जंगल के नजदीक एक्सप्रेसवे पर गांव गंगा चोली निवासी 30 वर्षीय रामपाल पुत्र रामभरोंसे उर्फ नन्हा का शव पड़ा मिला। मृतक के सिर से खून बह रहा था। मृतक के शरीर पर शर्ट गायब थी। इसके अलावा घटनास्थल से उसके पैरों के चप्पल भी गायब हैं। मृतक के पिता राम भरोसे ने बताया कि उनका बेटा कल शाम अपनी बुआ सिरसा की मढैया निवासी कैलाशों देवी के घर जाने की बात कह कर पैदल घर से निकला था। लेकिन बुधवार सुबह उसका शव गंगा एक्सप्रेसवे पर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत और अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक के शरीर से शर्ट गायब और पैरों के चप्पल गायब होने से हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। शरीर पर वन साइड रगड़न के निशान मिले हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में जांच पड़ताल कर रही है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी ओमवती के अलावा 11 वर्षीय बेटे हर्षित,9 वर्षीय बेटे नितिन को रोते बिलखते छोड़ गया है। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया की प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध है। मृतक मंदब. ुद्धि था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं परि. जनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।



## बिना नम्बर प्लेट बुलेट का दस हजार का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** चैकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नम्बर की बुलेट का चालान दस हजार रूपये का किया। इस दौरान 18 वाहनों के चालान काटे गये। जिससे वाहन स्वामियों में हड़कम्प मच गया। यातायात माह के अन्तर्गत चौराहे पर पुलिस ने वाहनों की चैकिंग की। इस बीच एक बिना नम्बर की मॉडीफाई बुलेट पहुंची। जिसका कोई कागज नहीं दिखा पाने पर पुलिस ने दस हजार का चालान काट दिया। इसके अलावा 18 वाहनों के चालान भी किये गये। पुलिस की इस चैकिग से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा।

# 44 वाहनों के चालान, 50 हजार वसूला जुर्माना

## यातायात माह में वाहनों की चैकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** यातायात महा अभियान के तहत थाना पुलिस ने नगर में बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती दिखाते हुए 44 वाहनों के चालान किए और कुल 50 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला।

अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान यातायात जागरूकता महा अभियान के तहत चलाया गया, जिसका उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हैएसएसआई सतीश कुमार ने बताया कि वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, वैध काग. जात रखने और गति सीमा का पालन करने की हिदायत दी गई। कई चालकों को मौके पर चेतावनी भी दी गई कि यदि भविष्य में नियमों का उल्लंघन दोहराया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कॉटनवेस्ट की हौदियों पर चली जेसीबी

## जमीन में छोड़ा जा रहा था कैमिकल युक्त पानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पालिका की टीम ने जेसीबी की मद्द से धरती की कोख को प्रदूषण कर रही कैमिकल की हौदियों को ध्वस्त कर दिया। जिससे कार्टनवेस्ट व अन्य कारखानेदारों में हड़कम्प मच गया।

बुधवार को नगर पालिका की टीम तकिया मोतीशाह, कांकर सराय रोड पर जेसीबी लेकर पहुंची। यहां बड़े पैमाने पर हौदिये बनाकर कैमिकल का पानी जमीन में छोड़ा जा रहा था। जिससे आसपास का पानी पीने लायक भी नहीं रहा। जबकि जमीन भी लगातार बंजर होती जा रही है। इतना ही नही यहां पानी का स्तर लगातार घट रहा है। कई बार लोगों ने इसकी शिकायत की। जिस पर आज पालिका ने संज्ञान लिया तथा यहां जितने भी हौदिये बनायी गयी थीं उन्हें जेसीबी की मद्द से ध्वस्त करा दिया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि किसी को भी वातावरण को दूषित करने का अधिकार नहीं है। कॉटन वेस्ट कारखानेदारों को चेतावनी दी गयी है कि यदि उन्होंने दोबारा इन हौदियों में दूषित पानी छोड़ा तो उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जायेगी।

# हीरा इंटरनेशनल स्कूल में खिलाड़ियों ने दिखाई चमक

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के प्रतिष्ठित हीरा इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हर्षोल्लास के बीच हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल, मैनेजर सुबोध कुमार गुप्ता, निद. ेशक कपिल कुमार अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य भगवान सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साह और देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इसके बाद खेलों की शुरुआत कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं से हुई, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में हेमलता अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, आदित्य कुमार साहू, सुल्तान अली, कपिल देव शर्मा, शाने आलम, अर्पित कौशिक, लोकेंद्र सिंह, राकेश कुमार, पंकज कुमार, मनोरमा, शिवानी सिद्धू, शिवांगी पंडित, सोनित कुमार, अचल सिंघल सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।



# कडी चेकिंग के दौरान पकड़े गए शराब तस्कर

**मथुरा।** दिल्ली ब्लॉट के बाद एक्सप्रेस वे, हाईवे से शहर की सड़कों तक सघंन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों को रोक कर तलाशी ली जा रही है। लोगों से पूछताछ की जा रही है। सघन चौकिंग अभियान में कई वाहन ऐसे हत्थे चढ गये जिन में शराब की तस्करी की जा रही थी।

आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे पर मांट टोल पर चेकिंग के दौरान बीती रात को दो कारों से हरियाणा राज्य की 21 पेटी (252 बोतल) रॉयल स्टाइग ब्रांड विद. ेशी मदिरा बरामद करते हुए चार व्यक्तियों फरीदाबाद निवासी लक्ष्मण व राजीव तथा बिहार निवासी संतोष व मंतोष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों ने बताया कि वे हरियाणा राज्य से ये मदिरा बिहार ले जा रहे थे। उक्त चारों व्यक्तियों के विरुद्ध थाना मॉंट मे अभियोग दर्ज किया गया। वहीं फरह कस्बे मे एक किराये के कमरे मे रह रहे चार व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से मदिरा के निर्माण किए जाने के कारण गिरफ्तार किया गया।

# हत्या में पिता-पुत्रों समेत चार को उम्रकैद

## लाठी डंडों से पीटकर कर दी थी दुग्ध विक्रेता की हत्या, 60 हजार का जुर्माना भी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुग्ध विक्रेता की हत्या में चार को अदालत ने दोषी ठहराते उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि 15-15 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह हत्या सैदनगली थाना क्षेत्र में दस साल पहले घटी थी।

यह घटना सैदनगली थानाक्षेत्र के गांव हरियाना में हुई थी। 8 सितंबर 2015 की शाम 5:30 बजे गांव के रहने वाले अब्दुल गनी और उनके तहेरे भाई अब्दुल रहीम गांव की डेयरी पर दूध बेचकर वापस लौट रहे थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रहने वाले इसरार, फुरकान, मुख्तयार, आस मोहम्मद उर्फ नन्हे और दिलशाद ने रास्ते में रोक कर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी थी। इस दौरान सिर और पेट में गोली लगने से अब्दुल रहीम घायल हो गए थे। शोर मचाने पर परिवार के लोग बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पथराव भी किया गया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस दौरान परिवार के लोगों ने गोली लगने से घायल अब्दुल रहीम को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने अब्दुल रहीम को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अब्दुल रहीम ने इसरार, इसरार के बेटे फुरकान और मुख्तयार, आस मोहम्मद उर्फ नन्हे और दिलशाद के खिलाफ हत्या की को. शिश, मारपीट और हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, पांचों जमानत पर जेल से बाहर थे। इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंदर गर्ग पैरवी कर रहे थे। सुनवाई के दौरान इसरार की मौत हो चुकी है। मंगलवार को न्यायालय ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की और और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी फुरकान, मुख्तयार, आस मोहम्मद उर्फ नन्हे और दिलशाद को दोषी करार दिया। साथ ही चारों को उम्रकैद की सजा सुनाई है और 15-15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## प्रशासनिक टीम ने किया नाले का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव में थाना मार्ग स्थित बाढ़ खंड के नाले पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। बुधवार को उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने तहसील प्रशासन एवं बाढ़ खंड की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मूराराम थारू, बाढ़ खंड के अभियंता, राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। टीम ने बारीकी से जांच की।

## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पति के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को महिला ने डीआईजी को पत्र भेजा है। नगर के मोहल्ला चकली के रहने वाले फहीम की हत्या कर दी गयी थी। जिसमें मृतक के पड़ौसी चार भाईयों जाकिर, जाहिद, वाहिद, शाहिद पुत्रगण वली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने जाकिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि उसके तीनों भाई खुलेआम घूम रहे हैं। वह लगातार पीड़ित परिवार को मुकदमा वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। धमकी दी जा रही है कि यदि ऐसा न किया तो उसे भी जान से मार देंगे।

# राहुल गांधी ने अशोक व लोकेश की मौत पर जताया शोक

## मृतक परिजनों को जल्द मुआवजा दे सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कांग्रेस ने दिल्ली बम ब्लास्ट के मृतकों के परिजनों को अति शीघ्र आर्थिक मुआवजा दिये जाने की मोदी सरकार से मांग की है।

दिल्ली कार ब्लास्ट में हसनपुर के अशोक कुमार गुर्जर एवं लोकेश कुमार अग्रवाल की मृत्यु पर राहुल गांधी एवं जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया द्वारा शोक संवेदना का पत्र भेजकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की और कहा है कि इस दुख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है।राहुल गांधी ने मृतक अशोक कुमार गुर्जर के बड़े भाई सुभाष गुर्जर के नाम लोकेश कुमार के बड़े पुत्र गौरव अग्रवाल के नाम शोक संवेदना का पत्र भेजा है। सचिन चौधरी एवं ओमकार सिंह कटारिया एवं कांग्रेस पार्टी की पूरी टीम ने ग्राम मंगरौला पहुंचकर सुभाष गुर्जर को राहुल गांधी की शोक संवेदना की चिट्ठी सौंपी। और हसनपुर में मृतक लोकेश कुमार अग्रवाल के घर पहुंच कर उनके बड़े बेटे गौरव अग्रवाल को शोक संवेदना की चिट्ठी सौंपी। कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह इस दुख की घड़ी में आपके साथ है। मोदी सरकार से मांग की है की अति शीघ्र दोनों मृतकों के परिवारजनों को 5 करोड रुपये का आर्थिक मुआवजा दे। देश की राजधानी दिल्ली में भी लोग सुरक्षित नहीं है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एआईसीसी सदस्य सचिन चौधरी, यूपीसीसी सदस्य विनोद कुमार सक्सेना, राजकुमार अरुण, डॉक्टर इरफान सैफी, राजपाल सैनी, हर्ष स्वरूप प्रधान, दीपक गौतम अंकित कटारिया उपस्थित रहे।



# एसआईआर में बीएलओ का करें सहयोग

## पैगाम-ए-अमन कमेटी का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पैगाम-ए-अमन कमेटी अमरोहा की बैठक बुधवार को मुहल्ला कोट स्थित मंसूर अहमद एडवोकेट के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर चर्चा हुई तथा लोगों को जागरुक करने का निर्णय लिया गया। सभासद फहीम शाहनावाज ने कहा कि एसआईआर एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके तहत मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत उत्तर प्रदेश में योग्य मतदाताओं को शामिल करने के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य उन सभी मतदाताओं को पंजीकृत करना है जो बूथ स्तर अधिकारियों बीएलओ की घर-घर सर्वे प्रक्रिया के दौरान छूट गए थे। उन्होंने कहा कि इसमें किसी को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन इसको गंभीरता से लेंना है। वहीं, सभासद यासिर अंसारी एडवोकेट ने कहा कि यह भी शिकायतें मिल रही हैं कि बीएलओ को कई लोगों का घर नहीं मिल रहा है तो उस क्षेत्र के सभासद व समाज सेवी इस काम में भी सहयोग कर सकते हैं। बैठक में कमेटी चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट, अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर, सरताज आलम मंसूरी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, सैयद इकराम हुसैन जैदी, सरकार आलम आदि मौजूद थे।

## पूर्व चेयरमैन ने किया अनुराग का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** बॉडी बिल्डिंग में नार्थ इंडिया चैम्पियन अनुराग गुप्ता का पूर्व चेयरमैन ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बताते चलें कि बॉडी बिल्डिंग हेल्थ एवं फिटनेस एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर के मानबाग पैलेस में हुई नार्थ इंडिया प्रतियोगिता में मोहल्ला खेड़ा के रहने वाले अनुराग गुप्ता उर्फ राज को नार्थ इंडिया चैम्पियन घोषित किया गया। पूर्व चेयरमैन जाहिद हुसैन ने अपने कार्यालय पर बुलाकर अनुराग गुप्ता व कोच शुभम गिल का शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर साजिद अली, मुस्तकीम सैफी, जाकिर अली, असलम सैफी, जीशान, अनवर अली, ध्यान सिंह, मुमताज अली, हाजी जमशेद, अलतमश अहमद आदि मौजूद रहे।

# भाकियू अम्बेडकर ने फूंका आतंकवाद का पुतला

## दिल्ली ब्लास्ट के आरोपियों पर हो कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला नारेबाजी करते हुए फूंक दिया।

बुधवार को रहरा बस स्टैंड चौराहा पर भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन हाल ही में दिल्ली में हुए बम विस्फोट की घटना के विरोध में था।

संगठन ने इस आतंकी घटना की घोर निंदा की और केंद्र तथा राज्य सरकारों से देश से आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने की मांग की। विरोध के दौरान आतंकवादियों का पुतला फूँककर गुस्सा जाहिर किया गया। इस घटना में शहीद हुए मंगरोला गाँव के अशोक के परिवार के लिए भाकियू बीआर अंबेडकर ने सरकारी आर्थिक मदद और न्याय की तुरंत अपील की है। मृतक अशोक दो परिवारों का अकेला सहारा थे और उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। वह दिन में गार्ड की नौकरी और रात में रोडवेज में संविदा पर नौकरी करते थे। यूनियन की मुख्य माँग है कि मृतक अशोक को शहीद का दर्जा दिया जाए और सरकार तुरंत परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करे। डॉ. दिग्विजय भाटी ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी माँगें पूरी नहीं होती हैं, तो संगठन उनके नेतृत्व में भूख हड़ताल और आमरण अनशन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर इस्लाम अली, सोनू गुर्जर, आनंद गुर्जर, विक्रम जाटव, विजय सैनी, रूम सिंह खड़कवंशी, वीरेंद्र गुर्जर, गजेंद्र गजराज समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## सिक्ख गुरूओं का इतिहास पाठ्यक्रम में शामिल हो

**गजरौला**। ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन के स्टेट हेड व जिला पंचायत सदस्य डॉ.सोरन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पाठ्यक्रम में सिख-गुरूओं के इतिहास को सम्मिलित कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में भेजे गए पत्र में डॉ.सोरन सिंह ने उल्लेख किया है कि, सिख गुरुओं द्वारा देश, धर्म और सनातन की रक्षा के लिए जो संघर्ष एवं बलिदान किए, वह अतुल्य हैं। परंतु अफसोस तब होता है जब हमारे विद्यालयों में बच्चों को माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में अकबर महान के बारे में पढ़ाया जाता है जबकि सिख धर्मगुरूओं को बलिदान व इतिहास से जुड़ा कोई पाठ्यक्रम शामिल नहीं किया गया है, इसलिए सिख गुरूओं का इतिहास पाठ्यक्रम में शामिल हो।

# धार्मिक स्थलों से हटाए अवैध लाउडस्पीकर



## ध्वनि प्रदूषण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों के खिलाफ बुधवार को पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन देखने को मिला। न्यायालय और उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस ने नगर के विभिन्न मंदिरों और मस्जिदों में जाकर लाउडस्पीकर हटवाने की कार्रवाई की। पुलिस टीम ने नगर के कई स्थानों पर साउंड सिस्टम और लाउडस्पीकरों की जांच की। जहां बिना अनुमति, निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि स्तर पाया गया, वहां लाउडस्पीकरों को मौके पर ही उतरवा दिया गया। कार्रवाई का नेतृत्व वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश कुमार ने किया।

एसएसआई सतीश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं है। यह जनहित में की जा रही है ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। पुलिस ने इस दौरान धार्मिक स्थलों की प्रबंधन समितियों और स्थानीय लोगों से संवाद कर ध्वनि प्रदूषण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही लोगों से स्वेच्छा से नियमों का पालन करने की अपील की गई। कई स्थलों पर प्रबंधकों ने प्रशासन की इस पहल का समर्थन करते हुए सहयोग भी किया। अधिकारियों ने बताया कि ध्वनि नियंत्रण के इस अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा। यदि किसी स्थान पर दोबारा नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से नगर में संदेश गया है कि प्रशासन ध्वनि प्रदूषण जैसे मुद्दों को लेकर पूरी तरह गंभीर है। स्थानीय लोगों ने भी इस कदम को शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सराहनीय बताया। इस मौके पर एसएसआई सतीश कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी सुधीर कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# आदित्य व माही ने बढ़ाया धनौरा का गौरव



## ताईक्वांडो में कांस्य व सीए में चमके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर की प्रतिभाशाली धरती एक बार फिर गौरवान्वित हुई, जब दो युवाओं ने अपने परिश्रम और लगन से शहर का नाम रोशन किया। बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दोनों होनहारों को सम्मानित कर नगरवासियों की ओर से शुभकामनाएं दीं। ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2025 में आदित्य शिखर गर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में माही अग्रवाल ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 7 हासिल कर उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दोनों युवाओं को सम्मानपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट की। इस अवसर पर पंकज सिंघल, कमल गुप्ता, गुलाब राय, अंकुश गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, शेंकी नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी दोनों युवाओं का उत्साहवर्धन किया। आदित्य की खेल भावना और माही की शैक्षणिक उपलब्धि ने साबित किया है कि अगर इरादे मजबूत हों तो सफलता निश्चित है। नगर में सम्मान समारोह के दौरान तालियों की गूंज और धनौरा का मान बढ़ाने वाले युवाओं को सलाम के जयघोष से माहौल गूंज उठा।

# क्विज में अमन प्रथम व अल्फीनॉन रहीं द्वितीय

## आबान एजुकेशन में हुई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। यातायात माह के चलते बुधवार को आबान एजुकेशन इंस्टीट्यूट में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पाठ पढ़ाया। दोपहिया वाहन चलाते समय आईएसआई मार्क वाला हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के सही उपयोग और उसके सुरक्षा लाभ बताए गए। 18 वर्ष से कम आयु के छात्रों को वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई और इसके कानूनी



परिणामों के बारे में भी बताया गया। ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। साथ ही, सड़क संकेतों, ट्रैफिक लाइट और पैदल चलने वालों के लिए बने जेब्रा क्रॉसिंग का सही उपयोग भी समझाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है। वहीं, क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी. कॉम प्रथम वर्ष के अमन सैफी (निवासी गांव भवानीपुर) ने प्रथम, व बीएससी की छात्रा अल्फीनॉन (निवासी फतेहपुर माफी) ने द्वितीय व बी.कॉम के शाने आलम (निवासी गांव भवानीपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सिंह सेंगर, प्रबंधक हाजी कसीम, विजय प्रसाद, एसआई कमल सिंह, मोहम्मद तारिक आदि मौजूद रहे।

# 25 नलकूपों से स्टार्टर व केबिल चोरी

## आदमपुर में चोरों को खाकी का खौफ नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी**। आदमपुर थाना क्षेत्र के ढबारसी पुलिस चौकी क्षेत्र में किसानों के नलकूप उपकरण चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। मंगलवार की रात में चोरो ने चन्दन कोटा व पाडली गांव के जंगल में लगे किसानों के 25 नलकूपों से ताले तोडकर स्टार्टर , केबिल आदि चोरी कर लिए जिससे किसानों की फसलों की सिंचाई ठप हो गई है। किसान चोरों के आतंक से परेशान हैं।एक माह पूर्व भी चोरों ने इन्हीं नलकूपों को निशाना बनाकर उपकरण चोरी कर ले गए थे।ग्रामीणों का कहना है कि हमने उस समय भी चोरी की घटना की जानकारी देते हुए पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई और चोरों ने मंगलवार की रात में घटना की पुनः पुनरावृत्ति कर दी है। एक सप्ताह पूर्व सैदनगली व आदमपुर थाना क्षेत्र के खरसौली, फय्याज नगर, गारवपुर चकूनी में भी किसानों के तीस नलकूपों से उपकरण चोरी किए थे।सैदनगली व आदमपुर थाना क्षेत्र में किसानों के निजी नलकूपों से उपकरण चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है लेकिन पुलिस द्वारा इस गिरोह का पर्दाफाश नहीं किया जा रहा है। किसान दीपक वन, उमेश वन, लालू गिरी ,भूरे सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह , मनोज सैनी, विनोद जाटव, सतपाल वन , मुकेश वन आदि ने पुलिस अधीक्षक से इस गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# महिला चिकित्साधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने कम डिलीवरी पर महिला चिकित्साधिकारी व स्टाफ नर्स का स्पष्टीकरण मांगा है।

बुधवार को डीएम निधि वत्स ने नगर के सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने जेएसवाई वार्ड, लेबर रूम, महिला ओपीडी, जर्नल ओपीडी, स्टाफ नर्स कक्ष, आयुष्मान वार्ड, फार्मेसी कोल्ड चैन लैब आदि पर बारिकी से नजर डाली। जेएसवाई के अन्तर्गत कम प्रसव होने पर महिला चिकित्साधिकारी व स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण लेने के आदेश दिये। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुर्जगों के



आयुष्मान कार्ड शिविर लगाकर बनाया जाये। जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियों को समय पर खाना व दवाई दी जाये। यदि किसी मरीज को बिना किसी कारण यहां से रैफर किया गया तो संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों व तमीरदारों ने सुविधा की जानक.

ारी भी ली। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डा. कुनाल परासर, कार्यक्रम प्रबंधक बृजमोहन, डा. उवैस, डा. वसीम, जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# डा. राजकिशोर बने शिक्षक संघ के अध्यक्ष



## जेएस कालेज में शिक्षक संघ का चुनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेएस हिन्दू पीजी कालेज शिक्षक संघ का डा. राजकिशोर शुक्ला को अध्यक्ष जबकि डा. मोहम्मद जाबिर को महामंत्री चुना गया। कालेज में आज शिक्षक संघ का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर डा. राजकिशोर शुक्ला, उपाध्यक्ष के लिए डा. सचिन पंचाल, डा. मनोज सिंह, महामंत्री के पद पर डा. मोहम्मद जावेद, उपमंत्री डा. उमेश कुमार, जबकि कोषाध्यक्ष डा. मोहित कुमार को चुना गया। अध्यक्ष डा. राजकिशोर शुक्ला ने कहा कि नई कार्यकारिणी के सहयोग से कालेज में शिक्षण की गुणवत्ता में और अधिक सुधार किये जायेंगे। शिक्षकों के सामने जो समस्याएं हैं उनके समाधान का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी सकारात्मक बदलाव लायेगी। इस दौरान डा. प्रदीप कुमार को शॉल, स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर वीर वीरेन्द्र सिंह, डा. बीना रूस्तगी, अनिल रायपुरिया,मनन कौशल, डा. बब्लू सिंह, हिमांशु शर्मा, डा. नवनीत विश्नोई, डा. रश्मि गुप्ता मौजूद रहीं।

# मांगो के समर्थन में लिपिकों ने डॉयट में दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं संस्थानों में कार्यरत समूह ग के लिपिक संवर्गीय सहायकों की लम्बित समस्याओं का निराकरण न होने पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुढ़नपुर में धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉयट बुढ़नपुर के अधीनस्थों समूह ग के कर्मचारी सुबह से ही डॉयट बुढ़नपुर पहुंच गए थे। यहां पर उन्होंने अपनी मांगो के समर्थन में नारेबाजी करते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद अपनी मांगो सके जुड़ा एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष, जिला सचिव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तेंदुए का विचरण करते वीडियो वायरल

## ग्रामीणों में फैली दहशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौगावां सादात क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर से सटे जंगल में तेंदुए को विचरण करते हुए देखा गया है। वहां से गुजर रहे टैक्सी चालक ने तेंदुए का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो में तेंदुए को देख कुत्ते भी भागते हुए दिख रहे हैं। गांव के नजदीक तेंदुआ दिखने के बाद से लोगों में खौफ बना है। जिसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

बुधवार सुबह करीब चार बजे नौगावां सादात से पृथ्वीपुर को जोड़ने वाली जाने वाली पक्की सड़क पर तेंदुआ घूमता हुआ दिखाई दिया। तभी टैक्सी चालक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही मामले की जानकारी पृथ्वीपुर गांव के लोगों को दी। तेंदुआ करीब पांच मिनट तक सड़क पर खड़ा रहा, जिसे देख लोग अपनी वाहन रोक कर खड़े हो गए। बाद में तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। इसके बाद लोग आगे निकल गए। तेंदुए को देख वहां खड़े कुत्ते भी भाग निकले। स्थानीय लोगों ने जंगल में तेंदुए के होने की सूचना वन अधिकारियों को देते हुए जंगल में पिंजरा लगाने की मांग की है। गौरतलब है कि हाल फिलहाल में मंडी धनौरा क्षेत्र में तेंदुए के तीन शव मिल चुके हैं। वहीं, तेंदुए अब भी आबादी के पास घूमते हुए देखे जा रहे हैं। जिसके बाद से डिडौली, अमरोहा देहात तथा नौगावां सादात क्षेत्र में आबादी के बीच दहशत का माहौल बना है।

## हाशमी कॉलेज में लगा स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। हाशमी डिग्री कॉलेज में बुधवार को मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के सहयोग से एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शि. विर का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों और कॉलेज स्टाफ के स्वास्थ्य की समग्र जांच कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसूम द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के. एस. तनेजा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कोशकी एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ ने कॉलेज की छात्राओं और कर्मचारियों की विस्तृत जांच की। शिविर के सफल आयोजन में कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय आयोजक डॉ. आसिफ अली तथा वसीम अकरम ने किया।

# फैक्ट्री के वायलर से निकल रही हानिकारक छाई से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हसनपुर रोड स्थित फैक्ट्री के वायलर से निकल रही हानिकारक छाई से लोगों की आंखो को नुकसान पहुंच रहा है तो वहीं फैक्ट्री से छोड़े जा रहे प्रदुषित पानी से फसलें खराब हो रही हैं। ग्रामीणों ने इन्हीं सब मुद्दों पर कंपनी गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबा. जी की।

बता दें कि हसनपुर रोड पर उमंग डेयरीज लिमिटेड कंपनी है। फैक्ट्री के गांव में स्थित भीकनपुर और छोया आदि के ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री के वॉयलर से हानिकारक राख निकलती है, जो

### उमंग डेयरीज लिमिटेड के विरूद्ध किया प्रदर्शन

कि लोगों की आंखो में गिरकर नुकसान पहुंचाती है। कई ग्रामीण तो इस राख के कारण नेत्रहीन भी हो चुके हैं। इतना ही नहीं फैक्ट्री द्वारा दूषित पानी भी छोड़ा जा रहा है, जिससे खेतों की फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। नर्सरी में लगे पेड़-पौधे भी प्रदूषण की मार से मुरझा रहे हैं। बुधवार को ग्रामीणों ने फैक्ट्री के गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और वॉयलर से हानिकारक राख व गंदे पानी को खेतों में छोड़ने की आवाज उठाई। ग्रामीणों ने दूध



उतारने जा रहे वाहनों को भी रोक लिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कंपनी अधिकारी भी बाहर आ गए, उन्होंने ग्रामीणों को समझाया तो वहीं 112 डॉयल पुलिस भी आ गई। प्रबंधन व पुलिस के आश्वासन पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया और समय सीमा तक समस्या का निस्तारण न होने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर विक्रांत, सतवीर, राजेन्द्र, शाह. जनवाज, छोटे, प्रवीण, सत्यपाल आदि मौजूद रहे। बता दें कि 19 फरवरी 2025 को भी ग्रामीणों ने इन्हीं मांगो को लेकर कंपनी गेट पर प्रदर्शन किया था। वहीं इस बारे में उमंग डेयरीज लिमिटेड के एचआर प्रबंधक अबोध कौशिक ने बताया कि, ग्रामीणों ने बुधवार को अपनी समस्या बताई है, शीघ्र ही उनकी समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

# इंदिरा चौक पर बने जाम के हालात

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के इंदिरा चौक पर गन्ने लदे ट्रकों के कारण यातायात का दबाब बढ़ गया, वहीं बुध बाजार की भीड़ का असर भी रहा और इस कारण सड़क पर जाम के हालात बन गए। पुलिस ने

### वाहनों की लंबी कतार में फंसकर लोग हुए परेशान

मौके पर पहुंचकर वाहनों को व्यवस्थित रूप से निकलवाया, तब जाकर जाम से निजात मिली।

बुधवार को इंदिरा चौक पर एक तो साप्ताहिक बाजार की



भीड़ का असर रहा तो वहीं गन्ना लदे ओवरलोड ट्रकों का भी आवागमन रहा। जिससे शहर के व्यस्ततम इंदिरा चौक चौराहे पर जाम के हालात बन गए। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लगी रही और जाम में फंसे लोग परेशान हो गए।

# दौराला में एक दूजे के हुए 122 जोड़े

## एमबी फार्म हाउस में 94 हिन्दू और 28 मुस्लिमों का कराया सामुहिक विवाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जिला प्रशासन के पर्यवेक्षण में बुधवार को एम.बी. फार्म हाउस, दौराला में विवाह कार्यक्रम आयोजन कर 94 हिन्दू एवं 28 मुस्लिम कुल 122 जोड़ों का विवाह निकाह उनके रीति- रिवाज से कराकर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में विकास खण्ड दौराला के 39, विकास खण्ड सरधना के 24 व विकास खण्ड सरूरपुर के 27, विकास खण्ड हस्तिनापुर व जानीखुर्द के पांच, नगर पंचायत दौराला के पांच, करनावल नगर पंचायत के 7, नगर पंचायत खिवाई के दो, लावड़ के तीन, नगर पालिका सरधना के आठ जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ गौरव चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत, अंकित मोतला जिला पंचायत सदस्य, शर्मिष्ठा भण्डारी ब्लाक प्रमुख दौराला द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है। नूपुर गोयल, मुख्य विकास अधिकारी मेरठ व सुनील कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी, द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वर-वधु को आशीर्वाद दिया गया। गौरव चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को गरीब व्यक्तियों के लिए उपयोगी बताते हुए वर-वधु को शुभ आशीर्वाद के साथ उनके गृहस्थ जीवन के सुखमय हेतु आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के गरीब परिवार की बेटी अब वैवाहिक बन्धन से वंचित नही रहेगी, इसके लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है जिसका लाभ प्रदेश में गरीब परिवारों को मिल रहा है।

सुनील कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा उक्त योजना में धनराशि को रूपये 51000/ से बढ़ाकर रूपये एक लाख किया गया है। जिसके अन्तर्गत कन्या के बैंक खाते में 60हजार रूपये एवं 25 हजार की वैवाहिक उपहार सामग्री, तथा 15 हजार रूपये विवाह कार्यक्रम आयोजन पर व्यय होंगे। 16 नवम्बर को भावना फार्म हाउस परीक्षितगढ़ तथा 18 नवम्बर को अवतार फार्म हाउस कुराली जानी में सामूहिक विवाह कराया जाना प्रस्तावित इच्छुक व पात्र व्यक्ति योजना की वैवसाईट पर आवेदन ऑनलाईन कर सकते है। इस अवसर पर रामकुमार, खण्ड विकास अधिकारी दौराला, सुनीत कुमार भाटी, खण्ड विकास अधिकारी सरधना व राम किशोर, खण्ड विकास अधिकारी सरूरपुर खुर्द, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी व समाज कल्याण विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इको फ्रेंडली पार्क और पक्षी आश्रय स्थल का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

परीक्षितगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी अलियारपुर में प्रधानमंत्री के आह्वान मिशन न्यू इंडिया से प्रेरित होकर निर्मित किए गए इको फ्रेंडली पार्क एवं पक्षी आश्रय स्थल का ब्लॉक प्रमुख ब्रह्मसिंह एवं जिला पंचायत राज अधिकारी विरेन्द्र सिंह, खंड विकास अधिकारी परीक्षितगढ़ राजेन्द्र कुमार तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत परीक्षितगढ़ डॉ. रामनरेश द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया गया। ग्राम प्रधान अफसाना एवं ग्राम पंचायत सचिव विक्रांत त्यागी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवमं सेव बर्ड्स की दिशा में किए गए इस कार्य की समूचे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ब्लॉक परीक्षितगढ़ में अनवरत नवाचार किए जा रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आदि कारणों से निरंतर पक्षियों की संख्या में कमी होती जा रही है। उसी दिशा में ग्राम पंचायत खजूरी द्वारा निर्मित किया गया। यह पक्षी आश्रय स्थल अद्भुत एवं सराहनीय है। ग्राम प्रधान अफसाना एवं ग्राम पंचायत सचिव विक्रांत त्यागी द्वारा बताया गया की बर्ड्स सेंचुरी के निर्माण से पक्षियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत डॉ. रामनरेश ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष नकुल धामा, ग्राम पंचायत अधिकारी अमर सिंह, उस्मान अली, प्रमोद प्रधान, जरीफ प्रधान, मोहित प्रधान, सलीम प्रधान तलहा आदि उपस्थित रहे।

**पर्यावरण प्रदूषण के कारणों से निरंतर पक्षियों की संख्या में हो रही है कमी: ब्रहम सिंह**

## एक नजर

### गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में बीआईएस क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में बुधवार को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स BIS गाजियाबाद शाखा द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं स्टैंडर्ड क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन शुचि द्विवेदी ने छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यप्रणाली, मानक निर्धारण की प्रक्रिया और गुणवत्ता जांच की जानकारी दी। इसके बाद स्टैंडर्ड क्लब के सदस्यों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने कास्टिक सोडा और रंग-रोगन पेंट के मानकों पर शानदार प्रदर्शन किया। यूविका ठाकुर व हर्षल खन्ना ने प्रथम, करन छारी व वानिया खान ने द्वितीय और तान्या सोम व आर्किता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन पूजा मेहता और शीरी ने किया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### फलावदा बस स्टैंड पर घंटों रेंगते रहे वाहन, गायब रही पुलिस, व्यापारियों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** पुलिस चौकी के समीप नगर के मेंन बाजार बस स्टैंड पर बुधवार को भारी भीड़ होने के कारण वाहनों की लंबी लाइन लगने से कई घंटे तक जाम लग रहा। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लेकिन पुलिस चौकी पर कोई भी दरोगा या सिपाही नहीं था। जाम लगने वाले मुख्य मार्ग पर भी बुधवार को पुलिस नहीं दिखाई दी नगर में प्रवेश करने वाले बातनोर मार्ग, खतौली मन्दवाड़ी मार्ग, लावड़ मार्ग, मैंन बाजार से मवाना अटल चौक मार्ग तक जाम लगने से दुपहिया व कार और बड़े वाहनों की लंबी लाइन लगने से लोगों को कई घंटे जाम में रहना पड़ा। सहकारी समिति के चेयरमैन तनजैब चौधरी, हनी रस्तोगी, डॉ. देवदत्त सैनी, संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के नगर अध्यक्ष विपिन रस्तोगी, प्रिंस बिश्नोई, अंकुश गोयल ओर गौरव बिश्नोई, आरव राजपूत आदि ने बताया कि कस्बे में आए दिन मुख्य मार्गों पर जाम लगा रहता है। इस संबंध में कई बार थाने में और तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर कस्बे को जाम मुक्त करने की गुहार लगाई लेकिन आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी का कहना है कि चौकी इंचार्ज को निर्देश दिया गया है जाम लगने वाले मुख्य मार्ग पर पुलिस तैनात रहेगी।

# तकनीक के साथ अपनी शिक्षा को ओर बेहतर बनाने में मदद मिलेगी: अंकुर राणा

## ज्ञानश्री कॉलेज सदरपुर में छात्र-छात्राओं को मिले टैबलेट, खिले चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** ज्ञानश्री कॉलेज बहसूमा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की और से छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किये गये। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अंकुर राणा, अध्यक्ष विनय देशवाल, सचिव मोहित तोमर एवं डायरेक्टर डॉ. स्वाति अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकुर राणा ने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित किया और उन्हें डिजिटल शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को आधुनिक तकनीक के साथ अपनी शिक्षा को ओर बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। संस्था के अध्यक्ष विनय देशवाल ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वामी विवे. कानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छात्रों को मुफ्त टैबलेट प्रदान किए गये। जिससे वे अपनी पढ़ाई में तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकें। कॉलेज के सचिव मोहित तोमर ने बताया यह पहल छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने और उनकी शैक्षिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए की गई है। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधन और शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। जिन्होंने छात्रों को इस योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी और उन्हें इसका अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में, मुख्य अतिथि अंकुर राणा ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानश्री कॉलेज बहसूमा की डायरेक्टर डॉ. स्वाति अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। जिन्होंने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोनिका, दिनेश कुमार, सोहनपाल, बॉबी कुमार, सानिया, राहुल, आरजू, राहुल यादव, नेहा, छवि, अर्पित कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वैदिक संस्कृति के उत्थान को तीन दिवसीय यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का 15 नवंबर को होगा शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में बुधवार को बुराड़ी तालाब के समीप ओम बलराम आर्य फार्म हाउस कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व आचार्य सत्यदेव स्वामी ने बताया कि राष्ट्र की सनातन वैदिक संस्कृति वेद धर्म के तत्वाधान में तीन दिवसीय यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का 15 नवंबर से 17 नवंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में वैदिक शिक्षा संस्कार और आयुर्वेदो के महत्व पर उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध विद्वानों आचार्य द्वारा वैदिक मत्रों के साथ वैदिक संस्कृति के उत्थान का गौरवशाली इतिहास का वर्णन प्रवचनों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड हरिद्वार, दिल्ली, हरियाणा, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मेरठ आदि जनपदों से विख्यात आचार्य, एवं भजनो उपदेशक भाग लेंगे। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत होंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन कर्ता समिति द्वारा प्रचार प्रसार के लिए निमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं और कार्यक्रम स्थल पर बड़े-बड़े टेंट, तंबू, मुख्य द्वार फूलों और लाइटो द्वारा सजाया जा रहा है इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम की व्यवस्था में 120 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# परीक्षितगढ़ में व्यापारियों ने बम ब्लास्ट की निंदा कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** संयुक्त व्यापार मंडल महामन्त्री शुभम वशिष्ठ के आवास पर नगर के व्यापारियों व नगरवासियों ने आतंकवादियों द्वारा दिल्ली मैं किया आत्मघाती हमले की निंदा की। जिसमें ग्यारह लोगों की कार में हुए बम ब्लास्ट से मृत्यु हुई। महामंत्री शुभम वशिष्ठ ने भारत सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की और आतंक वादियों को जड़ से खत्म करने की मांग की। इस मौके पर अंकित शर्मा, युग्म गोयल, अभिषेक चौधरी, चीकू दबथला, शशांक त्यागी, अमन कुमार, अनुज सैनी, डॉ. शोभित कुमार, उत्तम त्यागी, अर्पण शर्मा प्रणव महल, उमंग महल, विजय वीर सिंह आदि ने मृतकों को श्रद्धांजली अर्पित की। वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी दिल्ली बम ब्लास्ट में मारे गये लोगों की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं। जिससे बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं।

# शोभित में 14 व 15 को होगा राष्ट्रीय सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), मेरठ, भारतीय ज्ञान प्रणाली Indian Knowledge System–IKS के संवर्धन और उसके समकाल. ीन अनुप्रयोग के क्षेत्र में अपने निरंतर प्रयासों के अंतर्गत 14-15 नवम्बर को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। सम्मेलन का विषय है वैदिक दृष्टिकोण से भारतीय ज्ञान के समकालीन अनुप्रयोग और विस्तृत क्षितिज।

यह सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ICSSR एवं राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान ANRF द्वारा समर्थित है, जो शोभित विश्वविद्यालय की अकादमिक साख और भारतीय बौद्धिक विरासत को पुर्नस्थापित करने की दिशा में इसके सतत् योगदान का प्रमाण है। विश्वविद्यालय लंबे समय से भारतीय ज्ञान प्रणाली, योग, आयुर्वेद, वैदिक अध्ययन, नीति-शास्त्र, शिक्षा और सतत् विकास जैसे क्षेत्रों में शोध, प्रशिक्षण एवं नवाचार को प्रोत्साहित कर रहा है। कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी ने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय ने IKS को अपने अकादमिक ढांचे में एकीकृत करते हुए, छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए वैदिक व पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने की दिशा में अनेक पहल की हैं। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन उन प्रयासों का विस्तार है, जो भारतीय चिंतन को वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने की दिशा में कार्यरत हैं। प्रति कुलपति प्रो. डॉ. जयानंद ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने पर बल देती है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में IKS विषय पर नियमित कार्यशालाएं, शोध परियोजनाएं, वैदिक अध्ययन सत्र और नवाचारोन्मुख कार्यक्रम संचा. लित किए जा रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी भारत की प्राचीन बौद्धिक परंपरा से प्रेरणा ले सके। सम्मेलन को ओडिशा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। चयनित शोध-पत्रों को सम्मेलन सत्रों में प्रस्तुत किया जाएगा तथा उन्हें बुक ऑफ एब्स्ट्रैक्ट्स और कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स में प्रकाशित किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में शिक्षा एवं शिक्षण शास्त्र, विधि एवं शासन, योग एवं ध्यान, आयुर्वेद एवं समग्र स्वास्थ्य तथा भारतीय ज्ञान द्वारा सतत् विकास जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। सम्मेलन के साथ आयोजित स्वदेशी मेला में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, हर्बल उपचार और जैविक जीवनशैली से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को भारत की समग्र स्वास्थ्य परंपरा का अनुभव मिलेगा। शोभित विश्वविद्यालय के लिए यह आयोजन भारतीय ज्ञान प्रणाली के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका को और सशक्त करने का अवसर है। यह सम्मेलन भारत की प्राचीन बौद्धिक धरोहर को आधुनिक संदर्भों में पुन: खो. जने और सतत् विकास तथा मानव कल्याण के लिए उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# अतिरिक्त शुल्क को परीक्षा फॉर्म में दर्शाने की छात्र नेता ने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने के अंतिम दिन विलंब शुल्क लागू किया गया। फॉर्म भरते समय छात्रों से परीक्षा शुल्क 940 रुपये लिया गया विलंब शुल्क के नाम पर 250 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया गया। जिसके बाद छात्रों से सीधे 1190 रुपये का शुल्क कटा। लेकिन छात्रों के परीक्षा फॉर्म में 250 रुपये फीस अपडेट नही की गई। जिसके बाद छात्र नेता शान मुहम्मद ने विरोध किया, शान मुहम्मद ने आरोप लगाया कि जब सभी शुल्क परीक्षा फॉर्म में दर्शाया गया फिर विलंब शुल्क की फीस अपडेट क्यों नही की गई। इस तरह से इस फीस के माध्यम से घोटाला किया जाएगा जो बर्दाश्त योग्य नही हैं। उन्होंने मांग की है कि विलंब शुल्क को भी परीक्षा फॉर्म में दर्शाया जाए। शान मोहम्मद ने कहा कि छात्रों के अभिभावक की मेहनत की कमाई को विवि प्रशासन हराम की समझ रहा है। इसलिए वह छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार कर रहा है।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने जिला महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## कन्या जन्मोत्सव में लिया भाग, महिलाओं को दिए फल बच्चों को खिलाई खीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को अध्यक्ष उ.प्र. राज्य महिला आयोग बबीता सिंह चौहान द्वारा जिला महिला चिकित्सालय मेरठ में गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। अध्यक्ष ने गोद भराई में गर्भवती महिलाओ को फलो की टोकरी व अन्नप्राशन में बच्चो को खीर खिलाई व खिलौने दिये तथा कन्या जन्मोत्सव में बेबी किट का वितरण किया गया। उन्होंने वहां ओपीडी, अल्ट्रासाउंड सेंटर, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य व्यवस्थाओ को देखा।

उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजो को अच्छा उपचार मिलने के साथ-साथ उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाये। इसके बाद अध्यक्ष द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज मेरठ के शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। सर्किट हाऊस में बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र वितरण एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणो की समीक्षा बैठक व जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष द्वारा विभिन्न विभागो की जनकल्याणकारी योजनाओ की समीक्षा की गई और उनमें और प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर लाभार्थियो को लैपटॉप का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सदस्या राज्य महिला आयोग डॉ. हिमानी अग्रवाल, एसएसपी विपिन ताडा, एसपी देहात अभिजीत कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, डीपीआरओ वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय हिन्दुस्तान स्काउट गाइड शिविर के अन्तिम दिन बच्चों ने दी शानदान प्रस्तुति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र ग्राम इकला रसूलपुर स्थित गुडनेस पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के शिविर के अन्तिम दिन बच्चों ने टेंट लगाकर शिविर में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन परीक्षितगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार राय, स्कूल के चेयरमैन फखरे आलम एवं प्रधानाचार्य उमर फारुख ने झण्डा रोहन करके किया।

थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने और मन में आत्मविश्वास रखने की बात कही। अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रुहेला ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस अच्छे अवसर की आवश्यकता है और अखिल विद्या समिति बच्चों को आगे बढ़ाने का अवसर देगी। प्रबंधक फखरे आलम ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यकम में अंतर्राष्ट्रीय नारी परिषद की अध्यक्ष पूनम रुहेला, टीम तेजस्विनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वाति चौधरी, मिशन शक्ति की प्रभारी एवं टीम तेजस्विनी की प्रशिक्षण अधिकारी सब इंस्पेक्टर आरती यादव, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मानित जैनब खातून, जीवन ज्योति ऑर्गेनिक मिशन के प्रबंधक अश्वनी कुमार शर्मा, उस्मान अली, अदिति सिंह ने भी कार्यकम को संबोधित किया और स्काउट गाइड के शिविर की सराहना की, वहीं राज्य संगठन आयुक्त अजय साहनी ने बच्चों को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दिया और कैम्प लगाने के सभी नियमों के बारे में बताया इसके साथ ही स्कूल में टीम तेजस्विनी एवं टीम तेजस का गठन भी किया गया। जिसमें परीक्षितगढ़ की टीम तेजस्विनी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य वसीम अकरम, शानुल हक, अब्दुल समद, आकाश दीप, कुर्बान त्यागी, उज्ज्वल गर्ग, आर्यन त्यागी, हुजैफा खान ने भी बच्चों के कार्यों की प्रशंसा की। वहीं प्रधानाचार्य उमर फारूक ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# भाजपाइयों ने एसआईआर कार्यशाला का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को दौराला में बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र अहलावत के आवास पर ओर लोइयां में शक्ति केंद्र संयोजक विनीत गुर्जर के आवास पर मंडल, शक्ति केंद्र स्तर की एसआईआर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

जिसमें मुख्य अतिथि रहे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला प्रभारी मानसिंह गोस्वामी जिन्होंने आगामी चुनाव को लेकर रणनीति और वोट बनाने को लेकर विस्तार से बताया, कार्यक्रम की अध्यक्षता दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ओमप्रक. ाश पाल, मंडल महामंत्री रवि पूनिया, रणपाल प्रधान, मोहित राणा, संजय नामदेव, प्रदुमन जैन, मीनाक्षी पवार, लाजपाल सिंह, सुजीत राठी, अमित गुप्ता, डाक्टर धनेश, शिवदत्त शर्मा, मनोज शर्मा, अक्षय गुप्ता, विपिन चौधरी, अंकुर चौहान, प्रशांत अहलावत, मनोज, दीपक मुखिया, महिपाल सिंह, हरवीर सिंह, संतर पाल सिंह, जयवीर सिंह, बबलू सिंह, ऋषिपाल सिंह, रोनी, आलोक व पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हमारी छोरी छोरों से कम थोड़ी न है

## डीएम पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने शानदान प्रस्तुति देकर मन मोह लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के डीएम पब्लिक स्कूल की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन किया गया है। हमारी छोरी छोरों से कम थोड़ी न है इस कहावत को नगर के डीएम पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने पूरा कर दिखाया। सांसद खेल महोत्सव में नगर के डीएम पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने 10 पदक जीते। जे.पी. एकेडमी, मेरठ में 3 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित सांसद खेल महोत्सव में डीएम पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की 6 छात्राओं ने कुल 10 पदक अपने नाम किए, जिनमें 8 स्वर्ण 1 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। जिसमें गुरवाणी ढिल्लों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और गिल्ली डंडा में तीन स्वर्ण पदक जीते। सिद्धि भाटी ने अपने दमदार खेल वॉकाथॉन और गिल्ली डंडा में 2 गोल्ड मेडल हासिल किए। लक्षा शर्मा ने वॉकाथॉन में गोल्ड और 100 मीटर दौड़ में सिल्वर पदक प्राप्त किया। याशिका हून ने सैक रेस में गोल्ड और वॉकाथॉन में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अबीरा ने भी सैक रेस में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रविन्द्र चौधरी व प्रधानाचार्य विनोद सिंह ने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि डीएम पब्लिक स्कूल खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। और इस अवसर पर सभी 6 छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल डायरेक्ट भागेश्वरी चौधरी ने खिलाड़ियों की कोच रूबी हून को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य नई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना है। जिसमें डीएम पब्लिक स्कूल की टीम ने अपनी विशेष छाप छोड़ी। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर बरेली में पकड़ा, ओड़िशा से लाता था गांजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित अंतरराज्यीय तस्कर प्रेम सिंह निवासी मुरली बिचपुरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लाकर बरेली व आसपास के जिलों में सप्लाई करता था।

ANTF यूनिट आगरा-यूनिट ने 11 नवंबर को वांछित आरोपी प्रेम सिंह को उसकी मोबाइल लोकेशन के आधार पर ट्रैक किया। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर टीम ने फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव के बाहर कांठ रोड स्थित टीन शेड से उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रेम सिंह की गिरफ्तारी मुकदमा संख्या 370/2025, धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट, थाना फतेहगंज पश्चिमी, बरेली से जुड़ी है। इस केस में पहले ही आरोपी रामप्रताप उर्फ भानू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं, ओडिशा निवासी आरोपी सुषांत सिंह भी इस केस में वांछित चल रहा था।



सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक गौरा शर्मा, हेड कांस्टेबल धुर्रू कुमार, अल्ताफ, रीखा देवी और अन्य टीम सदस्यों ने कार्रवाई की। टीम ने बताया कि आरोपी प्रेम सिंह लंबे समय से फरार था और अलग-अलग राज्यों में ठिकाने बदलकर छिपा हुआ था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मुरली बिचपुरी बरेली का रहने वाला है और लंबे समय से रामप्रताप उर्फ भानू सिंह के साथ मिलकर गांजे की खरीद-फरोख्त करता था। वह ओडिशा से गांजा मंगवाकर बरेली और आस-पास के इलाकों में बेचता था। ओडिशा से सस्ता माल लाकर यहां ऊंचे दामों पर सप्लाई करने से वह अच्छा मुनाफा कमाता था।

गिरफ्तार आरोपी को फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब आरोपी के सहयोगियों और सप्लाई चौन से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

# आज निकलने वाली विशाल पदयात्रा को लेकर विधायक ने झोंकी ताकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विधानसभा क्षेत्र नवाबगंज में आज गुरुवार को विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी।

इस पदयात्रा की सफलता के लिए विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने अपनी पूरी ताकत झोंक डाली है। बुधवार को अखबार नबीसों को उन्होंने पदयात्रा को लेकर जानकारी दी। पदयात्रा का विधानसभा क्षेत्र के गांव वीजामऊ से सुबह 11 बजे शुभारंभ होगा, जो कई ग्रामों से होते हुए शाम को नगर के बाइपास चौराहा स्थित पटेल चौक पर आकर इसका समापन होगा। पदयात्रा को सफल बनाने के लिए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नत्थू लाल आर्य ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से इस पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है। दूसरी ओर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने पदयात्रा को लेकर क्षेत्र के उन ग्रामों का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया, और कार्यकर्ताओं को निर्देश भी दिए।

## एक नजर

# जहरीला पदार्थ खाकर जान देने वाले युवक की पत्नी और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**वीडियो जारी कर सास पर लगाया था घर बर्बाद करने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** थाना व कस्बा देवरनियां निवासी एक युवक द्वारा दो दिन पूर्व जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने के मामले मेंं युवक की सास और पत्नी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक ने आत्महत्या करने से पहले वीडियो जारी करके अपनी सास पर उकसाकर घर बर्बाद करने के आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खाने की बात कही है।

कस्बे के वार्ड चार मोहल्ला रामसहाय निवासी पूरनलाल के 22 वर्षीय पुत्र शिवनन्दन ने नौ नवम्बर रविवार की रात पत्नी पूजा से कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया था, उसकी भोजीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार दस नवम्बर को मौत हो गई थी। देवरनियां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। आत्महत्या करने वाले युवक के पिता पूरनलाल ने थाने में तहरीर दी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि नौ नवम्बर को उनके पुत्र का अपनी पत्नी पूजा से विवाद हो गया था, पूजा ने उनके लड़के कीं पिटाई कर दी थी। आरोप है कि पूजा ने मोहल्ला चौधरी कस्बा सेंथल थाना हाफिजगंज निवासी अपनी मां चम्पा देवी पत्नी रोशनलाल को बुला लिया, और चम्पा देवी पूजा को अपने घर ले जाने लगी, शिवनन्दन ने इसका विरोध किया, मगर वह पूजा को ले गई। आरोप है कि पूजा और चम्पा देवी ने ही उनके लड़के शिवनन्दन को आत्महत्या के लिए उकसाया, जिस कारण उसने आत्महत्या की।

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पूरनलाल की तहरीर पर चम्पा देवी और पूजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

# अजय कुमार चुने गए लेखपाल संघ के अध्यक्ष, योगेश बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** लेखपाल संघ की स्थानीय इकाई का चुनाव बुधवार को निर्विरोध सम्पन्न हो गया। चुनाव अधिकारी जिला कमेटी के कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष आकाशदीप शुक्ला के निर्देशन में सम्पन्न हुए चुनाव में तहसील के लेखपाल अजय कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, योगेश कुमार द्वितीय को मन्त्री, रंजीत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अर्जुन सिंह को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रिन्स गंगवार को उपमंत्री, नरायन कुमार को आडीटर के साथ ही राखी गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया।




पूरी इकाई का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न होने पर एसडीएम उदित पंवार, तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह के साथ समस्त तहसील कर्मियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी है।

# जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में अनीता गंगवार ने बाजी मारी, पाया पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में क्षेत्र की शिक्षिका ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर जहां अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है, वहीं शिक्षिका ने अपने क्षेत्र का भी मान बढ़ाया है।

जनपद की फरीदपुर तहसील स्थित डायट में आज बुधवार को हुई जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में जनपद के कई ब्लॉकों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता को नवाबगंज ब्लॉक के गांव धौरेरा के कंपोजिट उच्च प्राथमिक की योग शिक्षिका अनीता गंगवार और इसी ब्लॉक के गांव रत्ना चुन्नी लाल के प्राथमिक विद्यालय की स्वेता विष्ठ ने प्रतिभाग किया। जिसमें अनीता गंगवार ने पहला स्थान प्राप्त किया तो स्वेता विष्ठ ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मझगवां ब्लॉक से ललित शर्मा और फरीदपुर ब्लॉक से प्रियांक भारती ने भी क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया। इस योगा प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में गिरिजाकांत सिंह, संजीव राघव रहे। डायट की प्राचार्य दीप्ति वार्ष्णेय उप प्राचार्य मनोज कुमार ने प्रतियोगिता में विजई शिक्षकों से मेडल और प्रमाण पत्र सौंपे। शिक्षिका अनीता गंगवार की इस सफलता पर प्रवक्ता श्रीकांत मिश्रा के साथ ही प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमबाबू गंगवार, भाजपा नेता नत्थू लाल आर्य, मनोज दिवाकर, अजय गंगवार, सभासद रामप्रकाश गंगवार, पप्पू भईया आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# वार्षिक निरीक्षण से आता है शिशुओं व आचार्यो में निखार: हरीश गंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** विद्या भारती के विद्यालयों व सरस्वती शिशु मंदिरों में वार्षिक निरीक्षण भोजीपुरा संकुल के विद्यालयों में नौ नवम्बर से 12 नबम्वर तक गहनता से हुआ। सरस्वती शिशु मन्दिर, सेंथल, लावाखेड़ा, अहमदाबाद, रिछोला, बरौर, नकटी नारायणपुर भोजीपुरा सहित आदि विद्यालयों में हुआ।

निरीक्षक के रूप में उमेश कुमार प्रधानाचार्य दहिगवाँ बदायूँ, सुरेश जी जिला प्रमुख बिनावर बदायूँ, वीरेंद्र सिंह प्रधानाचार्य सैदपुर बजीरगंज, जितेंद्र कुमार प्रधानाचार्य गोटा बजीरगंज, रोहित गिरि बगरैन बदायूँ, शिवशंकर प्रधानाचार्य सेंथल, ओमकार सिंह कार्यालय प्रमुख, हरीश गंगवार जी भाई साहब पूर्व संभाग निरीक्षक व जिला समिति सदस्य जन शिक्षा परिषद बरेली लाल बहादुर गंगवार प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर भोजीपुरा बरेली आदि द्वारा तीन दिवस तक रहकर विद्यालयों की प्रत्येक गतिविधियों पठन-पाठन लेखा विभाग, परीक्षा विभाग आदि शिशु भारती छात्र संसद आदि को गहनता से देखकर मार्गदर्शन कर, नोट कर प्रान्त को प्रेषित किया।



सर्वप्रथम माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ववलित कर पुष्पार्चन कर वन्दना की गयीं, व अतिथि बन्धुओं को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रहे हरीश गंगवार ने कहा वार्षिक निरीक्षण से विद्यालय विकास व आचार्य परिवार के साथ शिशुओं का भी चहुमुंखी विकास होता है। गंगास्वरूप, दीपक सक्सेना, सुरेश आर्य, अविनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, आशीष देवल, घनश्याम दास, अनुभव शर्मा, विद्याराम गंगवार, नितेश कुमार, सूर्यप्रकाश प्रधानाचार्य, लाल सिंह प्रधानाचार्य, ब्रजपाल प्रधानाचार्य, हरीश गंगवार प्रधानाचार्य, महेश चन्द्र प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

# विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए भाकियू ने दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन ने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बदहाल होने की बात कहते हुए विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि लोड के मुताबिक ट्रांसफर की क्षमता बढ़ाई जाये और जर्जर तारों को ठीक किया जाये।



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड (तराई क्षेत्र) दानिश खान ने अधिशासी अभियंत विद्युत वितरण खंड बहेड़ी (बरेली) को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि ग्राम जुआ जवाहरपुर में आबादी के हिसाब से 63 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर, मण्डनपुर जनूवी में 100 केवीए के स्थान पर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाये। ग्राम चकनरकुंडा और जहाँ भी जर्जर विद्युत तार हैं उनको बदलवाया जाये। इसके साथ ही उन्होंने रूड़की रोड फायर ब्रिगेड के पास एवीसी केबल डालकर विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किए जाने की भी मांग की। मोहल्ला नूरी नगर में केबल न डलने से लोग लंबे समय से बिजली की समस्या से परेशान हैं। हड्डी खाने के पास लगाए गए 250 केवीए ट्रांसफॉर्मर के बावजूद शाहजी नगर तक एलटी लाइन चालू नहीं की गई है।

मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी में पावर हाउस के पास जर्जर एवीसी लाइन को ठीक कराने की भी माँग की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने शीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

# 18 नवम्बर से शुरू होगा केसर मिल का पेराई सत्र




**■ मिल चालू होने से पूर्व किया गया बॉयलर पूजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर चीनी मिल का पेराई सत्र आगामी 18 नवंबर से शुरू होगा। 15 दिसम्बर से क्रय केंद्रों पर गन्ने की खरीद शुरू हो जाएगी। चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू होने से पूर्व बुधवार को बॉयलर पूजन किया गया।

केसर चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू होने से पहले बुधवार को मिल अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में विधिवत तरीके से बॉयलर पूजन किया गया। इस मौके पर केसर मिल के सीईओ शरद मिश्रा ने बताया कि किसानों को अपने खेतों में अन्य फसले भी बोनी हैं, जिसको देखते हुए मिल का पेराई सत्र जल्द शुरू करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि मिल चालू होने के बाद नए सत्र का भुगतान 5-6 दिन के बाद देना शुरू कर दिया जाएगा।

# मन्दिर की भूमि पर कब्जा करने की योजना हुई धराशाही

**■ नगर पालिका ने जेसीबी से डलवाई मिट्टी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में जमीनों पर कब्जा करने का खेल पिछले कई सालों से चला आ रहा है। अब जमीन सरकारी हो या किसी और की, कब्जा करने वाले दबंग धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला नगर में सामने आया है। कस्बे के नए पुल किनारे एक काफी पुराना मंदिर है। जिस पर महंत शुक्रगिरी उसकी देखभाल करते आ रहे हैं। तीन दिन पहले बस्ती के सभासद अजय गंगवार के साथ ही भगवान दास, प्रवेश कुमार, बृजकिशोर, अशोक जोशी, सुभाष गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद, मुनेन्द्र पाल आदि ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर मंदिर की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। बस्ती वासियों का आरोप है कि पड़ोस के एक व्यक्ति ने अपनी हठधर्मी के चलते मंदिर की ओर दरवाजा खोल लिया है, उनकी योजना मंदिर की भूमि की ओर दुकान बनाने की थी। बस्ती वासियों ने नगर पालिका परिषद प्रशासन से मन्दिर का जीर्णोद्धार कराए जाने की भी मांग की थी, जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने मन्दिर का जीर्णोद्धार कराए जाने का आश्वासन भी दिया था।



आज गुरुवार को नगर पालिका परिषद की टीम मन्दिर स्थल पर जेसीबी मशीन लेकर जा धमकी, और मन्दिर स्थल का पटान शुरू करा दिया। अपने मकान का गेट बंद होता देख दरवाजा खोलने वाली महिलाओं ने डायल 112 को फोन किया, जिसपर पहुंची पुलिस ने मिट्टी का किया जा रहा पटान रुकवा दिया। पुलिस बस्ती वासियों से मामले की जानकारी कर बैरंग लौट गई।

नगर पालिका परिषद ने मन्दिर का जीर्णोद्धार कराए जाने के लिए समूचे क्षेत्र में मिट्टी का पटान करा दिया, जिससे मन्दिर की ओर दरवाजा लगाने वालों के दुकानें बनाने के मंसूबे पर पानी फिर गया। इस मामले में बस्ती में प्लाटिंग करने वाले प्रॉपर्टी डीलर अधिवक्ता प्रदीप सूरी ने बताया कि उन्होंने मन्दिर कि जगह छोड़ी थी, साथ ही जिसने मंदिर की ओर दरवाजा खोला है वह गलत है उनका रास्ता दूसरी ओर है।

# कैंट में बीएलओ-सुपरवाइजर का एसआईआर प्रशिक्षण संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में हुआ आयोजन**

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बरेली कैंट विधानसभा क्षेत्र-125 के बीएलओ और सुपरवाइजरों का एसआईआर (संक्षिप्त पुनरीक्षण) संबंधी प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण तहसील सदर स्थित सभागार में आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए मतदाता पुनरीक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण और मतदाताओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजरों से अपने बीएलओ के साथ नियमित बैठकें कर मतदाता पुनरीक्षण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बीएलओ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं या नहीं। यदि कोई बीएलओ कार्य नहीं कर रहा है, तो इसकी सूचना तत्काल एईआरओ को दी जाए।

संबंधित अधिकारियों को एसआईआर कार्यों की निरंतर निगरानी करने और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को समय पर त्रुटिहीन ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए गए। सुपरवाइजरों और बीएलओ को निर्देश दिए गए कि मतदाता पुनरीक्षण संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारी को सूचित करें, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके। प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, तहसीलदार सदर, चकबंदी अधिकारी प्रथम सहित सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# देशी बंदूक और तीन कारतूस के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक युवक को देशी बंदूक 315 बोर और तीन जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अंडरपास के पास रबर फैक्ट्री के मैदान में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी गौतम पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम भोलापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी बंदूक 315 बोर और 03 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। पुलिस ने मौके पर ही हथियार जब्त कर लिए और आरोपी को थाने लाकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी गौतम ने बताया कि वह मूल रूप से ग्राम भोलापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी का निवासी है और हरियाणा की एक कंपनी में प्लाई बोर्ड का काम करता है। उसने बाकी जानकारी अपने वकील के माध्यम से अदालत में देने की बात कही।



# सेमीखेड़ा मिल पर संकट के बादल तीसरे दिन भी नहीं चली मिल

**■ मिल प्रबंधन की नाकामी से किसानों में आक्रोश, उपसभापति भी संतुष्ट नहीं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बरेली जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा पर पेराई सत्र का शुभारंभ होघ्ने के बाद से ही संकट के बादल मंडराने लगे हैं। शुभारंभ को तीन दिन गुजर जाने के बाद भी मिल चालू नहीं हो सकी है। मिल चलाने के प्रयास में तीन नम्बर वॉयलर की मोटर बार-बार खराब हो रही है। जबकि डीएम ने शुरुआत से ही पूरी क्षमता से मिल चलाने के निर्देश मिल प्रबंधन को दिए थे।

बरेली जिले में एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा है। इसके 42वें वर्ष 2025-26 के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ सोमवार को मिल के अध्यक्ष डीएम अविनाश सिंह ने बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी बहोरनलाल मौर्य आदि के साथ किया था। इस बार 35 लाख क्विंटल से गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष से तीन लाख कम है।

पिछले सीजन में 38 लाख क्विंटल गन्ने का लक्ष्य था, मगर 23 लाख 20 हजार क्विंटल ही पेराई की थी। सूत्र बताते हैं कि मिल की मशीनरी में जो सामान लगाया गया है, वह सीए द्वारा कमीशन पर लिया गया था, जिस वजह से मिल चल नहीं पा रही है। बताते हैं कि मिल प्रबंधन ने मिल चालू करने की कोशिश की, मगर कामयाबी नहीं मिल सकी। तीन नम्बर वॉयलर बार-बार खराब हो रहा है, जिस वजग से मिल नहीं चल सकी है।




> अभी तक पर्याप्त मात्रा में गन्ना न होने की वजह से मिल नहीं चलने की बात कही जा रही थी, मगर शुभारंभ को तीन दिन गुजर जाने पर मिल न चलना गंभीर बात है। मैं मिल के अफसरों से बात कर डीएम से मिलूंगा।
>
> **सत्यपाल गंगवार**
> **उपसभापति**

इधर शुभारंभ के तीन दिन बाद भी मिल चालू न हो पाने पर किसानों में आक्रोश पनप रहा है। किसानों ने इसे मिल प्रबंधन की नाकामी बताई है। जब इस संबंध में मिल के उपसभापति सत्यपाल गंगवार से बात की गई तो वह भीघ मिल प्रबंधन से संतुष्ट नहीं दिखे। उनका कहना है कि वह इस बावत डीएम से मिलेगें।

इधर इस बावत मिल के जीएम से बात करना चाही, मगर उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# सेंट पॉल्स कॉन्वेंट स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के सेंट पॉल्स कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यालय में लगी इस प्रदर्शनी का विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने उदघाटन किया।

विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन के अवसर पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने कहा कि वर्तमान में विज्ञान और कंप्यूटर का समय है, उन्होंने छात्र-छात्राओं से नए-नए आविष्कार करने का आवाहन किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने छात्र-छात्राओं के कार्य की तारीफ करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय परिसर में लगाई गई इस विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने एक्सप्लोर इण्डिया 1947-2025, जुरासिक पार्क के साथ ही देश की प्रमुख इमारतें ताज महल, इंडिया गेट, लोटस टेमपल का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में पहुंचे विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार और नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर का विद्यालय के एमडी आनंद सैमसन ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर, अधिवक्ता सुधाकर लाल रस्तोगी, रघुवीर सिंह वीरे, राजीव गुप्ता, राजीव गंगवार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रेमलता अवस्थी, सुनील मिश्रा, सादिया के साथ ही विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की निर्मम हत्या

## परिजनों ने हंगामा कर आरोपियों के खिलाफ की कठोर कार्रवाई की मांग, फूट-फूटकर रोए परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के खत्ता मोहल्ला निवासी युवक की कब्रिस्तान के बाहर पुरानी रंजिश को लेकर युवक की ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक की हत्या के विरोध में बागपत सीएचसी पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा कर हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। बताया गया कि युवक 6 साल पहले अपने चचेरे भाई की पत्नी को लेकर फरार हो गया था और तब से वह सहारनपुर में रह रहा था। मृतक के चचेरे भाई तभी से उससे रंजिश रखते थे। बुधवार को मृतक की मां का इंतकाल हो गया था। वह अपनी मां के शव को सुपुर्द एक खाक कराने के लिए बागपत आया था। मगर उसके चचेरे भाईयों ने कब्रिस्तान के बाहर ही उसकी ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

बागपत निवासी नफीस पुत्र उमरद्दीन 35 वर्ष का निकाह दस साल पहले यासमीन के साथ हुआ था, जिससे उसके तीन बच्चें थे। पांच साल पहले उसकी पत्नी का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया था। कुछ दिन बाद उसका उसके चचेरे भाई की पत्नी के साथ अफेयर हो गया। परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो उन्होंने मृतक और उसके चचेरे भाई की पत्नी को समझाने का प्रयास किया। कुछ दिन बाद मृतक नफीस अपने चचेरे भाई की पत्नी को लेकर फरार हो गया और उससे निकाह करने के बाद सहारनपुर में रहने लगा। उसके चचेरे भाई तभी से उससे रंजिश रखते थे। बुधवार को नफीस की मां मकसूदी 60 वर्ष का इंतकाल हो गया था। परिजनों ने नफीस को उसकी मां के इंतकाल होने की सूचना दी। परिजन मकसूदी का शव लेकर कब्रिस्तान पहुंचे। वहीं मृतक भी पहुंच गया। जहां उसके चचेरे भाईयों ने उसे कब्रिस्तान के बाहर रोक लिया और उसकी ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक के बेटे अरमान ने बताया कि शोर सुनकर वह अपने परिजनों के साथ अपने पिता को बचाने के लिए पहुंचा तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। अन्य लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नफीस को सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे अरमान ने तीन महिला समेत 11 लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गई है। तहरीर के आधार पर जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मृतक नफीस के परिजनों ने पहले सीएचसी ओर फिर कोतवाली में जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस से हत्यारोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की



मृतक का फाइल फोटो

मांग की। इस दौरान सीएचसी में कोतवाली पुलिस तैनात रही। चिकित्सक के नफीस को मृत घोषित करने पर सीएचसी में परिजन फूट-फूटकर रो पड़े। उनका कहना था कि अगर वह अपनी मां के इंतकाल में मिट्टी देने के लिए आया था। हत्यारोपियों ने मां को मिट्टी भी नही देने दी और उसकी हत्या कर दी।











## खेलो इन्डिया गेंम्स में मानवी ने किया दूसरा स्थान प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** दिल्ली स्पोर्ट यूनिवर्सिटी में हुई खेल प्रतियोगिता में खैला की कक्षा 6 की छात्रा ने वेट लिफ्टिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया।

दिल्ली स्पोर्ट स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा व खैला निवासी 12 वर्षीय मानवी पुत्री अंकुल ने दिल्ली स्पोर्ट यूनिवर्सिटी में खेलो इन्डिया गेंम्स में वेट लिफ्टिंग गेम्स में 65 किलोग्राम भार में 35 किलो वजन उठा दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसके बाद गांव में खुशी का




माहौल है। गांव के लोग परिवार को बधाई देने मे लगे है।

## बागपत अब रोजगार सृजन में रच रहा नए कीर्तिमानः सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में रोजगार सृजन और सुशासन का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बुधवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में आयोजित वृहद रोजगार मेला अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुआ। मिशन रोजगार के तहत आयोजित इस मेले ने न केवल हजारों युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान किए, बल्कि बागपत को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक प्रगति की नई दिशा भी दी।

इस मेले का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्र जसवंत सिंह सैनी, छपरौली विधायक डा.अजय कुमार और जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बागपत अब रोजगार सृजन में नए कीर्तिमान रच रहा है। अब हमारे युवाओं को अपने ही जिले में बेहतर अवसर मिल रहे हैं, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुशासन, पारदर्शिता और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल नौकरियां उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि प्रत्येक युवा को उसकी योग्यता, कौशल और अभिरुचि के अनुसार सम्मानजनक रोजगार देना है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कोई भी युवा निराश न रहे, कोई भी हाथ खाली न रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला सहायता रोजगार अधिकारी, उपयुक्त उद्योग अर्चना तिवारी, अधिशासी अधिक. ारी केके भड़ाना, रमाला शुगर मिल उपसभापति जयदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## खाली प्लॉट में जमा प्लास्टिक के ढेर में लगी आग, धुआं ही धुआ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा तहसील के समीप एक खाली प्लॉट में जमा प्लास्टिक के ढेर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और घना धुआं देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पाठशाला पुलिस चौकी के कर्मी और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे पास खड़ी झाड़ियों में आग फैलने और किसी बड़ी घटना की आशंका टल गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझने के बाद राहत की सांस ली। यह प्लास्टिक का ढेर किसने और क्यों इकट्ठा किया था, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। आग लगने का कारण भी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं, जिन्होंने शायद आग लगाई होगी। पुलिस प्रत्येक बिंदु पर जांच कर रही है और यह पता लगाने की को. शिश कर रही है कि प्लास्टिक यहां किसने जमा की थी।

## बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीण हमलों से दर्जनों लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा तहसील के सुनहेड़ा गांव में ग्रामीण बंदरों के आतंक से परेशान हैं। बंदरों के हमलों में अब तक दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। ग्रामीण लगातार अधिकारियों से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बंदरों के झुंड गांव के अलग-अलग स्थानों पर रहते हैं और आए दिन ग्रामीणों पर हमला करते हैं। इससे गांव में भय का माहौल है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी अभिभावक अब अपने साथ लेकर जाते हैं ताकि वे सुरक्षित रहें।

ग्रामीण मनोज, राहुल और जयकुमार ने बताया कि पिछले काफी समय से गांव में बंदरों की संख्या बहुत बढ़ गई है। ये बंदर घरों की छतों पर भी रहते हैं, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में हमेशा डर बना रहता है। समस्या का समाधान न होने पर ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर प्रशासन से जल्द से जल्द बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों को आए दिन जोखिम उठाना पड़ेगा। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि गांव में जल्द ही एक टीम भेजी जाएगी और बंदरों को पकड़वाने की कार्रवाई की जाएगी।



## एएसपी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बागपत पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी शाखाओं का दौरा किया और पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी ने क्राइम ब्रांच, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, डीसीआरबी और महिला सहायता प्रकोष्ठ सहित सभी महत्वपूर्ण शाखाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक शाखा में पहुंचकर वहां के कामकाज की समीक्षा की। प्रवीण सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों को कार्य में किसी भी तरह की लाप. रवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य



समय पर पूरे होने चाहिए और अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपस्थिति को लेकर भी एडिशनल एसपी ने सख्त हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो पुलिसकर्मी समय पर अपनी शाखा में उपस्थित नहीं होगा, उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एएसपी ने यह भी निर्देश दिए कि कार्यालय में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का समय पर और प्रभावी ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला संबंधी शिकायतों पर त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने पर जोर दिया।व

## जसवंत सिंह सैनी ने किया रोजगार मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सम्राट पृथ्वीराज डिग्री कॉलेज में एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने मेले का शुभारंभ किया और बागपत प्रशासन की सराहना की।

इस अवसर पर राज्य मंत्री सैनी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को उज्जवल भविष्य के अवसर मिलते हैं। इस रोजगार मेले में सैकड़ों युवाओं का चयन हुआ। हालांकि, कुछ युवा रोजगार मेले में मिली जॉइनिंग प्रक्रिया से असंतुष्ट दिखे। युवाओं का आरोप है कि उन्हें सीधे कंपनी में भर्ती का आश्वासन देकर मेले में बुलाया गया था, लेकिन अब ठेकेदार के माध्यम से जॉइनिंग दिलाई जा रही है, जिससे वे संतुष्ट नहीं हैं। इस बीच, स्कूल



की छात्रा आयुषी जैन ने बताया कि उन्हें सुबह स्कूल पहुंचने पर रोजगार मेले में बुलाया गया। कक्षा 12 की छात्रा होने के नाते उनका रोजगार से सीधा संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक अनुभव हो सकता है, लेकिन उनकी पढ़ाई बाधित हुई। बागपत प्रशासन ने आयोजन को लेकर पूरी सतर्कता बरती। सुरक्षा की दृष्टि से मेले में भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। रोजगार मेले में छपरौली विधायक अजय कुमार, जिला. धिकारी अस्मिता लाल, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.यशवीर सिंह सहित जनपद के कई अधिक. ारी मौजूद रहे।

## मेले में 74 से अधिक कंपनियों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेले में 74 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें बागपत, गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली-एनसीआर की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयाँ शामिल थीं। इन कंपनियों में विनिर्माण, सेवा, आईटी, रिटेल, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर, एफएमसीजी और सुरक्षा सेवाओं से जुड़ी अग्रणी संस्थाएँ सम्मिलित रहीं। रोजगार मेला युवाओं के उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा। दिनभर चलने वाले इस आयोजन में कुल 3,203 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 2191 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। इनमें कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल सभी वर्गों के प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार के अवसर मिले।

विशेष रूप से उल्लेखनीय यह रहा कि 14 दिव्यांगजन भी चयनित हुए, जिन्हें उनकी क्षमता और कौशल के अनुरूप अवसर प्रदान किए गए और जोमैटो जैसी कंपनी में उन्हें रोजगार मिले। यह मेला वास्तव में ह्समावेशी विकासह्न का जीवंत उदाहरण बन गया, जहाँ किसी भी व्यक्ति को उसकी शारीरिक या सामाजिक स्थिति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी प्रतिभा और योग्यता के आधार पर अवसर दिया गया। रोजगार विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से आयोजित यह मेला प्रदेश सरकार की उस नीति का मूर्त रूप प्रतीत हुआ, जिसके अंतर्गत ह्हर हाथ को काम, हर युवा को सम्मानह्न का लक्ष्य रखा गया है। आयोजन में कंपनियों ने युवाओं के साथ ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू किए और कई अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।

## हाट पैठ हटाने को लगाया नोटिस बोर्ड, मंडी संचालकों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नगर पंचायत के समीप अस्थायी सब्जी मंडी खाली कराने और अतिक्रमण न करने के लिए मंडी परिसर में नोटिस बोर्ड लगाया गया है जिससे लेकर किसानों और मंडी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है जिससे लेकर मंडी संचाल. कों ने मंडी हटाने के लिए कुछ माह का समय देने की मांग की है।

रटौल में पूर्वी यमुना नहर के समीप 2003 में एक हाट पैठ का निर्माण वर्ल्ड बैक द्वारा कराया गया था जिसका उदधाटन उस समय की जिलाधिकारी कामनी रतन चौहान ने किया था तभी से यहा रोजाना हजारों लोग समान खरीदने और फेकने आते है कस्बें के लोग भी सुबह के समय घर के लिए लिए सब्जी खरीदने के लिए पहुंचते है। इसके अलावा 10 वर्ष पहले रटौल



के ग्राम प्रधान जुनैद फरीदी ने एक सब्जी मंडी का निर्माण पानी की टंकी के समीप कराया था जिसमे दूरी और जंगल होने के कारण यह हाट पैठ वहा सिफ्ट नही की गयी और मंडी संचालक यही मंडी चलाते आ रहे है। बुधवार सुबह नायब तहसीलदार वशिंका और ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने सब्जी मंडी (हाट पैठ) पहुंच वहा नोटिस बोर्ड लगवाया और सब्जी मंडी खाली करनै और अतिक्रमण न करने को कहा उन्होंने मंडी संचाल. कों को दूसरी जगह मंडी लगाने के लिए कहा जिससे लेकर मंडी संच. ालकों और किसानों में हड़ंप मच गया। मंडी संचालक जाकिर, रवि, हाजी मुज्जकिर, मुन्नी आदि ने कहा कि रोजाना रटौल और क्षेत्र से हजारों लोग मंडी आते है। अचानक मंडी हटने से लोगो को परेशानी होगी।

इसलिए उन्हें कुछ माह का समय दिया जाये उधर रटौल नगर पंचायत ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दो वर्षो से मंडी संचालकों को नगर पंचायत की जमीन खाली करने को कहा जा रहा है। उक्त जमीन पर मैरिज होम और दुकाने बनाये जानी है जिससे नगरप. ंचायत को आमदनी हो सकेगी मंडी के लिए जगह आवटिंत है मंडी संचालकों को सफाई करा वह जमीन पर जगह आवंटित की जायेगी जब तक मंडी संचालक अस्थायी रूप से अन्य प्राईवेट जगह पर मंडी चला सकेगे।

## एक नजर

### मान स्तंभ है गर्व को मिटाने वाला: नयन सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में आचार्य नयन सागर महाराज ने कौशल सभागार में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मान स्तंभ का अर्थ है अहंकार का स्तंभ या गर्व को मिटाने वाला स्तंभ। जैन मंदिरोंमें एक ऊँचा स्तंभ होता है जो मंदिर के प्रवेश द्वार के पास स्थित होता है और इसका उद्देश्य भक्तों के अहंकार को खत्म करना है। यह स्तंभ एक प्रकार का प्रतीक हैं, जो व्यक्त को यह याद दिलाता है कि ईश्वर के समक्ष कोई बड़ा या छोटा नहीं है और सभी को विनम्रता के साथ मंदिर में प्रवेश करना चाहिए। मान स्तभ का मुख्य उद्देश्य भक्तों के अहंकार को दूर करना है। दूर से ही इस ऊँचे स्तंभ को देखकर व्यक्ति को यह स्मराण होता है कि सभी आत्माएँ एक समान हैं और अहंकार को त्याग कर ही मोक्ष की ओर बढ़ा जा सकता है। मानस्तंभ भक्तों में विनय और नम्रता की भावना जगाता है। यह बताता है कि भगवान के सामने सिर झुकाना ही सच्ची भक्ति है और जब व्यक्ति अपना अभिमान छोड़ देता है, तभी वह आत्मा की सच्ची पहचान कर सकता है। मान स्तंभ आत्मा की ऊँचाई और महानता का भी प्रतीक है। यह दर्शाता है कि मनुष्य भी अपने भीतर की शक्ति को पहच. ानकर महान बन सकता है। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 14 नवंबर से 16 नवंबर तक होने वाले मान स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। दिगंबर जैन हाई स्कूल एसोसिएशन, दिगंबर जैन समाज समिति, नगर के सभी जैन मंदिरों की कमेटिया, नमोकार महामंत्र प्रचार समिति, अतिथि भवन पुजारी संघ, पंच परमेष्ठि प्रचार समिति, जैन तीर्थ यात्रा संघ समिति, जैन मिलन परिवार, विमर्श जागृति मंच आदि अनेक संस्थाएं कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी हुई है।

### युवाओं को मिला 12,000 से 35,000 वेतनमान पर रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि यह मेला केवल रोजगार देने का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय उद्योगों और मानव संसाधन के बीच सेतु बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि कोई भी कुशल युवा बेरोजगार न रहे। अब रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि उद्योगों और युवाओं को स्थानीय स्तर पर जोड़ा जा रहा है। इस रोजगार मेले की तैयारी प्रशासन ने अभूतपूर्व स्तर पर की थी। सेवायोजन विभाग, यूपीसीडा, उद्योग विभाग, स्वास्थ्य, आयुष, खाद्य सुरक्षा, लोक निर्माण और ग्रामीण अभियंत्रण विभागों के संयुक्त समन्वय से बागपत, बड़ौत, खेकड़ा, अहेड़ा, डूंडाहेड़ा, काठा आदि क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों को जोड़ा गया। स्थानीय कंपनियों की सक्रिय भागीदारी इस मेले की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। बागपत के युवाओं को अपने घर के पास ही 12,000 से 35,000 वेतनमान पर रोजगार मिला। जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार के अनुसार, ह्नूड प्रोसेसिंग, वस्त्र, बैंकिंग, होटल इंडस्ट्री, कृषि आधारित उद्योग, पैकेजिंग और तकनीकी सेवाओं से जुड़ी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर चयन किया। महिलाओं और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए अलग पंजीकरण एवं इंटरव्यू डेस्क बनाए गए। कई दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियुक्त कर कंपनियों ने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने स्वयं दिव्यांग अभ्यर्थियों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति केवल 'सक्षम' ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में अद्भुत कौशल रखते हैं। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समापन सत्र में सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बागपत में आयोजित यह वृहद रोजगार मेला न केवल एक कार्यक्रम है, बल्कि यह सुशासन और जनसहभागिता की सच्ची झलक है। जिस तरह से प्रशासन, उद्योग जगत और युवा एक मंच पर एकत्रित हुए हैं, वह विकसित होते उत्तर प्रदेश की दिशा में एक ठोस कदम है। सांसद डा.सांगवान ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जिस मिशन रोजगार को जनआंदोलन का रूप दिया है, उसका सबसे सुंदर उदाहरण आज बागपत में देखने को मिला है। हमारे जिले के हजारों युवाओं को आज अपने ही जनपद में सम्मानजनक रोजगार मिलना, इस बात का प्रमाण है कि सरकार की नीतियाँ अब धरातल पर साकार रूप ले रही हैं। बागपत की स्थानीय कंपनियों ने भी इस पहल की सराहना की। वर्षा डिजिटल कलर लैब एवं सब्लिमेशन के सीईओ विनय मलनिया ने कहा कि इस मेले से हमें प्रशिक्षित और जिम्मेदार स्थानीय कर्मचारी मिले हैं। यह प्रयास उद्योगों और युवाओं दोनों के लिए लाभकारी है। मेले में मशीन ऑपरेटर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, सुपरवाइज़र, अकाउंटेंट,लैब एनालिस्ट, टेक्सटाइल डिजाइनर, ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, डेटा एंट्री ऑपरेटर और कस्टमर केयर जैसे सैकड़ों पदों के लिए चयन हुआ। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।

# शिक्षा और संस्कृति का अनूठा संगमरू गोस्वमीज मॉम्स प्राइड स्कूल में राजनिष्ठा 2025 का भव्य आयोजन





शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जंगरोली पुल के पास स्थित गोस्वमीज मॉम्स प्राइड स्कूल में विद्यालय का प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह राजनिष्ठा 2025 अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जिले के एकमात्र CISCE बोर्ड से संबद्ध विद्यालय होने के नाते, यह आयोजन शिक्षा, कला और भारतीय विरासत के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

राजनिष्ठा, जिसका अर्थ है राजसी निष्ठा या संस्कृति का शासन, छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए विविध कार्यक्रमों में पूरी तरह से परिलक्षित हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक प्रवद्धानंद मौजूद रहे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि, आज राजनिष्ठा के मंच पर मैंने केवल कला प्रदर्शन नहीं देखा, बल्कि भारत के गौरवशाली अतीत, प्रेरणादायक वर्तमान, समृद्ध संस्कृति, अटूट आस्था और अदम्य शौर्य की एक जीवंत झाँकी देखी, जो सशक्त, समृद्ध और विश्वगुरु बनने वाले भारत के भविष्य की ओर इंगित करती है। यही वह नींव है जिस पर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और एक मनमोहक स्वागत नृत्य से हुई, जिसके बाद छात्रों ने भारतीय कला और विरासत के हर पहलू को जीवंत कर दिया। इसके अतिरिक्त, छात्रें ने सामूहिक योगाभ्यास के माधयम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बताया। छात्रें द्वारा प्रस्तुत नाटड रूपांतरणों में भारत के महान याद्धाओं के जीवन और उनके शासनकाल को दर्शाया गया।

यह सभी प्रस्तुतियां एक अनूठी सोच के साथ दर्शायी गयीं। देश के लिए बलिदान देने वाले नायकों को समर्पित प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने सभी को भावुक कर दिया। सभी छात्रें ने इन सभी के मंचन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधाता और क्षेत्रीय उत्सवों का प्रदर्शन रंगारंग नृत्यों के माधयम से सभी प्रस्तुतियां की गयीं। छात्रों ने नृत्य और लघु नाटिकाओं के माधयम से सामयिक और ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। यह वार्षिक समारोह पीलीभीत जिले के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी, क्योंकि गोस्वमीज मॉम्स प्राइड स्कूल इस क्षेत्र का पहला ऐसा विद्यालय बन गया है जिसने भारत की विविधा संस्ख्रति का इस भव्यता से जश्न मनाया है। विशेष रूप से, मल्खम्ब और पाईका अखाड़ा जैसे शौर्य प्रदर्शनों को पीलीभीत में किसी भी स्कूल द्वारा पहली बार मंच पर उतारा गया। राजनिष्ठा के मंच पर छात्रें ने न केवल विभिन्न युद्ध कलाओं, लोक नृत्यों और क्षेत्रीय उत्सवों को प्रदर्शित किया, बल्कि देश की सर्वश्रेष्ठ परंपराओं, संस्कृति और विरासत को सभी दर्शकों के सामने परिचय कराने का कार्य भी किया। यह आयोजन एक बार फिर सिद्ध करता है कि यह संस्था छात्रों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नेतृत्व का संकल्प और मार्गदर्शन

विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा, राजनिष्ठा हमारे छात्रों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का प्रतीक है। हम यहां ऐसे नागरिक तैयार कर रहे हैं जो न सिर्फ करियर में सफल हों, बल्कि अपने देश की संस्कृति और मूल्यों के प्रति भी सजग हों। चेयरपर्सन डॉक्टर सोनिया गोस्वामी ने कहा, इस वार्षिक समारोह का उद्देश्य बच्चों को एक ऐसा मंच देना था जहाँ वे अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर कर सकें। प्रधानाचार्य जया घोष ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा, ष्यह आयोजन हमारे छात्रें की रचनात्मकता, अनुशासन और टीम भावना का प्रमाण है। पूरे कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन विष्णुप्रिया और अभिनव ने किया, जबकि मंच की गरिमापूर्ण एंकरिंग सिद्धि सिंह और वैशाली शर्मा ने बखूबी निभाई। इस स्फल आयोजन के पीछे विद्यालय के समर्पित शिक्षक और समस्त स्टफ का अथक परिश्रम और मार्गदर्शन रहा। राजनिष्ठा 2025 का समापन एक यादगार शाम के रूप में हुआ, जिसने पीलीभीत के शैक्षिक परिदृश्य में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

# इंटर कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित




शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** नगर पालिका परिषद द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं का स्वच्छता में योगदान का कार्यक्रम विद्यालय की छात्राओं के साथ स्वच्छता पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा नौ एवं दस की छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें उनके द्वारा अलग-अलग प्रकार के महिलाओं का स्वच्छता में योगदान के पोस्टर बनाए गए।

प्रतियोगिता उपरांत नगर पालिका लेखा लिपिक शुभम भारती एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद भास्कर एवं अध्यापक संतोष, सादाब अजीम तथा सीएचसी टांडा से काउं. सलर रेणु शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा प्रतिभागी सभी छात्रओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

साथ ही महिलाओं के द्वारा स्वच्छता में किए गए कार्यों का वर्णन कर स्वच्छता के प्रति सभी छात्राओं को जागरूक किया, और यह भी आग्रह किया कि सभी छात्राएं अपने परिवार एवं रिश्तेदार मोहल्ले में आदि सभी को स्वच्छता हेतु जागरूक करेंगी स्वच्छता हेतु नगर पालिका परिषद टांडा का सहयोग भी करेंगी।

# एसएसबी सीमा चौकी नौजुलिया में प्री रिक्रूटमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** तहसील काली नगर क्षेत्र के इंडो नेपाल सीमा स्थित 49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किस सीमा चौकी नौजुलिया में बुधवार को कमांडेंट शेर सिंह चौधरी के निर्देशन में प्री रिक्रूटमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत महिंद्रा स्किल्स ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों को दिया जाएगा। प्रशिक्षण की शुरुआत कार्यवाहक कमांडेंट दीपक शाही की अध्यक्षता में विधिवत रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण में उप निरीक्षक मान सिंह के नेतृत्व में 85 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 12 नवंबर से 18 नवंबर तक प्रशिक्षक इमरान वारसी और सुनील कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र द्वारा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 12 नवम्बर 2025 को जिला चिकित्सालय पीलीभीत में संचालित सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र द्वारा पीलीभीत बैंकट हाल में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार एवं उपप्रधाानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पीलीभीत, डक्क अरुण सिंह द्वारा किया गया। शि. विर का संचालन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार, जिला महिला चिकित्सालय पीलीभीत के नेतृत्व में किया गया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रओं एवं मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी, टीबी आदि की जांचें सम्मिलित थीं। जांच कार्य में डॉ महाव. ीर सिंह द्धजनरल फिजीशियन, डॉ. हेमलता सक्सेना डेंटल विभाग, डॉ. आशा गंगवार स्त्री रोग विभाग, डॉ. एस.पी. सिंह चर्म रोग विभाग द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। परामर्शदाता पूनम गंगवार एवं अना. मिका गंगवार द्वारा मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। सोमप्रकाश गंगवार द्वारा एचआईवी आरटीआईध एसटीआई संबंधी परामर्श एवं उपचार सेवाएं दी गईं।

टीबी विभाग से श्री रामनरेश द्वारा मरीजों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। शि. विर में कुल 512 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ, जिनमें 196 मरीजों की सिफलिस जांच की गई। शिविर के सफल संचालन में एचआईवी नियंत्रण क्षेत्र के प्रबंधाक हर्ष राय मैनेजर सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र का विशेष योगदान रहा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर साम. ुदायिक स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पीलीभीत की प्राचार्या डॉ. संगीता ने इस शिविर की स्फलता पर समस्त चिकित्सा दल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जन-जागरूकता को बढ़ावा देते हैं बल्कि विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

# अज्ञात कारणों से पशुशाला में लगी आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** तहसील कलीनगर की ग्राम पंचायत के हरिपुर फुलहर के मौजा नवदिया टोडर में मंगलवार देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस अग्निकांड में किसान संजीव कुमार पुत्र गोधान लाल के गौशाला में दो गाय बुरी तरह जल गई तथा भरा हुआ भूसा, तख्त, इंजन सेट आदि सामान भी जल गया।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर शाम संजीव कुमार अपनी गौशाला से दुकान पर गया था जब आ रहा था तो देखा उसकी गौशाला में अचानक आग की लपटें उठती देखी गईं। आग लगने का कारण अभी तक अज्ञात बना हुआ है। किसान संजीव कुमार ने तुरंत 112,अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। वहीं किसान संजीव ने बताया कि आग तेजी से फैली और गौशाला में भरा भूसा और अन्य सामान देखते ही देखते जलने लगा और गायों को जैसे तैसे बाहर निकाला गया। वहीं सूचना मिलते ही अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची।

दमकल की गाड़ियों के साथ-साथ, ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक बाड़े में रखा पूरा भूसा व अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

किसान संजीव की पशुशाला में क्षेत्रीय लेखपाल अरविंद कुमार ने पहुंचकर स्थलीय जांच की आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने डीसीसी का किया औचक निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने प्रातः बजे डीसीसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। निरीक्षक के दौरान उन्होंने कंट्रोलरूम में दूरभाष पर कई बीएलओ से उनके कार्यो समीक्षा की। इस दौरान कन्ट्रोलरूम में एसआईआर के अन्तर्गत कई लोग अपना दस्तावेज लेकर आये थे, जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुना तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि.रा. उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार कश्यप, डीसीसी का स्टाफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# टाइगर रिजर्व प्रशासन और वन विभाग की नाकामी की भेंट चढ़ा एक और किसान

## खेत पर काम कर रहे किसान हो बाघ ने बनाया निवाला, ग्रामीणों में आक्रोश



शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में मान वन्यजीव संघर्ष का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को बराही रेंज की नवदिया बीट में बाघ ने खेत में काम कर रहे एक किसान पर हमला कर उसकी जान ले ली।

हमले के बाद बाघ किसान के शव को घसीटकर जंगल के अंदर ले गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ने बुधवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान शव बरामद किया। घटना टांडा छत्रपति गांव की है ग्रामीण छोटे लाल पुत्र खेमकरन उम्र लगभग 50 वर्ष मंगलवार को रोज की तरह अपने खेत पर काम करने गए थे उनका खेत जंगल के किनारे सटा हुआ था। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले बाघ ने उन पर हमला कर दिया। किसान के चीखने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक बाघ किसान को घसीटकर जंगल के अंदर ले जा चुका था।

ग्रामीणों ने तत्काल सूचना वन विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बराही रेंज के अधिकारी, वनकर्मी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे और देर शाम तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन अंधेरा होने की वजह से स्फलता नहीं मिली। बुधावार सुबह दोबारा सर्च अभियान शुरू किया गया, जिसमें कुछ दूरी पर जंगल के भीतर किसान का शव कई टुकड़ों में बरामद हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दो बच्चे एक लड़की उम्र 16 वर्ष व एक लड़का उम्र 12 वर्ष है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

घटना के बाद से स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों में टाइगर राजा प्रशासन और वन विभाग के खिलफ़ भारी आक्रोश है ग्रामीणों का कहना है कि टाइगर रिजर्व के अधिकारी और वन विभाग के अधिकारियों की नाकामियों के चलते जंगली जानवर लोगों को अपना निवाला बना रहे हैं। मौके पर पहुचे पूरनपुर विधायक पुत्र तुराज पासवान ने मृतक के परिजनों की हर संभव मदद एवं सरकार द्वारा मिलने बाले मुआबजे को दिलाने का आश्वा. सन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में बाघ की गति. विधियां लगातार बढ़ रही थीं। गांव के आस-पास के खेतों में मवेशियों पर हमले की घटनाएं भी हुई थीं। बावजूद इसके वन विभाग ने सुरक्षा के ठोस इंतजाम नहीं किए। अब किसान की मौत के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इलाके में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था और बाघ की निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

### बाघ की गतिविधायों पर नजर रखने के लिए लगाए जा रहे कैमरा ट्रैप

बराही रेंज के रेंजर ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। बाघ की गतिविधायों पर नजर रखने के लिए कैमरा ट्रैप लगाए जा रहे हैं और टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल की सीमा में अकेले न जाएं और किसी भी संदिग्ध हलचल की तुरंत सूचना वन विभाग को दें। गौरतलब है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में यह इस माह की दूसरी घटना है। लगातार हो रही बाघ की दहशत ने ग्रामीणों में भय का माहौल बना दिया है। वन विभाग की टीम अब घटना की जांच कर रही है और इस बात की कोशिश में जुटी है कि मानव वन्यजीव संघर्ष की पुनरावृत्ति न हो सके।

# अज्ञात चोर तहसील गेट के पास खड़ी क्रेटा कार ले उड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** बीती रात्रि अज्ञात चोर तहसील गेट के पास खड़ी व्यापारी की क्रेटा कार ले उड़े। नगर के अस्दुल्लापुर निवासी गुरमीत सिंह ने 11 नवंबर को रात्रि लगभग 1रू00 लखनऊ से वापस लौटे तो मिलक नगर में तहसील गेट के बराबर में अपनी दुकान के पास अपनी कार क्रेटा रामपुर नंबर खड़ी कर दी और गुरमीत सिंह अपने घर को चले गए। जब सुबह गुरमीत सिंह अपनी कार को दुकान के पास खड़ा ना देख पैर तले जमीन खिसक गई।

आसपास दुकानदारों से भी पूछताछ की लेकिन कोई भी सटीक जानकारी नहीं मिली। इस संबंधा में गुरमीत सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है कि मेरी कार को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं तहरीर मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को पान दरीबा किला गेट से लेकर जमा मस्जिद तक सड़क बनाने को लेकर जनसेवा समिति की ओर से जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जन सेवा समिति के जिला अध्यक्ष वसीम उल हसन खान बोलते हुए कहा की नगर पालिका द्वारा आज से दो वर्ष पहले पान दरीबा किला गेट से लेकर जामा मस्जिद सर्राफा बाजार तक की सड़क की नपत हुई थी लेकिन आज डेढ़ वर्ष बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। इसी संदर्भ में जन सेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अधिकारी से मिला था जिसमें ज्ञापन सौंपा गया था। उसके बाद इस सड़क का नगर पालिका ने बजट में पास भी हो गया था लेकिन उसके बाद भी यह सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। किला गेट पान दरीबा से जमा मस्जिद सरफ़ा बाजार की मुख्य सड़क हे जहां पर दुकानदारो को परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गढे हो गए हैं माल की रिक्शा पलट जाती है यह सड़क पिछली 20 वर्ष पुरानी है। इस सड़क का निर्माण न होने की वजह से व्यापारियों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने जिलाधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से सड़क का निर्माण हेतु आदे. शित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में वसीमुल हसन खां, हारिस शम्सी, वसी खान, शाह खालिद, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, मुकर्रम मियां, तिब्बयान अहमद, शिराज शमसी, शिबू खान, छोटे लाल, अमन गुप्ता, अशोक कुमार, अरविंद गुप्ता, मुजम्मिल खां, राहुल सक्सेना, सनी अग्रवाल, मनी सिंह, महिला विंग शामनाज बी, अंजुम आरा आदि मौजूद थे।

# गोवर्धन में 24वें विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ

**गोवर्धन।** श्रीनाथ जी धमार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य से तथा कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा के संयोजन में 24वें विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भव्य शुभारम्भ श्रीराधा कृष्ण सेवा सदन, जतीपुरा, गोवर्धन, मथुरा में दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ सम्पन्न हुआ।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर दीनबन्धु महाराज (सन्तनिवास) ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस समाज में दया, सेवा और परोपकार का भाव जागृत होता है, वही समाज उन्नति करता है। यह शिविर उसी भावना का जीवंत उदाहरण है। कल्याणं करोति वर्षों से यह महान कार्य कर रहा है, जिससे हजारों परिवारों के जीवन में उजाला आया है। मैं सभी सेवाभावियों से आग्रह करता हूँ कि समाज के इस पवित्र कार्य से जुड़ें और मानवता की सेवा में योगदान दें। उन्होंने शिविर की सफलता हेतु चिकित्सकों, दानदाताओं और स्वयंसेवकों के समर्पण को नमन किया श्रीनाथ जी धमार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के अध्यक्ष जगदीश लाल भाटिया ने कहा, गोवर्धन की पावन धरा पर मानव सेवा का यह संकल्प लेना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। आज का दिन गौरवपूर्ण है कि हम 24वें नेत्र शि. विर का शुभारम्भ कर रहे हैं। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना है, विशेषकर उन लोगों तक जो आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि नेत्र रोग से पीड़ित अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठाएँ और अन्य जरूरतमंदों को भी प्रेरित करें। शिविर 12 से 16 नवम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से 3:00 बजे तक संचालित किया जाएगा, जिसमें नेत्र रोगियों की जाँच एवं भर्ती की जायेगी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, परवाल, ग्लूकोमा सहित अन्य नेत्र रोगों की जाँच, उपचार एवं ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क किये जायेंगे। मोतियाबिंद रोगियों को निःशुल्क लेन्स प्रत्यारोपण की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांकः- 708 /न0पा0मि0/2025 दिनांकः- 12.11.2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मिलक को **अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर **02 अदद** कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है जो ई-टेण्डर की साईट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

**ई-निविदा समय सारणी (https://etender.up.nic.in पर)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईड पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | दिनांक 14.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | दिनांक 14.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| 3 | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | दिनांक 05.12.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| 4 | कार्यो के निविदा स्केन धरोहर, निविदा शुल्क एवं अन्य प्रपत्र की मूल प्रति कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक में जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | दिनांक 05.12.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक |
| 5 | ई-निविदा को खोलने की तिथि/समय | दिनांक 06.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद

# विकसित भारत के रंग, कला के संग विषय पर केंद्रित कलाकृतियों की विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में सेवा पर्व 2025 के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हविकसित भारत के रंग, कला के संगह विषय पर केंद्रित कलाख्रतियों की एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन डक्क पुष्कर मिश्र, निदेशक, रामपुर रजा पुस्तकालय के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डक्क पुष्कर मिश्र जी ने कहा कि यह प्रदर्शनी हमारे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और देश के प्रति उनकी भावना का सजीव उदाहरण है। कला के माधयम से हविकसित भारतह का स्वरूप देखने का यह एक अनोखा प्रयास है। कला सदैव किसी गहन अभिव्यद्रि का माधयम होती है। कला अपने आप में एक दर्शन है, जो हमारी कल्पना को पंख देती है। यही कल्पना कला में चित्रंकित होती है और कवियों के कंठ से स्रूर्त होती है।

कला के अनेक रूप हैं। सेवा पर्व के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम इसी भावना के साथ किया गया कि हमारी आने वाली पीढ़ी वर्ष 2047 के हविकसित भारतह को किस रूप में देखती है। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना को चित्रकला के माधयम से रूपांतरित करने का अत्यंत सराहनीय प्रयास किया है। प्रदर्शनी के सभी चित्रें में एक समग्र ख्रष्टि विद्यमान है। विद्यार्थियों ने केवल विकसित भारत की कल्पना ही नहीं की, बल्कि उसकी संभावित चुनौतियों और समस्याओं को भी अपनी कला के माधयम से उकेरा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हविकसित भारत 2047ह का स्वप्न हमारे सामने है। हम विकसित भारत से क्या समझते हैं ख्र यह प्रश्न महत्वपूर्ण है। विश्व में जो विकास की धाारणा पिछले दोख्रढाई सौ वर्षों में बनी है, उसका एक सामरिक ङ्केजतंजमहपबङ्क महत्व भी है। किंतु भारत सदैव हश्रेयसह और हप्रेयसह दोनों प्रकार के विकास की धाारणा से प्रेरित समाज रहा है।

हप्रेयसह का अर्थ है जो हमें प्रिय लगे, जो हमारी तात्कालिक आवश्यकता या इच्छा की पूर्ति करे। हर जीव अपने हप्रेयसह के अनुसार जीवन जीता है। हश्रेयसह का अर्थ है जो श्रेष्ठ है, जो हमें उच्चतर और परिष्ख्रत रूप में आगे बढ़ाए। यह क्षमता केवल मनुष्य में विकसित हुई है। इसलिए हश्रेयसह वह मार्ग है जो मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है और उसे आत्म-विकास की ओर ले जाता है।

पिछले दोख्रढाई सौ वर्षों में मानव जाति ने हप्रेयसह आधाारित विकास के अंतर्गत संचार, यातायात, उद्योग और तकनीक के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज पृथ्वी के किसी भी कोने तक पहुँचना कुछ ही दिनों का कार्य रह गया है। अंतरिक्ष तक की यात्र और ज्ञान का विस्तार अब संभव हो गया है जो एक सदी पहले अकल्पनीय था।

कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना हप्रेयसह विकास की ख्रष्टि से सामरिक रूप से भी



अत्यंत आवश्यक है। आज वैश्विक स्तर पर व्यापार और विनिमय को लेकर जो संघर्ष उत्पन्न हो रहे हैं जिन्हें 'ट्रेड वक्क्र' या 'टैरिफ वक्क्र' कहा जाता है उनमें किसी भी देश की आर्थिक शद्रि ङ्कजीडीपीङ्क उसकी स्थिति निर्धाारित करती है। ऐसे में आर्थिक रूप से सशद्र भारत का उभरना न केवल आवश्यक बल्कि अस्तित्व के लिए अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि बाजार अर्थव्यवस्था ङ्कमार्केट इकोनक्कमीङ्क ने एक प्रकार की हगि) संस्ख्रतिह को जन्म दिया है, जहाँ हर देश और व्यद्रि अपने हित में दूसरों को नुकसान पहुँचाने से नहीं हिचकता। ऐसे में भारत का आत्म-संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि उसे पुन: किसी प्रकार की लूट या शोषण का सामना न करना पड़े।

उन्होंने आगे कहा कि हश्रेयसह आधाारित विकास की भारतीय अवधाारणा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। भौतिक विकास तब तक सार्थक नहीं है जब तक मनुष्य के भीतर आचार, विचार और व्यवहार में परिष्कार और उत्कर्ष न आए। तकनीक का विकास तभी उपयोगी है जब वह मानवता के हित में प्रयुद्र हो।

आगे कहा कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि हमुझे नहीं पता तीसरा विश्व यु) किन हथियारों से लड़ा जाएगा, लेकिन चौथा विश्व यु) अवश्य पत्थरों से लड़ा जाएगा।ह यह चेतावनी दर्शाती है कि जिस विकास की आंधाी हमने अपनाई है, वह मानव अस्तित्व के लिए ही खतरा बन चुकी है चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो, नरसंहारक आयुधा हों, या आतंकवाद के लिए तकनीक का दुरुपयोग।

उन्होंने हाल ही में घटित दिल्ली की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक डक्क्टर ने तकनीक का प्रयोग करके हजारों लोगों को हानि पहुँचाने की योजना बनाई थी। यह अत्यंत चिंता. जनक है, क्योंकि डक्क्टर को तो समाज में हईश्वर के बादह का दर्जा दिया जाता है। ऐसी मानसिकता इस बात की ओर संकेत करती है कि केवल भौतिक विकास पर्याप्त नहीं मानसिक और नैतिक विकास अनिवार्य है।

कहा कि आज कई देश यु) की तैयारी में हैं और कई तो यु) में भी संलग्न हैं। तकनीकी प्रगति के साथ-साथ विनाश की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। यदि इन नरसंहारक हथियारों का प्रयोग हुआ, तो पृथ्वी से जीवन ही समाप्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा वर्ग में अद्भुत कल्पनाशीलता और चिंतनशीलता है। उनके चित्रें में जिस प्रकार से विकसित भारत की झलक दिखती है, वह विश्वास जगाती है कि भारत 2047 तक निश्चित ही विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। परंतु उन्होंने यह भी कहा कि हश्रेयसह का मार्ग केवल भारत के पास है भारतीय मनीषा के पास है। जब भारत हप्रेयसह आधाारित विकास प्राप्त कर लेगा, तब वह संपूर्ण मानवता को हश्रेयसह का मार्ग दिखा सकेगा। यही भारत का वैश्विक योगदान होगा सम्पूर्ण मानव जाति के पोषण, रक्षण और संवर्धान के लिए। जिसके माधयम से आने वाली पीढ़ियाँ सुख, समृ), शांति, सुरक्षा और सहयोग के साथ, परिष्कार एवं उत्कर्ष की ओर अग्रसर हो सकें।

इस अवसर पर जैन इंटर कक्लेज से मनीष शर्मा , सुन्दर लाल इंटर कक्लेज से अंकित कुमार यादव, दयावती मोदी अकादेमी से अरुणा जिंदल, ग्रीनवुड सीनियर सेकंड्री स्कूल से ममता चोरसिया के साथ विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर आयोजित हुए कार्यक्रम का संचालन साजिया हसन द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 12 नवम्बर से 22 नवम्बर 2025 तक आम दर्शकों के लिए प्रदर्शित रहेगी।

# ग्रामीण क्षेत्र में मॉडल प्रतियोगिता में छात्रा छात्राओं को किया गया सम्मानित

■ बच्चों की शिक्षा पर धयान दें, बच्चे हैं देश का भविष्य मुस्तफा हुसैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सैदनगर क्षेत्र के गांव साराबा में उमराव सिंह यादव पब्लिक स्कूल में मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

उमराव सिंह यादव पब्लिक स्कूल में आयोजित मॉडल प्रतियोगिता में बिलाल अहमद ने प्रथम अजय ने द्वितीय व अदीबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिनको जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने शील्ड व उपहार का सम्मानित किया। मॉडल प्रतियोगिता में मनतशा बी, समीर



अली, आरिश, यूरिस अली, फाजिल अली, माहिर अली आदि छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

मॉडल प्रतियोगिता कार्यक्रम में बोलते हुए रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्का हुसैन ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है। अभिभावक बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें, क्योंकि यह बच्चे आने वाले समय में देश का भविष्य हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर उमराव सिंह यादव पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अरमान अली, उप प्रधानाचार्य रईस अहमद, सोनिया खान, सरफराज अहमद, सुल. ेमान अली निशा बी, निशा मैडम, फराज अली, इशाक अहमद आदि मौजूद रहे।

## सुनी में महिला ने खाया जहर, हालात गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** परिवार में पति की डांट से क्षुब्द होकर महिला ने घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे महिला की हालात बिगड़ गई महिला को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है।

गांव निवासी निजाम गांव में मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बीते एक साल पहले निजाम की मुलाकात रिश्तेदारी में ही किसी जरिए से मिलक क्षेत्र के एक गांव निवासी महजबी से हो गई। दोनों का मिलना झुलना शुरू हुआ तो दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा। जिसके बाद दोनों ने एक साथ जीने मारने की कसमें खा बैठे। जिसके बाद दोनों के परि. जनों को प्यार के आगे झुकना पड़ा और दोनों की शादी करा दी। जैसे जैसे समय बीता वैसे वैसे दोनों में आए दिन लड़ाई झगड़े होने लगे। लेकिन बीते एक दिन पूर्व भी निजाम की उसकी पत्नी महजबी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते महिला ने गुस्से में घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

जिसके बाद महिला की हालात बिगड़ी तो परिजनों ने महिला को आनन फानन में धमोरा स्थित एक नामचीन चिकित्सक के यहां भर्ती कर दिया हे। जहां महिला का उपचार चल रहा है। लेकिन महिला की हालात अभी भी नाजुक बनी हुई हैं।

## एक नजर

### सरकारी पैमाईश के बाद डाली गई मेड को काटकर मारपीट पर अमादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** सरकारी आदेश के बाद कुरेबंदी कर डाली गई मेड विपक्षियों ने तोड़ दी विरोधा करने पर फौजदारी पर आमादा हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहलुईया निवासी राजेश कुमार गंगवार पुत्र सुरेश कुमार गंगवार का भूमि संबंधित एक बाद उप जिलाधिकारी मिलक की न्यायालय में चल रहा था।

26 अक्टूबर 2016 को उप जिलाधिकारी ने आदेश कर गाटा स.43 ङ्कखङ्क आदि में अंश घोषित किए गए तथा आदेश 29 मार्च 2022 के कुरे कंफर्म कर दिए तथा 20 मई 2022 को अंतिम डिग्री बन गई तथा दिनांक 12 में 2022 को राजस्व निरीक्षक के मौके पर कुरे के अनुसार दखल पक्षकारों को दिल दिया।

परंतु महेश बाबू पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी गहलूईया तथा संजू कुमारी पुत्र इंद्रजीत निवासी हरदासपुर थाना मिलक के द्वारा राजस्व निरीक्षक के द्वारा डलवाई गई मेड तोड़ दी और न्यायालय द्वारा दिया गया कुरा जोत डाला और विरोधा करने पर मारपीट पर अमादा हो गए। उक्त प्रकरण में विपक्षी लोग मंडल आयुक्त मुरादाबाद के न्यायालय से भी हार चुके हैं। इस मामले की तहरीर कोतवाली प्रभारी को देते हुए राजेश कुमार गंगवार ने कहा है कि उक्त लोग खेत पर आने पर जान से मारने की धामकी देते हैं और प्रार्थी झगड़ा नहीं चाहता पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली विस्फोट पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मिलक ने जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए दर्दनाक विस्रोट की घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इस भीषण हादसे में कई लोगों की मौत हो गई, जबकि अनेक घायल होकर अस्पतालों में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही देशभर में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मिलक ने गहरा दुख व्यद्र किया है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह हृदय विदारक हादसा पूरे राष्ट्र के लिए एक बड़ी त्रसदी है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की जान जाने से हर संवेदनशील नागरिक का हृदय व्यथित है।

संस्था के सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे कठिन समय में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मिलक ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र सजा दी जाए। साथ ही, घायलों के समुचित इलाज और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### मुख्य बाजार में अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने दुकानदारों को दिया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने नगर के बैंक अक्क बड़ौदा के मुख्य चौराहे से लेकर भूबरा जाने वाले अंबेडकर पार्क तक दुकानों के सामने अस्थाई अतिक्रमण एक दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को नगर पंचायत के अधिाशासी अधिाकारी सचिन कुमार ने नगर के मुख्य बाजार में नोटिस चश्पा किए हैं।

दुकानों के आगे स्लिप सीढ़ी चबूतरा व अन्य स्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया है साथ ही जगह-जगह नोटिस चश्पा किए गए हैं और एक दिन के भीतर अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए उन्होंने बताया है कि गुरुवार को अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा और दुकानों के सामने रखा सामान भी अस्थाई अतिक्रमण के दायरे में है उसे भी हटाया जाएगा नगर पंचायत प्रशासन अवैध अतिक्रमण न हटने पर दुक. ानदारों और गृह स्वामियों के खिलाफ़ जुर्माना कार्यवाही भी करेगी।

नगर पंचायत प्रशासन की इस मुनादी को लेकर लोगों में हड़कंप मचा हुआ है नगर के मुख्य बाजार में इस तरह के अतिक्रमण से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है और आये दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### झोलाछाप का क्लिनिक सील, नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नोडल अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को नगर के मोहल्ला काजीपुरा में एक क्लिनिक पर छापा मारा। क्लिनिक का सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण न होने पर उसे सील कर दिया गया। बताते हैं कि टीम को मौके पर कुछ इंजेक्शन और दवाएं भी बरामद हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मच गया और वे अपने क्लीनिक बंद कर मौके से खिसक लिए।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधारी के नेतृत्व में विभाग की टीम ने बुधावार को कुम्हारों वाली पुलिया से मोहल्ला बरगद को जाने वाले एक क्लिनिक पर छापा मारा।टीम को देखकर अप्रशिक्षित डॉक्टर मौके सेरार हो गया।

नोडल अधिकारी ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के आधाार पर छापेमार कार्रवाई की गई है। नोडल अधिाकारी के अनुसार क्लिनिक का विभाग में कोई पंजीकरण नहीं है।मौके से इंजेक्शन और कुछ दवाएं भी बरामद हुई हैं।उन्होंने बताया कि क्लीनिक पर चिकित्सक के योग्यता सम्बन्धाी कोई प्रमाण पत्र भी नहीं मिले।जिससे लगता है कि क्लिनिक संचालक झोलाछाप है। उन्होंने क्लिनिक को सील करा दिया और नोटिस चस्पा कर क्लिनिक संचालक को जिला मुख्यालय तलब किया गया है।

टीम में नोडल अधिकारी के अलावा लिपिक सुनील दत्त, मोहम्मद आजम और ब्रजेश मौजूद रहे।

# नगर पंचायत की टीम ने प्लास्टिक डिस्पोजल जब्त कर दुकानदार से वसूले दस हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन ने प्लास्टिक का डिस्पोजल जब्त कर दस हजार की जुर्माना वसूली की है। नगर पंचायत प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बुधावार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्र अन्य कर्मचारियों के साथ सूचना पाकर नगर के मुख्य बाजार पहुंचे यहां जाने आलम नामक व्यक्ति कुछ दुकानों को डिस्पोजल सप्लाई कर रहा था नगर पंचायत की टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया और 4 किलो 900 ग्राम डिस्पोजल बरामद कर लिया टीम उसे नगर पंचायत कार्यालय ले गई और जुर्माना के तौर पर उससे दस हजार रुपए वसूल किये और डिस्पोजल को जब्त कर लिया। नगर पंचायत प्रशासन की इस कार्रवाई से अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया और उन्होंने दुक. ानों पर रखी पॉलिथीन को इधार-उधार छुपा दिया।



नगर पंचायत कार्यालय पर बरामद प्लास्टिक डिस्पोजल के साथ नगर पंचायत टीम।

# महिला से छेड़छाड़ व मारपीट कर अश्लील हरकतें करने का मामला

## न्यायालय के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला चाउपुरा वार्ड दस के सभासद मोहम्मद उवेश ने पांच लोगों के खिलाफ़ न्यायालय के आदेश पर मारपीट करने और पत्नी के साथ अश्लील हरकतें करने का मुकदमा दर्ज कराया है मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला चाउपुरा निवासी वार्ड सभासद मोहम्मद उवेश पुत्र शफीक अहमद ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है की राज. ेश, अर्जुन कुमार , मुकेश, कुमारी संजना, कुसुम देवी, आदि लोग एक राय मशवरा होकर बीते 22 अक्टूबर को रात आठ बजे रंजिशन हाथ में लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी पत्नी फरहीन जहां ने मारपीट का विरोध किया तो लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की और अश्लील हरकतें कर कपड़े फाड़ दिए और उसे चोटिल कर दिया।

इस मामले की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई लेकिन पुलिस ने न तो घायल महिला का मेडिकल कराया और न ही रिपोर्ट दर्ज की। कई दिनों तक रिपोर्ट दर्ज करने के लिए स्वार कोतवाली भटकता रहा रिपोर्ट दर्ज न करने पर पुलिस अधीक्षक से भी प्रार्थना पत्र सौंप कार्रवाई की गुहार लगाई गई लेकिन फिर भी स्वार थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की जिससे मजबूर होकर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बुधावार को पांचो लोगों के खिलाफ मारपीट करने और महिला के साथ अश्लील हरकतें व छेडछाड करने और उसे घायल करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मामूली विवाद पर दो पक्ष भिड़े एनसीआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवादाता**

**चमरौआ।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो पक्ष मामूली से बात को लेकर आमने सामने आ गए। जिससे दोनों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें थाना पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ़ एनसीआर दर्ज की कार्यवाही की हैं।

मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के चमरपुरा गांव का है।

गांव निवासी मोहित पुत्र महावीर ने थाना पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते दिन बुधावार को वह अपने खेत पर काम करने गया था। जब वह खेत से लौटा तो उसके गांव के ही अंकित पुत्र कृपाल से आमना सामना हो गया।

आरोप लगाया है कि दोनों के बीच पहले से ही रंजिश चल रही थी। जब रास्ते में मोहित का सामना अंकित से हुआ तो किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

मोहित का आरोप है कि अंकित ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धामकी देने लगा। थाना पुलिस ने तहरीर के आधाार पर रिपोर्ट दर्ज की कार्यवाही की है।

# आरसेटी में हुआ बड़ौदा किसान पखवाड़ा का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधावार को बैंक ऑ बड़ौदा आरसेटी, पहाड़ी गेट, रामपुर परिसर में हबड़ौदा किसान पखवाड़ा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अधयक्षता क्षेत्राीय प्रबंधक राम बिनय कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक श्री राम किशन सिंह, उप क्षेत्रीय प्रबंधक श्रुति मलिक, तथा जिले के अनेक वरिष्ठ बैंक अधिकारियों एवं कृषकों की गरिमामय उपस्थिति रही। यह बड़ौदा किसान पखवाड़ा का 8 वां संस्करण है, जिसका उद्देश्य किसानों तक बैंक की योजनाओं एवं सुविधााओं की जानक. ारी पहुँचाना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशद्र बनाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधाक बिनय कुमार सिंह ने कहा कि बैंक ऑ बड़ौदा किसानों के लिए सुलभ, सरल और पारदर्शी बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर




प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस किसान पखवाड़े के माधयम से किसानों को बैंक की विभिन्न श्रण एवं बीमा योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों से अधिक से अधािक किसान क्रेडिट कार्ड ङ्ककेसीसीङ्क जारी करने तथा किसानों को इसके लाभों से अवगत कराने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा किसानों के हित में कृषि यंत्र एवं उपकरण अनुदान योजना, बीज एवं उर्वरक पर अनुदान, तथा कृषि उपकरणों की आसान उपलब्धाता जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि किसान इन योजनाओं का लाभ लेकर न केवल अपनी खेती को आधुनिक बना सकते हैं, बल्कि अपनी आय दोगुनी करने के लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकते हैं।

उप क्षेत्रीय प्रबंधक श्रुति मालिक ने भी अपने संबोधान में कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा सदैव किसानों के साथ खड़ा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इसकी अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम के अंत में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजनाओं एवं कृषि ;ण योजनाओं से संबंधित जानकारी पत्रक वितरित किए गए।

उपस्थित किसानों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए बैंक और कृषि विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन आरसेटी निद. ेशक देशराज मीणा व शाखा प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# लोकतांत्रिक हितों के संरक्षण में एसआईआर की भूमिका अहमः हरीश

■ भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

■ बोले बूथ अधयक्षों के साथ ही सभी मतदाताओं को करें जागरूकामिका अहमरू हरीश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाधयक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि इन दिनों एसआईआर ङ्कस्पेशल समरी रिवीजनङ्क की प्रक्रिया चल रही है। इसमें बूथ अध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण है। बूथ अधयक्षों को ही यह सुनिश्चित करना है कि उनके बूथ का कोई व्यद्रि मतदाता बनने से न रह जाए। यह लोकतांत्रि हितों के संरक्षण के लिए भी जरूरी है।

राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाधयक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता हैं और उनके अधिकारों की रक्षा तभी संभव है, जब मतदाता सूची पूरी तरह सही हो। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में विजय प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बूथ स्तर पर मतदाता सूची का सही और पूर्ण होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के माधयम से नए मतदाताओं के नाम जुड़वाना, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाना और त्रुटियों को सुधाारना ही संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बूथ अधयक्षों और बूथ समिति के सदस्यों



की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वे सीधो तौर पर जनता से जुड़े होते हैं और अपने क्षेत्र की सही जानकारी रखते हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी मसपहपइसम मतदाता का नाम छूट न जाए। इसके लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने और जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधयक्ष ने कहा कि भाजपा इस दिशा में पूरी गंभीरता से काम कर रही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, प्रेम शंकर पांडेय, जगपाल यादव, मोहन कुमार लोधाी, अर्जुन रस्तोगी, अनुज सक्सेना, सुरेश बाबू गुप्ता, रवि रूहेला, दिनेश गोयल, संजय चौधारी, सुनील मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## पूरनपुर में चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने किया प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान गंगा राइस मिल पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं सदस्य विधाान परिषद संतोष सिंह के आगमन पर उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, ब्लॉक प्रमुख पति अपूर्व सिंह, सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', सभासद पति हरिओम वाल्मीकि, नरेश पाल सिंह, नगर उपाध्यक्ष एड. उपेंद्र भारती, नगर मंत्री अंकित वाल्मीकि, नगर कार्यकारिणी सदस्य रितेश गुप्ता, गौरव पाण्डेय, विवेक तिवारी, अचल मोहन पाण्डेय सहित नगर के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने पूरनपुर आगमन पर सभी कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठन को और अधािक सशक्त बनाने हेतु कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन भी किया।

## नीलामी/ठेका सूचना

उ. प्र. वि. दुगनपुर कम्पोजिट, वि.ख.-मिलक, रामपुर में कृषि योग्य भूमि जिसका क्षेत्र फल 0.833 हेक्टेअर, तथा खसरा सं.-272 है, की नीलामी दिनांक 18/11/2025 को प्रात: 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को 5000 रू. जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोली छूटने पर शेष भुगतान दो दिन के अन्दर जमा करना होगा, अन्यथा की स्थिति में जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। नीलामी/ठेका की अवधि नवम्बर 2025 से अक्टूबर 2026 के अन्त तक, कुल एक वर्ष के लिए ही होगी।

विस्तृत नियम व शर्तों के लिए विद्यालय में सम्पर्क करें।

**ग्राम प्रधान/सचिव**

**उ. प्रा.वि. दुगनपुर कम्पोजिट वि.ख. - मिलक ( रामपुर )**

# रैंकिंग में कोहली ने बाबर को पछाड़ा

## टी-20 में तिलक वर्मा को हुआ 2 स्थान का नुकसान, टेस्ट टीम में इंग्लैंड नंबर-2 पर आया

**दुबई, वार्ता।** विराट कोहली ने आईसीसी वनडे बैटर्स की रैंकिंग में पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को 37 साल के विराट 725 रैंकिंग पाइंट्स के साथ 5वें स्थान पर आ गए हैं।

वहीं बाबर आजम (709 अंक) दो स्थान के नुकसान के साथ 7वें नंबर पर खिसक गए। रोहित शर्मा (781 अंक) के साथ पहले और कप्तान शुभमन गिल (745 अंक) चौथे स्थान पर हैं। इसके अलावा, टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में तिलक वर्मा को दो स्थान का नुकसान हुआ है। वे 761 अंक के साथ 5वें नंबर पर आ गए हैं। श्रीलंका के पथुम निसांका (779 अंक) तीसरे और जोस बटलर (770 अंक) चौथे स्थान पर हैं।



सलमान और अबरार करियर बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे पाकिस्तान के सलमान आगा और स्पिनर अबरार अहमद ने वनडे में करियर की बेस्ट रैंक हासिल की है। दोनों को साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ वनडे में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। सलमान ने रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में 87 गेंदों पर नाबाद 105 रन बनाए। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 69 बनाए थे। वे रैंकिंग में 14 स्थान ऊपर उठकर बैटर्स की सूची में 16वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टी-20 बैटर्स में गिल को 8 अंक का फायदा टी-20 बैटर्स रैंकिंग शुभमन गिल को 8 रैंक का फायदा हुआ है। वे 22वें नंबर पर आ गए हैं। गिल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 46 और नाबाद 29 रन की पारियां खेली थीं। न्यूजीलैंड के टिम राबिन्सन 18 स्थान के फायदे के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के रोवमैन पावेल को 4 स्थान का फायदा हुआ है। वे 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी-20 बालर्स में जैकब डफी को 8 स्थान का फायदा बालर्स रैंकिंग में न्यूजीलैंड के जैकब डफी 6 स्थान ऊपर आए हैं। वे तीसरे स्थान पर हैं। मिचेल सैंटनर 5 स्थान के फायदे के साथ 23वें स्थान पर आ गए हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज 32वें नंबर पर हैं। अबरार अहमद ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्रमश: 3/53 और 4/27 के आंकड़े हासिल किए। इससे वे गेंदबाजों की रैंकिंग में 17 स्थान ऊपर चढ़कर 20वें नंबर पर आ गए हैं। वे पाकिस्तान के टाप वनडे गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी (16वें स्थान) से अब सिर्फ चार पायदान दूर हैं। टेस्ट की टीम रैंकिंग में इंग्लैंड नंबर-2 पर आया, टेस्ट की टीम रैंकिंग में इंग्लिश टीम नंबर-2 पर आ गई है। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लिश टीम ने वर्ल्ड चैंपियन द. अफ्रीका को पीछे छोड़ा। इस लिस्ट में आस्ट्रेलियाई टीम नंबर-1 पर है। कंगारुओं के 124 रेटिंग पाइंट्स हैं। वहीं, इंग्लैंड 112 और द.अफ्रीका 111 अंक के साथ दूसरे व तीसरे स्थान है। भारत 108 अंक के साथ चौथे नंबर पर हैं।

# दीप्ति के स्वागत को आगरा तैयार

**आगरा, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा कल 13 नवम्बर को आगरा पहुंच रहीं हैं। महिला विश्व कप क्रिकेट को जीतने के बाद पहली बार दीप्ति शर्मा गुरुवार को आगरा अपने घर अवधपुरी आ रहीं हैं। दीप्ति शर्मा के स्वागत के लिए तैयारियां जोर- से शुरू हो गईं हैं। पूरे शहर में जगह-जगह पर होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए गए हैं। गुरुवार को दिल्ली से सीधे कार द्वारा आगरा पहुंचेंगीं और दोपहर 12 बजे से रोड शो शुरू होगा। तकरीबन 10 किलोमीटर लंबा रोड शो प्रस्तावित है।

होटल क्लार्क इन से रोड शो शुरू होकर और दोपहर के बाद उस क्रिकेट एकेडमी में पहुंचेगा जहां पर दीप्ति शर्मा अभ्यास करती हैं। रोड शो के दौरान जगह जगह पर स्वागत किया जाएगा। फूल मालाओं से स्वागत के लिए लोग रास्ते में खड़े होंगें। दीप्ति शर्मा के सम्मान में रोड शो महज 10 किलोमीटर का जरूर होगा लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि भारी भीड़ दीप्ति को देखने और स्वागत के लिए उमड़ेगी। रोड में शो में आगरा के स्थानीय क्रिकेटर भी शामिल होंगे इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों की भागीदारी रहेगी। दीप्ति के आगमन को लेकर क्रिकेट एकेडमी में भी तैयारियां हो रहीं हैं। एकेडमी में भी कई होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए गए हैं। क्रिकेट ग्राउंड पर एक मंच बनाया जा रहा है जिस पर दीप्ति का स्वागत



किया जाएगा। एकेडमी के जूनियर खिलाड़ी भी काफी उत्साहित हैं।

जूनियर खिलाड़ियों के लिए दीप्ति अब एक रोल मॉडल बन गईं हैं। विश्व कप जीतने के बाद जूनियर खिलाड़ी दीप्ति का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल दीप्ति जब भी आगरा में होती हैं तो अपनी ही एकेडमी में ही अभ्यास करती हैं। इसलिए रोड शो का अंतिम पड़ाव एकेडमी में रखा गया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## भारत-द. अफ्रीका के बीच कल होगा टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट , तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैचों की सीरीज शुरु होने जा रही है और इसका पहला टेस्ट शुक्रवार से कोलक.ाता के इडेन गार्डंस स्टेडियम में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर एकदिवसीय सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद टी-20 सीरीज जीतकर भारतीय टीम उत्साहित हैं। इससे पहले पिछले महीने भारत ने घरेलु मैदान पर वेस्टइंडीज को एकतरफा मुक.ाबले में हराया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के तय कार्यक्रम के अनुसार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। गांधी-मंडेला ट्रॉफी का पहला मैच 14 नवम्बर से कोलकाता के इडेन गार्डंस स्टेडियम में शुरू होगा।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के लोगो शुभंकर, मशाल जर्सी और राष्ट्रगान का शुभारंभ

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर के ऐतिहा.सिक आमेर किले में एक भव्य कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने राजस्थान सरकार और राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) के सहयोग से आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 के लिए आधिकारिक लोगो, शुभंकर, मशाल, जर्सी और राष्ट्रगान का अनावरण किया। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान का शुभंकर राज्य के आधिकारिक पशु - ऊँट - और पारंपरिक अभिवादन 'खम्मा घानी' से प्रेरित हैं। वे राजस्थान की गर्मजोशी, लचीलेपन और आतिथ्य का प्रतीक हैं।

## बधिर ओलंपिक में जर्लिन होंगी भारतीय ध्वजवाहक

**नई दिल्ली, वार्ता।** बधिर ओलंपि में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले जर्लिन जयरातचागन 15 से 26 नवंबर तक टोक्यो में होने वाले आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत की ध्वजवाहक होंगी। इस बार रिकॉर्ड 111 सदस्यीय भारतीय दल बधिर ओलंपिक में भाग लेगा। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में खेल सचिव हरि रंजन राव ने भारतीय दल को गर्मजोशी से विदाई दी। भारतीय दल की आधिकारिक किट का भी अनावरण किया गया। भारतीय एथलीटों का पहला जत्था गुरुवार को टोक्यो के लिए रवाना होगा। मांडविया ने भारतीय दल को दिए संदेश में कहा कि विशेष एथलीटों के लिए वैश्विक आयोजनों में भारत की तीव्र प्रगति गर्व की बात है। खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देने और स्वस्थ पहुँच को बढ़ावा देने का प्रयास है।

# अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 12 टीमें और वनडे सुपर लीग शुरूकरने की सिफारिश

**दुबई, वार्ता।** अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027-29 चरण में सभी 12 पूर्णकालिक सदस्य एक ही डिवीजन में शामिल करने और एकदिवसीय सुपर लीग फिर से शुरु करने की सिफारिश की गई है।

न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज की अगुवाई में एक कार्य समूह ने पिछले हफ्ते दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी बोर्ड और मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) को इस संदर्भ में अपनी सिफरिशें सौंपी । इस समूह को को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से जुड़े जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने का काम सौंपा गया है। कार्य समूह ने अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2027-29) चक्र के लिए सभी 12 पूर्णकालिक सदस्यों की एक स्तरीय प्रणाली लागू करने की सिफारिश की गई।

- **रोजर की अगुवाई में एक कार्य समूह ने दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आइसीसी बोर्ड और सीईसी को इस संदर्भ में अपनी सिफारेशें सौपीं**

अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के अगले चक्र में शामिल होने की संभावना है।

इस दौरान सदस्य देशों के साथ द्वि-स्तीय प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई। श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान जैसे देशों ने द्वि-स्तरीय प्रणाली का विरोध करते हुए कहा कि अगर बड़े देशों के खिलाफ मैच नहीं हुए तो उनके बोर्ड पैसे नहीं कमा पाएगा। अभी केवल नौ देश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल रहे है। बोर्ड के एक निदेशक ने क्रिकइन्फो को बताया कि इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। जो लोग वास्तव में इस प्रारूप में खेलना चाहते हैं, उनके पास अब अवसर हैं और अन्य टीमों के लिए भी उन्हें खेलने का प्रोत्साहन है। इसके अलावा 2023 में रद्द हुई एकदिवसीय सुपर लीग को फिर से शुरू की सिफारिश की गई। 13 टीमों की यह लीग जुलाई 2020 में ही शुरू हुई थी। कार्य समूह के प्रस्ताव में यह नहीं बताया गया है कि 2028 में फिर शुरु होने वाली लीग में कितनी टीमें हिस्सा लेंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 50 ओवरों के विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है। 2027 में यह प्रतियोगिता 14 टीमों की होगी, जबकि पिछले दो संस्करणों में यह केवल दस टीमों तक सीमित थी। टी-20 विश्व कप में भी 20 टीमें ही रहेंगी।

# मंथ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने वोलवार्ट-सेनुरन





**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ियों के नाम का एलान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवार्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं। महिला वनडे विश्व कप 2025 में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली एल. वोलवार्ट ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिन गेंदबाज सेनुरन मुथुस्वामी ने आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार अपने नाम किया।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले गए महिला वनडे विश्व कप 2025 में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल. वोलवार्ट ने

- **दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवार्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं**

शानदार प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर अवार्ड से नवाजा गया। वोलवार्ट ने इस महीने में खेले कुल आठ वनडे मैचों में 97.91 के स्ट्राइक रेट से कुल 470 रन बनाए।

दाएं हाथ की बल्लेबाज ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार हासिल करने के बाद कहा कि भारत में हुए विश्व कप में टीम के प्रदर्शन के बाद यह पुरस्कार जीतना सम्मान की बात है। आईसीसी ने अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुस्वामी को चुना है। उन्होंने पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर यह अवार्ड जीता। मुथुस्वामी को दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्तान दौरे के दौरान बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवार्ड मिला है। मुथुस्वामी ने कहा कि आईसीसी द्वारा महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा।

# योगी ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप-2025 की ट्रॉफी का किया स्वागत

**लखनऊ, वार्ता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का बुधवार को भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आहलादित करने वाला क्षण है। ष जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना यूपी के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी इंडिया में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है। योगी ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण कर रही है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने हॉकी के यशस्वी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह भी उत्तर प्रदेश में जन्मे थे। उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए बारा.बंकी में उनके निवास को एक म्यूजियम के रूप में बनाया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश हॉकी खिलाड़ियों का भी जिक्र किया और कहा कि प्रदेश ने अनेक ऐसे खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने हॉकी इंडिया को सम्मान दिलाया। योगी ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित शाहिद, अशोक, रवींद्र पाल, सैयद, आरपी सिंह आदि रहे।

# BCCI का रोहित-कोहली को सख्त संदेश



- **कहा: अगर वे वनडे टीम में बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना होगा**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश के दो दिग्गज क्रिकेटरों विराट कोहली और रोहित शर्मा को साफ तौर पर संदेश दिया है।

बोर्ड ने इन दोनों से कहा है कि अगर वे वनडे टीम में बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना होगा। दोनों खिलाड़ी अब टेस्ट और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं और सिर्फ वनडे टीम में सक्रिय हैं। ऐसे में बोर्ड और टीम प्रबंधन चाहते हैं कि वे घरेलू क्रिकेट के माध्यम से अपनी मैच फिटनेस और फार्म बनाए रखें। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस दिशा में पहला कदम 24 दिसम्बर को खेले जाने वाले विजय हजारे ट्रॉफी मैच के रूप में देखा जा रहा है। यह मुक.ाबला दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन से नौ दिसम्बर के बीच होने वाली वनडे सीरीज और 11 जनवरी से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड सीरीज के बीच घरेलू कैलेंडर का एकमात्र वनडे मैच है। जानकारी के मुताबिक, रोहित शर्मा ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को सूचित कर दिया है कि वह विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं, विराट कोहली की उपलब्धता को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बोर्ड और टीम प्रबंधन ने दोनों को स्पष्ट कर दिया है कि अगर उन्हें भारत के लिए खेलना है, तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। चूंकि उन्होंने दो प्रारूपों से संन्यास ले लिया है, इसलिए फिटनेस और लय बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है।श पिछले महीने ही चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने भी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में भाग लेने की जरूरत पर जोर दिया था।

उन्होंने कहा था, श्हमने पहले भी स्पष्ट किया था कि जब भी खिलाड़ी उपलब्ध हों, उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। यही तरीका है खुद को शार्प रखने का, खासकर जब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लंबा ब्रेक हो।

# ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज हेजलवुड व एबॉट हुए चोटिल

- **न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बी मुकाबले में तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड और सीन एबॉट को चोटिल हो गए**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की एशेज तैयारियों को उस समय झटका लगा जब सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच शेफील्ड शील्ड मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड और सीन एबॉट चोटिल हो गए।

हालांकि हेजलवुड को पर्थ एशेज के पहले मैच के लिए टीम में शामिल होने की अनुमति मिल गई है, लेकिन एबॉट मध्यम-स्तर की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की है कि विक्टोरिया की पारी के अंत में अपने दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न की शिकायत करने वाले हेजलवुड का एहतियाती स्कैन कराया गया, जिसमें मांसपेशियों में खिचाव नहीं पाया गया। उम्मीद है कि वह पहले टेस्ट से पहले प्रशिक्षण जारी रखेंगे। वहीं दूसरी ओर, एबॉट को बाएं हैमस्ट्रिंग में दर्द हुआ, स्कैन में मध्यम-स्तर की चोट की पुष्टि हुई, जिससे उन्हें पर्थ टेस्ट के लिए चयन से बाहर कर दिया गया।

आने वाले हफ्तो में उनकी वापसी का समय तय किया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम तेज गेंदबाजो की कमी से जूझ रही है, नियमित कप्तान पैट कमिस पहले ही इस मैच से बाहर हो चुके हैं और लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन और स्पेंसर जॉनसन जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी उपलब्ध नहीं हैं।

अगर कोई और किसी अन्य गेंदबाज चोटिल होता है तो 14-69 की औसत से 13 शेफील्ड शील्ड विकेट लेकर प्रभावित करने वाले 31 वर्षीय ब्रेंडन डॉगेट को टीम में शामिल किया जा सकता है।

# पाक ने श्रीलंका को छह रन से हराया

**रावलपिडी, वार्ता।** आगा सलमान (नाबाद 105), हुसैन तलत (62) के बाद हारिस रउफ (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को छह रन से हराया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

श्रीलंका ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओव.रों में पांच विकेट पर 299 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में सैम आयुब (छह) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बाबर आजम फखर जमान के साथ दूसरे विकेट के लिय 54 रन जोड़े। 18वें ओवर में वानिदु



हसरंगा ने फखर जमान (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मोहम्मद रिजवान (पांच) और बाबर आजम (29) का भी वानिदु हसरंगा ने शिकार किया। एक समय पाकिस्तान ने 95 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे संकट के समय आगा सलमान और हुसैन तलत की जोड़ी ने छठे विकेट के लिए 138 रन जोड़ कर पाकिस्तान की पारी को संभाला। 44वें ओवर में महीश तीक्षणा ने हुसैन तलत (62) को आउट कर श्रीलंका को पांचवी सफलता दिलाई। आगा सलमान ने 87 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 105 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्हें" प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। श्रीलंका के लिए वानिदु हसरंगा ने तीन विकेट लिए। असिता फर्नांडो और महीश तीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 300 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पुथम निसंका और कामिल मिशारा की सलामी जोड़ी ने 85 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत की। 12वें ओवर में हारिस रउफ ने पहले कामिल मिशारा (38) और फिर कुसल मेंडिस (शून्य) को आउट कर श्रीलंका को दो.हरा झटका दिया। रउफ का अगला शिकार पुथम निसंका (29) बने। इसके बाद सदीरा समराविक्रमा और कप्तान चरित असलंका ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। पाकिस्तान गें.दबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका के बल्लेबाज अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। सदीरा समराविक्रमा (39), चरित असलंका (32), जनित लियानगे (28), मेंडिस (नौ) और चमीरा (सात) रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका का नौवां विकेट 49वें ओवर में हसरंगा 52 गेंदों में (59) रन बनाए।

# कार्लोस ने एटीपी फाइनल्स में टेलर को हराया

- **इसी जीत के साथ कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष पर पहुंचे**

**इटली, वार्ता।** विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज एटीपी फाइनल्स में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। इसी जीत के साथ ही वह अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए है।

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने मंगलवार को एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। छठें स्थान पर काबिज अमेरिकी खिलाड़ी पर उनकी जीत उनके करियर की 50वीं शीर्ष 10 जीत है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक हैं। राफेल नडाल ने 2009 में 22 साल और



नौ महीने की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी, लेकिन रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच दोनों 23 साल के थे, जब उन्होंने 2005 और 2011 में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैच के बाद अलकाराज ने कहा कि यह काफी कड़ा मुकाबला था। मुझे लगता है कि मैं उससे ज़्डादा दौड़ रहा था, मैं उससे ज्यादा संघर्ष कर रहा था। पहले सेट में मेरी सर्विस अच्छी नहीं रही, और वह बेसलाइन से हर चीज पर बहुत आराम से खेल रहा था, इसलिए जीत के बाद मुझे बहुत राहत मिली क्योंकि मैच में मुझे जो कुछ भी झेलना पड़ा, वह इसलिए था क्योंकि मैं गेंद को पहले राउंड अच्छे मूव नहीं कर पा रहा था।

# धमाके का पाक कनेक्शन

दिल्ली के लाल किले के पास हुए भीषण धमाके की धमक पाकिस्तान तक पहुंच गई है। जांच में खुलासा हुआ कि यह एक आत्मघाती हमला था जिसे डा. उमर नबी ने अंजाम दिया। इस हमले के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल, अल-फलाह यूनिवर्सिटी और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं। इसकी साजिश पुलवामा और पाकिस्तान में रचे जाने की आशंका है। क्योंकि गिरफ्तार महिला प्रफ़ेसर डा. शाहीन का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। डा. शाहीन भारत में जैश की महिला विंग की हेड है। जैश की महिला विंग का नाम जमात उल मोमिनात है, जिसे आतंकी मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर हैंडल करती है। सादिया का पति कंधार हाईजैक का मास्टरमाइंड है। गिरफ्तार डा. शाहीन के पास भारत में लड़कियों को भर्ती करने की जिम्मेदारी थी। देश की खुफिया एजेंसी को जानकारी मिली है कि यह धमाका पहलगाम में पर्यटकों की हत्या किए जाने और उसके बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाक में छुपे आतंकियों के अड्डे नेस्तनाबूद करने के विरोध में था। इस बात से साफ है कि पाकिस्तान एक ओर दुनिया को बता र हा है कि वह आतंकवादियों पर कार्रवाई कर रहा है, दूसरी ओर वह आतंकवादियों को पनाह दिए हुए हैं। विपक्ष ने भारत सरकार पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमला बोला था और कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर रोकने की जरूरत क्या थी। वास्तव में अगर भारत सरकार ने विपक्ष की चिंता को गंभीरता से लिया होता, तो शायद यह धमाका नहीं होता। इसका अंदाजा तो उसी समय हो गया था, जब जम्मू कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में छापा मारकर विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। इस भीषण धमाके में कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कईयों की हालत गंभीर है। ये कोई आम धमाका नहीं था, ये धमाका दिल्ली को दहलाने के लिए किया गया, जांच आगे बढ़ी तो चौंकाने वाले पर्दफ़ाश हुए। ये एक आत्मघाती हमला था। धमाके के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। सीसीटीवी से निकलकर जो तस्वीर सामने आई है, उसके आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है जिसने इस धमाके को अंजाम दिया है उसका नाम डॉक्टर उमर नबी है। शक है कि डॉक्टर उमर एक आत्मघाती हमलावर था। जांच में इस बात के भी संकेत मिले हैं कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया। फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से तहत पिछले दिनों गिरफ्तार तीन लोग भी इसी अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े रहे हैं। हालांकि भारत दुनिया के अलग-अलग मंचों से इस बात को उठाता रहा है कि पाक ही आतंकियों की पनाहगाह है, लेकिन अब केवल इससे काम चलने वाला नहीं है। जो वादा पीएम मोदी ने किया था कि ऑपरेशन सिंदूर अभी रुका नहीं है, उसी वादे को फिर से शुरू करने की जरूरत है। भारत पहले इस बात को यूएनओ में रखे और पाकिस्तान पर चौतरफा दबाब बनाकर आतंकियों के अड्डों को नष्ट करने की जरूरत है। क्योंकि यह पहली वारदात नहीं है। पिछले 10 साल से भारत में आतंकवादि गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्हें देखते हुए भारत को अपनी विदेश नीति में पैनापन लाना होगा, जिससे पाकिस्तान को घेरा जा सके। देश में आतंकवादी हिंसा की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत भारत में उभरती हुई एक सर्वसम्मति है कि आतंकवाद से निपटने के लिए एक सुदृढ़ विधायी ढांचा सृजित किया जाना चाहिए। यहां तक कि मानवाधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए भी आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सुरक्षा बलों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

## मुझे विभाजन नहीं, आशा दिखती है



उनकी सोच का 2047 का ऐसा भारत होना चाहिए जहां न हिंसा हो, न नफरत हो और न लोगों में किसी तरह का भय और गुस्सा हो, देश के जेन-जी की बातें और उनके विचारों की गहराई देखकर उन्हें इन बच्चों से बहुत उम्मीद है, हमें ऐसा भारत बनाना चाहिए जहां भाईचारा हो, हर आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसे विश्वास रहे कि वह कहीं भी असुरक्षित नहीं है, सबसे बड़ी बात आजादी की है, युवाओं को महसूस हो कि उनकी कल्पना के अनुसार काम करने की इजाजत मिले, जब मैं युवा भारत से बात करता हूं, तो मुझे विभाजन नहीं, आशा दिखती है।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# कहां तक बहेगी ज्ञान की अविरल धारा





**निर्मल रानी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 9 नवंबर 2025 को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में 25वें राज्य स्थापना दिवस के मुख्य समारोह को सम्बोधित किया। गौर तलब है कि उत्तराखंड का गठन 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर हुआ था। इस समारोह में पीएम मोदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को राज्य की आध्यात्मिक धरोहर से जोड़कर युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के मकसद से इस आयोजन में भाग लेने हेतु प्रदेश के अनेक शिक्षण संस्थानों के छात्रों को लाने की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री ने यहां अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ें। निश्चित रूप से योग व आयुर्वेद जैसी प्राचीन भारतीय ज्ञान सम्बन्धी कई बातें ऐसी हैं जिन पर देश को गर्व है परन्तु वास्तविक प्राचीन भारतीय ज्ञान की आड़ में पौराणिक कथाओं से प्राप्त ज्ञान को आज के वैज्ञानिक युग में ज्ञान बताते हुए छात्रों को भ्रमित करना, यह कहां तक उचित है? प्रधानमंत्री सहित देश के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा समय समय पर देश के भविष्य के कर्णधार छात्रों व युवाओं को सम्बोधित करते हुए ऐसी अनेक बातें की जा चुकी हैं जिनका न केवल मजाक उड़ाया गया बल्कि एक बड़े वैज्ञानिक व शिक्षित वर्ग द्वारा इसका खंडन भी किया गया।

याद कीजिए अक्टूबर 2014 में जब रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के संदर्भ में मुंबई के एक अस्पताल में चिकित्सकों और पेशेवरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भगवान गणेश के सिर पर हाथी का सिर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी का प्रमाण है। हमारे देश ने चिकित्सा विज्ञान में जो हासिल किया था, उस पर गर्व महसूस कर सकते हैं। हम गणेश जी को पूजते हैं, जिनके सिर पर हाथी का सिर लगाया गया था। यह प्लास्टिक सर्जरी की शुरुआत थी। मोदी के इस बयान की न केवल विपक्षी दलों द्वारा बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा भी तीखी आलोचना की गई थी। इस आलोचना का कारण यह था कि मोदी का कथन पूर्णत: अवैज्ञानिक व तर्कहीन था, क्योंकि गणेश हिंदू पौराणिक कथा के चरित्र हैं यह कोई ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं। जबकि प्लास्टिक सर्जरी का आधुनिक विकास 19वीं सदी में जोसेफ कार्प्यू जैसे ब्रिटिश डॉक्टरों द्वारा किया गया था, परन्तु हाथी के सिर का मानव शरीर पर प्रत्यारोपण जैसा कोई पुरातात्विक या चिकित्सकीय प्रमाण कतई नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का यह प्रयास मिथक को इतिहास बनाने का प्रयास है, जोकि सरासर विज्ञान-विरोधी है।

इसी तरह मोदी ने ऐसी ही ज्ञान गंगा बहाने वाली एक पुस्तक की प्रशंसा करते हुए पुस्तक प्रस्तावना में लिखा कि प्राचीन भारत में टेस्ट-ट्यूब बेबी, स्टेम सेल तकनीक, हवाई जहाज और न्यूक्लियर तकनीक आदि मौजूद थी जोकि प्राचीन ज्ञान का प्रमाण थी। इन बातों को भी दुनिया के एक बड़े शिक्षित व वैज्ञानिक वर्ग ने खारिज किया, क्योंकि यह भी अवैज्ञानिक व तर्कहीन दावे थे और यह सभी दावे वेदों और महाभारत की कथाओं व उनकी व्याख्या पर आधारित हैं। इन दावों का भी कोई भौतिक साक्ष्य जैसे अवशेष या यंत्र आदि उपलब्ध नहीं है। सच्चाई यह है कि आधुनिक IVF 1978 में विकसित हुआ, जबकि हवाई जहाज का आविष्कार 1903 में हुआ। प्रधानमंत्री इस तरह की अनेक बातें कर चुके हैं जोकि पूरी तरह से अवैज्ञानिक व तर्कहीन है तथा इतिहास में उनके कोई प्रमाण भी नहीं मिलते।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना द्वारा बालाकोट एयर स्ट्राइक के संदर्भ में दिए गए अपने एक साक्षात्कार में यह दावा करते हैं कि उन्होंने सलाह दी कि खराब मौसम और बादलों का फायदा उठाते हुए भारतीय विमानों को पाकिस्तानी रडार से बचाया जा सकता है, क्योंकि बादल हैं तो रडार से बच सकते हैं। बालाकोट हमले की रणनीति पर चर्चा के दौरान आए मोदी के इस ज्ञान का भी काफी मजाक उड़ाया गया था और विशेषज्ञों ने इसे तकनीकी रूप से गलत बताया, क्योंकि सामान्यत: रडार बादलों से प्रभावित नहीं होते। इसी तरह वे बायोगैस के महत्व को समझाने के लिए किसी चाय वाले की कहानी गढ़कर बताने लगते हैं कि एक छोटे शहर में नाले के पास चाय बेचने वाले व्यक्ति ने नाले से निकलने वाली मीथेन गैस का उपयोग चाय बनाने के लिए किस तरह किया। तो कभी किसी किसान की कहानी सुना डालते हैं जिसने रसोई के कचरे और गोबर से बायोगैस बनाकर पंप इंजन चलाया।

दरअसल जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है तभी से प्रधानमंत्री सहित ऊंचे ओहदे पर बैठे अनेक लोग इस तरह की अवैज्ञानिक व तर्कहीन बातें कर हमारे देश के छात्रों का भविष्य चौपट करने पर तुले हुए हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह लोग हिंदूवादी विचार के अशिक्षित लोगों को खुश करने के फेर में यह भूल जाते हैं कि यह उस अगली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं जो भविष्य में देश की बागडोर संभालने वाली है। कभी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के पीएम नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर छात्रों के साथ संवाद के दौरान यह ज्ञान साझा करते सुनाई देते हैं कि हनुमान जी पहले अंतरिक्ष यात्री थे। जबकि ऐतिहासिक रूप से पहले अंतरिक्ष यात्री सोवियत संघ के यूरी गागरिन थे। ठाकुर के इस दावे को भी मिथक और अवैज्ञानिक व तर्कहीन बताते हुए खूब आलोचना की गई थी। इसी तरह राजस्थान हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति महेश चंद्र शर्मा ने अपने रिटायरमेंट के अंतिम दिन मई 2017 को मीडिया से बातचीत में अपनी श्ज्ञानगंगाश बहाई। उन्होंने कहा कि ष्मोर आजीवन ब्रह्मचारी रहता है। इसके जो आंसू आते हैं, मोरनी उसे चुगकर गर्भवती होती है।ष उसी समय पक्षी विशेषज्ञों ने इसे गलत व कोरा झूठ बताया था। क्योंकि मोर और मोरनी भी अन्य पक्षियों की ही तरह सामान्य संभोग से ही प्रजनन करते हैं।

सवाल यह है कि आज सूचना व संचार के आधुनिक युग में खासकर ए आई के दौर में ऐसी निरर्थक तर्कहीन व अवैज्ञानिक बातें कर यह महाज्ञानी लोग देश के युवाओं के भविष्य को कब तक अंधकारमय बनाते रहेंगे और कहां तक बहेगी ऐसे ज्ञान की अविरल धारा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीनी की जगह मीठी गोलियों का प्रयोग क्यों!

**जुबान पर मिठास छोड़ने के बाद इसके अणु आंतों में सोखे नहीं जाते। साफ है कि चीनी के अणुओं के मुक. ाबले इन्हें कैलोरी मुक्त क्यों माना जाता है। साइंस की नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक रिसर्चरों का कहना है कि जब उन्होंने प्रयोगशाला में चूहे पर और कुछ इंसानों पर जांच की, तो इसके नुकसान पाए। उनके मुताबिक एनएएस आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया की क्रियाशीलता को प्रभावित करती है। रिसर्च पेपर में लिखा है कि हमारी रिपोर्ट में साफ जाहिर है कि एनएएस उसी बीमारी को बढ़ावा देती है, जिससे लड़ना उसका मकसद था। वैज्ञानिकों ने बताया कि कृत्रिम मिठास यानि एनएएस तीन तरह की होती हैं- एसपारटेम, सूक्रालोज और सैकरीन।**

चीनी की जगह इस्तेमाल की जाने वाली मीठी गोलियों का प्रचार कंपनियां बेहतर स्वास्थ्य का वास्ता देकर करती हैं, लेकिन रिसर्चरों का दावा है कि यही मिठास आपको डायबिटीज दे सकती है। इन गोलियों को नॉन कैलोरिक आर्टिफीशियल स्वीटनर एनएएस भी कहते हैं। इनका इस्तेमाल उन पेय पदार्थों में भी किया जाता है जो डायट सोडा के नाम पर बाजार में उपलब्ध हैं। यहां तक खानपान की कई मीठी चीजें भी बाजार में शुगर रहित कहकर बेची जा रही हैं। इनमें भी मिठास इन्हीं एनएएस स्वीटनर से डाली जाती है। वजन के लिए चिंतित लोग इन दिनों बड़े स्तर पर इन गोलियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जुबान पर मिठास छोड़ने के बाद इसके अणु आंतों में सोखे नहीं जाते। साफ है कि चीनी के अणुओं के मुकाबले इन्हें कैलोरी मुक्त क्यों माना जाता है। साइंस की नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक रिसर्चरों का कहना है कि जब उन्होंने प्रयोगशाला में चूहे पर और कुछ इंसानों पर जांच की, तो इसके नुकसान पाए। उनके मुताबिक एनएएस आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया की क्रियाशीलता को प्रभावित करती है। रिसर्च पेपर में लिखा है कि हमारी रिपोर्ट में साफ जाहिर है कि एनएएस उसी बीमारी को बढ़ावा देती है, जिससे लड़ना उसका मकसद था। वैज्ञानिकों ने बताया कि कृत्रिम मिठास यानि एनएएस तीन तरह की होती हैं- एसपारटेम, सूक्रालोज और सैकरीन। प्रयोगशाला में जब चूहों को एनएएस दी गई, तो उनके शरीर में ग्लूकोस के लिए इंटॉलरेंस पाई गई, जबकि जिन चूहों को सामान्य पानी या पानी में चीनी घोलकर पिलाया गया, तो उन पर कोई फर्क नहीं पड़ा। अब इन दोनों ही तरह के चूहों के मल को उन रोडेंट्स को खिलाया गया, जिनकी खुद की आंतों में गट बैक्टीरिया नहीं होते। उन्होंने पाया कि कृत्रिम मिठास की गोलियां खाने वाले चूहों के मल को लेने वाले जीवों में ब्लड ग्लूकोस का स्तर तेजी से बढ़ गया। इसी टेस्ट को रिसर्चरों ने मनुष्य पर भी आजमाया। उन्होंने सात ऐसे लोगों को, जो कृत्रिम मिठास का सेवन नहीं करते, सात दिनों तक एनएएस का इस्तेमाल कराया। उन्होंने पाया कि चार से सात दिन के अंदर उनके ब्लड शुगर के स्तर में वृद्धि हो गई और आंतों के बैक्टीरिया भी प्रभावित हुए। आज भारत में 4.5 करोड़ व्यक्ति डायबिटीज (मधुमेह) का शिकार हैं। इसका मुख्य कारण है असंयमित खानपान, मानसिक तनाव, मोटापा, व्यायाम की कमी। इसी कारण यह रोग हमारे देश में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। डायबिटीज चयापचय से संबंधित बीमारी है। इसमें कार्बोहाइड्रेट और ग्लूकोज का ऑक्सीकरण पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। इसका मुख्य कारण है इंसुलिन की कमी। इंसुलिन नामक हार्मोन पेनक्रियाज की आइसलैट ऑफ लैगरहैंस द्वारा निकलता है, जो ग्लूकोज का चयापचय करता है। रक्त में ग्लूकोज की मात्रा सामान्य से ज्यादा तथा सामान्य से कम होना दोनों ही स्थितियां घातक सिद्ध होती हैं। इस रोग को प्रारंभिक अवस्था में आहार व्यायाम तथा दवाइयों द्वारा काबू में किया जा सकता है। डायबिटीज में आहार की भूमिका ऐसे रोगियों के आहार की मात्रा कैलोरी पर निर्धारित रहती है, जो कि प्रत्येक रोगी की उम्र, वजन, लिंग, ऊंचाई, दिनचर्या व्यवसाय आदि पर निश्चित की जाती है। इसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग आहार तालिका बनती है। हम यहां पर एक सामान्य डायबिटीज के रोगी की आहार तालिका दे रहे हैं। इसमें भोजन में समय एवं मात्रा पर विशेष ध्यान रखना अतिआवश्यक है। तभी आप इन सब चीजों को जानकर स्वस्थ रह सकते हैं और अपने परिवार को भी स्वस्थ रख सकते हैं।



**-स्रोत फीचर्स**

# कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन भयावह

हालिया जलवायु सम्मेलनों में नेट-जीरो उत्सर्जन काफी चर्चा में रहा। इसमें नेट शब्द का अर्थ है कि हम सिर्फ उत्सर्जन कम करने पर नहीं बल्कि कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण में हटाने पर भी ध्यान दें। एक विचार यह है कि सिर्फ उत्सर्जन कम करके हम 1.5 या 2 डिग्री वृद्धि का लक्ष्य नहीं पा सकेंगे। फिलहाल उड्डयन और नौपरिवहन ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े स्रोत हैं और आगे भी बने रहने की संभावना है। ऐसे में बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसलिए कार्बन डाईऑक्साइड रिमूवल (सीडीआर) की भी आवश्यकता है। सीडीआर का ऐतिहासिक तरीका पेड़ लगाना रहा है, लेकिन वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड हटाकर भूमि, समुद्र या अन्य स्थानों पर संग्रहित कर देना शायद अधिक टिकाऊ साबित हो।



वर्तमान में कई कंपनियां विभिन्न सीडीआर तकनीकों को जलवायु समाधान के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। इस विषय में प्राकृतिक कार्बन चक्र और हाल ही में सीडीआर तकनीकों पर काम कर रहे डेविड टी. हो लंबी अवधि के लिए सीडीआर तकनीकों को विकसित करने के पक्ष में तो हैं लेकिन थोड़े संशय में हैं। गौरतलब है कि पूर्व में डायरेक्ट एयर कैप्चर (डीएसी) तकनीक का छोटे स्तर पर प्रदर्शन किया गया था जो रासायनिक तरीकों से कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से बाहर करती है। इसके लिए 2022 में यू0एस0 बायपार्टीजन इंफ्रास्ट्रक्चर कानून ने चार डीएसी विकसित करने के लिए 3.5 अरब डॉलर का अनुदान देने का भी निर्णय लिया था, लेकिन डेविड के अनुसार यह प्रयास तब तक व्यर्थ है जब तक प्रदूषणकारी गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म न कर दिया जाए।

इसको इस तरह से समझें। हमें कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर को कई वर्ष पहले की स्थिति में ले जाना है। प्रत्येक डीएसी सुविधा से प्रतिवर्ष 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण से बाहर करने की उम्मीद है। अब देखिए कि 2022 में 40.5 अरब टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। यदि डीएसी संयंत्र वर्ष भर अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करते हैं तो इससे वातावरण की स्थिति को मात्र 13 मिनट पीछे ले जाया जा सकता है, लेकिन 13 मिनट में जितनी कार्बन डाईऑक्साइड हटाई जाएगी उतने ही समय में बाकी गतिविधियां साल भर की कार्बन डाईऑक्साइड वापस वातावरण में उंडेल देंगी। अब यह देखिए कि यदि हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए इन 8 अरब पेड़ों के परिपक्व होने के बाद हमारा वातावरण हर वर्ष 43 घंटे पीछे जा सकता है। कुल मिलाकर इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीडीआर तकनीकों की क्षमता कितनी सीमित है। ऐसे में सीडीआर तकनीकों को तत्काल समाधान के रूप में देखना उचित नहीं है। आने वाले समय में जलवायु समाधानों के लिए काफी धन आवंटित होने की उम्मीद है जिसका सही दिशा में उपयोग करना आवशयक है। यदि हम कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन के मौजूदा स्तर को लगभग 10 प्रतिशत यानी 4 अरब टन प्रति वर्ष तक कम करते हैं तो 10 लाख टन हटाने में सक्षम एक डीएसी संयंत्र हमें 13 मिनट के बजाय 2 घंटे से अधिक समय पीछे ले जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए एक निर्धारित वर्ष में नेट जीरो हासिल करने के लिए पूरी तरह से अक्षय ऊर्जा द्वारा संचालित 4000 डीएसी सुविधाओं की आवश्यकता होगी। इस तरह से अवशिष्ट उत्सर्जन संभवत: हमारे वर्तमान कुल उत्सर्जन का 18 प्रतिशत होगा, इसलिए नेट-जीरो तक पहुंचने के लिए कई सीडीआर स्थापित करने होंगे। तकरीबन 7290 डीएसी हब बनाना पर्याप्त होगा। साथ ही, सीडीआर विधियों की खोज के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है जो भूमि उपयोग और ऊर्जा खपत को कम करें तथा जिन्हें स्थाई और सस्ता बनाया जा सके। यह जरूरी नहीं कि प्रयोगशाला में सुचारू रूप से काम करने वाली तकनीकें वास्तविक दुनिया में भी वैसे ही काम करेंगी। इनमें से कुछ तकनीकें जैव विविधता और पर्यावरण के लिए हानिकारक भी हो सकती हैं। यह सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है कि सीडीआर वास्तव में कितना काम कर रहा है। **-साभार एसएफ**

गौरतलब है कि पूर्व में डायरेक्ट एयर कैप्चर (डीएसी) तकनीक का छोटे स्तर पर प्रदर्शन किया गया था जो रासायनिक तरीकों से कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से बाहर करती है। इसके लिए 2022 में यू0एस0 बायपार्टीजन इंफ्रास्ट्रक्चर कानून ने चार डीएसी विकसित करने के लिए 3.5 अरब डॉलर का अनुदान देने का भी निर्णय लिया था, लेकिन डेविड के अनुसार यह प्रयास तब तक व्यर्थ है जब तक प्रदूषणकारी गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म न कर दिया जाए। इसको इस तरह से समझें। हमें कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर को कई वर्ष पहले की स्थिति में ले जाना है। प्रत्येक डीएसी सुविधा से प्रतिवर्ष 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण से बाहर करने की उम्मीद है। अब देखिए कि 2022 में 40.5 अरब टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। यदि डीएसी संयंत्र वर्ष भर अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करते हैं तो इससे वातावरण की स्थिति को मात्र 13 मिनट पीछे ले जाया जा सकता है, लेकिन 13 मिनट में जितनी कार्बन डाईऑक्साइड हटाई जाएगी उतने ही समय में बाकी गतिविधियां साल भर की कार्बन डाईऑक्साइड वापस वातावरण में उंडेल देंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में तूफानों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 259 हुई

**मनीला।** फिलीपींस में हाल ही में आए दो शक्तिशाली तूफानों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 259 हो गई है और लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने बुधवार को कहा कि रविवार को आए शक्तिशाली तूफान फंग-वोंग ने कम से कम 27 लोगों की जान ले ली, जबकि दो अन्य अभी भी लापता हैं। यह तूफान उत्तर-मध्य लूजोन क्षेत्र को पार करते समय काफी कमजोर पड़ गया था।

### चीन का 758 मीटर लंबा नया होंगची ब्रिज ढहा

**बीजिंग।** चीन के सिंचुआन प्रांत में हाल ही में शुरू हुआ होंगची ब्रिज आंशिक रूप से ढह गया। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाया गया था और इसकी लंबाई करीब 758 मीटर है। सोमवार दोपहर पुल के आसपास की पहाड़ी ढलानों और सड़कों पर दरारें दिखाई दीं। पहाड़ की जमीन खिसकने लगी तो प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से पुल को तत्काल बंद कर दिया। मंगलवार दोपहर हालात और बिगड़ गए। पहाड़ी से भारी मात्रा में मिट्टी खिसकने के बाद पुल का एक हिस्सा टूटकर ढह गया।

### भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व श्रीलंकाई मंत्री गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री प्रसन्ना रणतुंगा को रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आयोग ने एक बयान में कहा कि रणतुंगा को 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आयोग के अनुसार यह मामला मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले चार संस्थानों के लिए एक नई बीमा योजना की खरीद से जुड़ा है।

### यूनान के पूर्वोत्तर द्वीपों बारिश व ओलावृष्टि से भारी क्षति

**एथेंस।** यूनान के उत्तर-पूर्वी एजियन द्वीपों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश और ओलावृष्टि होने से बाढ़ आई गई है और इसके कारण घरों, व्यवसायों और फसलों को काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लेसवोस द्वीप पर कल्लोनी शहर सबसे जयादा प्रभावित हुआ है। त्सिकनियास नदी के उफान पर आने से यहां की सड़कें, घर और कई दुकानें जलमग्न हो गईं। कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी 1-3 मीटर तक पहुंच गया, जबकि आपातकालीन दल इमारतों से पानी निकालने के लिए घंटों काम करते रहे।

# मुंबई जैसा शहर बन जाएगा न्यूयॉर्क: बैरी

## स्टर्नलिक्ट अमेरिकी अरबपति ने ममदानी की जीत पर जताई चिंता



■ कहा: उनके फैसले से शहर बदतर हो जाएगा

**वाशिंगटन।** न्यूयार्क सिटी के मशहूर रियल एस्टेट अरबपति बैरी स्टर्नलिक्ट ने आशंका जताई है कि ममदानी की लीडरशिप में शहर हालात बदतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क भी मुंबई के जैसा बन सकता है। दरअसल ममदानी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई बड़े वादे किए थे।

इनमें घरों के किराए को फ्रीज करना यानी बढ़ने से रोकना, शहर में मुफ्त बस सर्विस शुरू करना और छोटे बच्चों के लिए मुफ्त चाइल्डकेयर देना शामिल है। इसे लेकर स्टर्नलिक्ट का मानना है कि किराया फ्रीज करने और किरायेदारों को ज्यादा छूट देने से मकान मालिकों की हालत खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा: अगर एक किरायेदार किराया नहीं देता और उसे निकाला नहीं जा सकता, तो बाकी लोग भी नहीं देंगे। धीरे-धीरे पूरा सिस्टम टूट जाएगा और न्यूयार्क, मुंबई जैसा बन जाएगा। स्टारवुड कैपिटल ग्रुप के सीईओ स्टर्नलिक्ट ने कहा कि न्यूयॉर्क में पहले से ही रियल एस्टेट की लागत बहुत ज्यादा है और इसका एक बड़ा कारण मजदूर यूनियनें हैं। इन यूनियनों की वजह से किसी भी प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जाती है और आम लोगों के लिए घर बनाना या खरीदना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क में हर प्रोजेक्ट यूनियन के साथ करना पड़ता है, जिससे लागत बहुत बढ़ जाती है। यही वजह है कि यहां घर इतने महंगे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ममदानी सही मुद्दों की बात तो कर रहे हैं, जैसे कि शहर में ज्यादा घर बनाना जरूरी है, लेकिन इसे करना आसान नहीं होगा। उनके मुताबिक, अगर सरकार जरूरी मदद नहीं देगी और यूनियनें अपने नियमों में ढील नहीं देंगी, तो नए घर बनाना आर्थिक रूप से असंभव होगा। स्टर्नलिक्ट ने सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने याद दिलाया कि ममदानी पहले पुलिस विभाग के बजट में कटौती की बात कर चुके हैं। अगर लोगों को लगेगा कि उनके बच्चे सड़क पर सुरक्षित नहीं हैं, तो वे शहर छोड़ देंगे। अगर पुलिस को सम्मान और समर्थन नहीं मिला तो हालात बिगड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी पहले ही मिडटाउन मैनहटन से अपना दफ्तर शिफ्ट करने पर विचार कर रही है। आखिर में स्टर्नलिक्ट ने कहा कि उम्मीद है ममदानी इतिहास से सीखेंगे, क्योंकि समाजवाद अब तक दुनिया में कहीं भी सफल नहीं हुआ है। जोहरान ममदानी ने 4 नवम्बर को न्यूयार्क मेयर चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। उनका शपथ ग्रहण 1 जनवरी को होगा। ममदानी खुद को 'डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट' कहते हैं, यानी वे कार्पोरेट्स के बजाय आम लोगों की नीतियों के पक्षधर हैं।



नई दिल्ली। आईएसबीटी के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में रहने के कारण राजधानी की सड़कों पर धुंध की मोटी परत छाई।

## गाजा सिटी में शेख रादवान क्लीनिक के इलाके से 20 शव बरामद

**गाजा।** गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा है कि उसकी टीमों ने गाजा सिटी स्थित शेख रादवान क्लिनिक के पास 20 शव बरामद किए हैं। विभाग ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि ये शव क्लीनिक की परिधि में बेतरतीब ढंग से दबे हुए पाए गए थे और इनमें से जयादातर अज्ञात हैं। बयान में कहा गया है कि इलाके में लापता बताए गए अन्य लोगों की तलाश जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को अपनी दैनिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में एन्क्लेव के अस्पतालों में तीन शव और कई घायल लोग आए हैं। अधिकारियों के अनुसार, 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम लागू होने के बाद से 245 लोग मारे गए हैं और 623 अन्य घायल हुए हैं। बचाव दल ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों से 529 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सात अक्टूबर 2023 से गाजा युद्ध में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 69182 हो गई है और 170694 अन्य घायल हुए हैं।

# एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रम्प के तेवर

## कहा: अमेरिका को चाहिए टैलेंट, सिर्फ बेरोजगारों पर निर्भर नहीं रह सकते




■ नई वीजा नीति में लाया गया बड़ा बदलाव
■ अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है: ट्रम्प
■ मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अब तक के सख्त रुख से पीछे हटते हुए कहा है कि देश को विदेशी कुशल लोगों की जरूरत है। उन्होंने माना कि अमेरिका केवल लंबे समय से बेरोजगार बैठे लोगों पर निर्भर रहकर अपनी इंडस्ट्री और टेक्नोलाजी को आगे नहीं बढ़ा सकता। कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए, लेकिन हमें यह टैलेंट भी लाना होगा। अमेरिका को दुनिया में आगे बनाए रखने के लिए ये जरूरी है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितम्बर महीने में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद एच-1बी वीजा आवेदन की फीस में बड़ा इजाफा किया गया। अब नए वीजा के लिए 1500 डालर की जगह 1 लाख अमेरिकी डालर (लगभग 83 लाख रुपये) फीस देनी होगी। यह नियम 21 सितम्बर के बाद दाखिल किए गए सभी नए आवेदन या 2026 की वीजा लाटरी में शामिल होने वालों पर लागू होगा। हालांकि, जो लोग पहले से वीजा पर हैं या जिनके आवेदन पहले दिए गए हैं, वे इस नए नियम से प्रभावित नहीं होंगे। जब इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अमेरिका में पहले से काफी प्रतिभाशाली लोग हैं, तो ट्रम्प ने कहा कि नहीं, ऐसा नहीं है। कुछ खास स्किल्स ऐसी हैं जो हमारे पास नहीं हैं। आप बेरोजगारों को सीधा नहीं कह सकते कि चलो, अब मिसाइल बनाना सीखो। उन्हें ट्रेनिंग और अनुभव चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने जार्जिया राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां एक ह्युंडई बैटरी फैक्ट्री में जब दक्षिण कोरिया से आए कुशल मजदूरों को वापस भेजा गया, तो उत्पादन में भारी दिक्कतें आईं। उन्होंने कहा कि बैटरियां बनाना बहुत जटिल और खतरनाक काम है। कई विस्फोट की घटनाएं होती हैं। कोरिया से आए लोग इस काम में माहिर थे और वहीं से अमेरिकी कर्मचारियों को सिखा रहे थे। जब उन्हें भेज दिया गया, तो पूरी व्यवस्था ठप हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उनके पुराने रुख से बिल्कुल अलग माना जा रहा है।

पहले ट्रम्प विदेशी कामगारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते रहे हैं और कहते थे कि इससे अमेरिकी नौकरियां छिनती हैं। लेकिन अब उन्होंने खुद कहा है कि श्देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने में कई साल लगेंगे। तब तक हमें विशेषज्ञों को लाना ही होगा। अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लॉट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है। दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। विदेश छात्रों को लेकर अपने रुख में यू-टर्न लिया है। ट्रम्प ने कहा है कि विदेशी छात्रों को अमेरिका में पढ़ाई की अनुमति मिलती रहनी चाहिए, क्योंकि वे न सिर्फ देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं बल्कि विश्वविद्यालयों की आर्थिक स्थिति को भी संभालते हैं।

## भारत, अमेरिका और जापान के साथ मालाबार 2025 में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हुआ

**नई दिल्ली।** भारत, जापान और अमेरिका के साथ मालाबार अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हो गया है। यह एक प्रमुख समुद्री अभियान है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक सहयोग को दर्शाता है। यह अभ्यास क्षेत्रीय साझेदारों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने और समुद्री क्षेत्र में सामूहिक सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अधिकारिक सूत्रो ने कहा कि मालाबार अभ्यास ऑस्ट्रेलिया और हमारे सहयोगी देशों को साझा चुनौतियों का समाधान कर, सामूहिक क्षमताओं को समन्वित करके और वैश्विक जुड़ाव में कमियों को दूर हिंद-प्रशांत सुरक्षा को मज़बूत करने में सक्षम बनाता है। संयुक्त अभियानों के प्रमुख, वाइस एडमिरल जस्टिन जोन्स एओ, सीएससी, आरएएन ने कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियां तेज़ी से विकसित हो रही हैं इसलिए साझेदारियां और संयुक्त अभ्यास पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

# भूटान के चतुर्थ नरेश वांगचुक से मिले मोदी

■ कालचक्र अनुष्ठान का उद्घाटन किया

**थिम्पू (भूटान)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां थिम्पू में भूटान के चतुर्थ नरेश जिग्मे सिग्ए वांगचुक से मुलाकात की और उन्हें 70 वीं जयंती के अवसर पर बधाई दी। दो दिन की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे मोदी ने नरेश वांगचुक को बधाई देते हुए सरकार और लोगों की ओर से नरेश के निरंतर अच्छे स्वास्थ्य एवं कुशलता की कामना की। प्रधानमंत्री ने भारत-भूटान मैत्री को और सुदृढ़ बनाने में उनके नेतृत्व, परामर्श और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने दोनों देशों के लोगों को करीब लाने वाले साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों के महत्व पर बल दिया। मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि महामहिम चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो के साथ एक अद्भुत बैठक हुई। भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में वर्षों से उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और संपर्क में सहयोग पर चर्चा की। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना में प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। मोदी थिम्पू में चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के एक भाग के रूप में चांगलिमथांग स्टेडियम में कालचक्र दीक्षा समारोह में भूटान नरेश, भूटान के चतुर्थ नरेश और भूटान के प्रधानमंत्री के साथ शामिल हुए और इस का उद्घाटन किया। प्रार्थना की अध्यक्षता भूटान के मुख्य मठाधीश परम पावन जे खेंपो ने की। बाद में मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और महामहिम चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो के साथ कालचक्र 'समय का पहिया' अभिषेक का उद्घाटन करने का सम्मान प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता परम पावन जे खेंपो ने की, जिसने इसे और भी विशेष बना दिया। यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए महान सांस्कृतिक महत्व वाला एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। कालचक्र अभिषेक चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है, जिसने बौद्ध धर्म के भक्तों और विद्वानों को भूटान में एक साथ लाया है।

# अमेरिकी विमानवाहक पोत कैरिबियन पहुंचा

■ वेनेजुएला के साथ तनाव बढ़ा

**वाशिगटन।** दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड, कैरिबियन सागर में पहुंच गया है। अमेरिकी नौसेना ने यह जानकारी दी है।

इससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि ट्रंप प्रशासन मादक पदार्थ-आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को निशाना बना रहा है। गेराल्ड आर. फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की तैनाती के साथ कैरिबियन में अमेरिकी सेना की संख्या बढ़कर अब 15000 से अधिक हो गई है जो इस क्षेत्र में दशकों में सबसे बड़ा सैन्य जमावड़ा है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि ये सुरक्षा बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों को कम करने तथा उन्हें खत्म करने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे। लगभग 4000 से जयादा नाविकों और दर्जनों सामरिक विमानों को ले जाने वाला यह प्रथम श्रेणी का वाहक अपने अभियानों में सहायता के लिए दिन-रात एक साथ स्थिर-पंख वाले विमानों को उड़ान भरने और उतरने में मददगार है। बयान में कहा गया है कि गेराल्ड आर-फोर्ड के साथ स्ट्राइक समूह में कैरियर एयर विंग आठ के नौ स्क्वाड्रन, विध्वंसक स्क्वाड्रन दो के आर्ले बर्क-श्रेणी के निर्देशित-मिसाइल विध्वंसक यूएसएस बैनब्रिज और यूएसएस महान, और एकीकृत वायु एवं मिसाइल रक्षा कमान जहाज यूएसएस विस्टन एस. चर्चिल शामिल हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान (साउथकॉम) के कमांडर एडमिरल एल्विन होल्सी ने कहा कि यह तैनाती पश्चिमी गोलार्ध और अमेरिकी भूमि की सुरक्षा के हमारे संकल्प को मज़बूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि दो सितम्बर के बाद से अमेरिकी सेना ने कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थों को ले जा रही 19 नौकाओं को डुबो दिया है। इस अभियान में उनमें सवार कम से कम 76 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रपति मादुरो ने बार-बार अमेरिकी कार्रवाइयों की निंदा करते हुए इसे अपनी सरकार को अपदस्थ करने और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी सैन्य प्रभाव का विस्तार करने का प्रयास बताया है।

# शटडाउन के बीच गहराया भूख का संकट




■ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थाई रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ाया-

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के चलते अब भूख का संकट गहरा होता दिख रहा है। कारण है कि एक तरफ जहां शटडाउन के जल्दी खत्म होने की बात खूब सुर्खियां बटोर रही हैं।

तो दूसरी ओर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) यानी खाद्य सहायता योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थाई रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अदालत का यह आदेश गुरुवार रात तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला ऐसे समय आया है जब संकेत मिल रहे हैं कि सरकारी शटडाउन जल्द खत्म हो सकता है और इससे करोड़ों लोगों को मिलने वाली फूड सहायता बहाल हो सकती है। एसएनएपी कार्यक्रम के तहत करीब 4.2 करोड़ अमेरिकी नागरिकों को खाने-पीने की चीजें खरीदने में मदद मिलती है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से राज्यों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ राज्यों में लाभार्थियों को पूरा मासिक राशन मिल चुका है, जबकि कुछ को आंशिक या बिल्कुल नहीं मिला। अदालत ने फिलहाल कोई बड़ा कानूनी फैसला देने से परहेज करते हुए स्थिति को अस्थाई रूप से यथावत रखा है। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में कुछ लोगों को नवम्बर का पूरा लाभ मिल गया, लेकिन कई लोगों को अब तक कुछ नहीं मिला। 41 वर्षीय जिम मलियार्ड जो अपनी बीमार पत्नी और बेटी की देखभाल करते हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले दो हफ्तों से 350 डालर की मासिक एसएनएपी सहायता नहीं मिली। अब उनके पास सिर्फ +10 बचे हैं और परिवार चावल व इंस्टेंट नूडल्स पर गुजारा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर रात खर्च गिनता हूं ताकि परिवार का पेट चल सके। चिंता मेरी सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है। इस संकट के बीच कई आम नागरिक मदद के लिए आगे आए हैं। न्यूयार्क की शिक्षिका एशली आक्सेनफोर्ड ने अपने घर के सामने 'लिटिल फूड पैंट्री' लगाई ताकि जरूरतमंद पड़ोसियों को खाना मिल सके। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने शटडाउन के कारण अक्टूबर के बाद एसएनएपी फंडिंग रोकने का निर्णय लिया था, जिससे देशभर में मुकदमे शुरू हो गए। कुछ अदालतों ने सरकार को कम से कम आंशिक भुगतान करने का आदेश दिया, जिसके बाद प्रशासन ने 65 प्रतिशत तक लाभ देने की बात मानी।

# अफगान में फिर हमला कर सकता है पाक

## राजधानी इस्लामाबाद में धमाके के बाद रक्षा मंत्री आसिफ बोले: हम कार्रवाई पर मजबूर



■ अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले को नकारा नहीं जा सकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की जा सकती है। ख्वाजा ने यह बयान मंगलवार को इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा में हुए हमलों के बाद दिया। एक इंटरव्यू में जब आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान इन हमलों का जवाब देगा, तो उन्होंने कहा खुदा ने चाहा तो जरूर जवाब देंगे।

अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हुए हमलों के बाद पाकिस्तान कार्रवाई करने पर मजबूर है। इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हुए। आत्मघाती बम विस्फोट को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अलग-अलग दावे किए हैं। पीएम शहबाज ने इस हमले के लिए भारत को जिम्मेदार बताया है। जबकि रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान सरकार पर हमले का आरोप लगाया। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि अफगानिस्तान की धरती से पाकिस्तान में आतंकियों की घुसपैठ कराई जा रही है। उनके मुताबिक पिछले एक साल में 2500 से 3000 आतंकियों को पाकिस्तान में भेजा गया। अब ये लोग अलग-अलग इलाकों में मौजूद हैं। मरने वाले आतंकियों में 55 प्रतिशत अफगानी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान आश्वासन पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि अफगान सरकार पर उनके अपने लोग भी भरोसा नहीं करते। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी (एपी) के मुताबिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे। वाना इलाका लंबे समय से पाकिस्तानी तालिबान, अल-कायदा और अन्य चरमपंथी संगठनों का गढ़ माना जाता है। सेना की कार्रवाई में 2 आतंकी मारे गए थे, जबकि 3 आतंकी कालेज कैंपस में घुसने के बाद एक इमारत में घिर गए।

## जॉर्जिया में विमान दुर्घटना, तुर्की के सभी 20 सैनिकों की मौत

**अंकारा।** तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त सी-30 मालवाहक विमान में सवार सभी 20 सैनिकों की मौत हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद तुर्की और जॉर्जिया के अधिकारियों ने समन्वित खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय के अनुसार अज़रबैजान से तुर्की जा रहे इस विमान का जॉर्जियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के 27 मिनट बाद रडार से संपर्क टूट गया और यह अज़रबैजानी सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर जॉर्जिया के सिग्नागी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## कैंसर से लड़ाई में इन्सान को मिल रहा बैक्टीरिया का साथ

**नई दिल्ली।** शरीर के किसी भाग में बाहर से बैक्टीरिया डालने की बात सुन कर किसको डर नहीं लगेगा? कारण है कि बैक्टीरिया की बात होते ही उससे पैदा होने वाली न्यूमोनिया और हैजा जैसी गंभीर बीमारियां याद आ जाती हैं। लेकिन अब कैंसर जैसी दुस्साध्य बीमारी से लड़ाई में बैक्टीरिया को एक कारगर हथियार के रूप में विकसित किया जा रहा है। वैज्ञानिक कैंसर के इलाज में बैक्टीरिया के प्रयोग पर काम कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही बैक्टीरिया को इस प्रकार साधने में सफल हो जाएगे कि शरीर में डाले गए बैक्टीरिया कैंसरग्रस्त कोशिकाओं को तेजी से ढूंढ-ढूंढ कर नष्ट करने वाली जीती-जागती मशीन बन जाएंगे। यही नहीं, बैक्टीरिया अपना काम पूरा कर बिना कोई और असर छोड़े लुप्त हो जाएंगे। वेबसाइट 'द कन्वर्सेशन' में प्रकाशित जोसेफिन राइट और सुसन वुड्स की एक अनुसंधान रिपोर्ट में बैक्टीरिया से कैंसर चिकित्सा जैसे इस जटिल विषय पर प्रकाश डाला गया है।

